आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 18 अप्रैल, 2024 | 6 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 120, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:48

आज का तापमान

शिमला	10.4 न्यू	24.2 अधि
धर्मशाला	13.4 न्यू	27.4 अधि

बाजार

सैंसेक्स	72943 .68
निफ्टी	22147 .90
सोना 74,130	चांदी 86,327

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

करे हर सीमा पार

रामलला का अभिषेक

रामलला का अभिषेक पूरे विधि विधान से किया गया। इसके बाद रामलला को गुलाबी वस्त्र में फूलों से बना दिव्य हार धारण कराया गया, जिस पर सूर्य का चिन्ह बना है। सोने का मुकुट व रतन जड़ित हार आदि आभूषण भी पहनाए गए।

अयोध्या में रामलला का दिव्य सूर्य तिलक

एजेंसी, अयोध्या

अयोध्या में 500 साल बाद रामनवमी पर रामलला का एक हजार करोड़ रुपए से निर्मित भव्य महल में जन्मदिन मनाया गया। अभिजीत मुहूर्त में सूर्यवंशी भगवान राम के मस्तक पर दोपहर 12:16 बजे सूर्य की किरणों से तिलक किया गया। मस्तक पर तीन मिनट तक नीली किरणें पड़ीं।

कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से रामलला का अभिषेक किया। यह विज्ञान और इंजीनियरिंग के अद्भुत प्रयोग से सफल हुआ। रामलला का 'सूर्य तिलक' दर्पण और लैंस से युक्त एक विस्तृत यंत्र के माध्यम से किया गया। इस यंत्र के जरिए सूर्य की किरणें भगवान राम की मूर्ति के माथे पर पहुंचीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन किया था और नए मंदिर में राम मूर्ति की प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है।

ऐसे हुआ सूर्य तिलक

- **50** फीसदी घटाई किरणों की गर्मी
- **4** मिरर
- **4** लैंस
- अष्टधातु की **20** पाइपें
- **65** फुट का सिस्टम
- गर्म किरणें रामलला के मस्तक पर न पड़ें, इसलिए फिल्टर का इस्तेमाल किया

- बेंगलुरु की कंपनी ने स्पेशल सिस्टम किया था तैयार
- कंपनी ने अष्टधातु की 20 पाइपों से बनाया था यह अद्भुत सिस्टम
- कंपनी ने 1.20 करोड़ का यह सिस्टम मंदिर को कर दिया है दान

अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:16 बजे 3 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें

- हर पाइप की लंबाई करीब एक मीटर
- फर्स्ट फ्लोर की सीलिंग से जोड़ते हुए मंदिर के अंदर लाया गया।

नंगे पैर और सीने पर हाथ, पीएम मोदी ने हेलिकॉप्टर से लाइव देखा 'सूर्य तिलक'

नलबाड़ी। पीएम मोदी ने असम में जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलिकॉप्टर में ही ऑनलाइन रामलला के 'सूर्य तिलक' के अद्भुत पल को देखा। वीडियो को देखने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जूते उतार दिए। इस दौरान हृदय पर हाथ रखकर और शीश झुकाकर भगवान राम को नमन करते नजर आए। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि यह मेरे के लिए भावुक क्षण है। श्रीराम जन्मभूमि का यह बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है।

कहा- यह मेरे लिए भावुक क्षण

यह सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

आज का मैच

पंजाब किंग्स vs मुंबई इंडियंस

स्थानः मुल्लांपुर, समय : रात 7:30 बजे

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

आज के अंक में

- सीएम को बचानी है साख और सरकार, दांव पर भाजपा की प्रतिष्ठा पेज-3
- खड़ामुख-होली मार्ग पर आवाजाही बंद पेज-9
- रेट कम होने से आम आदमी की थाली में दिखने लगी हरी सब्जियां पेज-13
- नक्सलियों की मौत से बौखलाए आंतकियों ने बस्तर में की भाजपा नेता की हत्या पेज-14

गुलाम नबी आजाद ने लोकसभा चुनाव न लड़ने का किया ऐलान

नई दिल्ली। गुलाम नबी आजाद ने ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इससे पहले उन्हें उनकी ही पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने अनंतनाग बारामूला सीट से उम्मीदवार बनाया था, जहां से अब उन्होंने नाम वापस ले लिया है। गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग में पार्टी बैठक में लोकसभा चुनाव न लड़ने की घोषणा की। अब इस सीट पर सीधा मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच होगा।

अनुराग बोले- अब दुनिया के कोने कोने में मनाई जाएगी रामनवमी

अनंत ज्ञान, नादौन

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने जिले के कांगू के प्रसिद्ध मंदिर माता बगलामुखी मंदिर बुढाना में धार्मिक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते ही अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हो पाया है, जिससे करोड़ों हिंदुओं की मनोकामना पूरी हुई है। मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले पांच साल में कितने बदलाव आए हैं। आने वाले समय में अब दुनिया के कोने-कोने में रामनवमी मनाई जाएगी। लोकसभा चुनावों को लेकर देश में एनडीए के पक्ष में खासा उत्साह है। देशवासियों के उत्साह के चलते एनडीए इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतकर देश को और ऊंचाइयों तक ले जाएगी। वहीं, इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि पीएम मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया है।

पुंछ में आतंकी साजिश नाकाम, दो आईईडी बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया है। सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान बुधवार को पुंछ जिले में दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की टीम ने पुंछ जिले के मेंढर में आतंकवादी ठिकाने का पता लगाकर दो आईईडी बरामद किए। सुरक्षाबलों ने आईईडी को नियंत्रित तरीके से नष्ट कर दिया है।

पूर्व विधायक राकेश कालिया की कांग्रेस में वापसी

अनंत ज्ञान, गगरेट

दिल्ली में राकेश कालिया को पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करते राजीव शुक्ला।

ऊना जिले के गगरेट विधानसभा से पूर्व विधायक राकेश कालिया की 18 महीने बाद पार्टी में वापसी हो गई है। दिल्ली में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

गगरेट विधानसभा उपचुनाव में अब राकेश कालिया को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चाएं हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का टिकट कटने पर पूर्व विधायक राकेश कालिया ने भाजपा का दामन थाम लिया था। उस दौरान कांग्रेस ने युवा चैतन्य शर्मा को टिकट दिया था। चैतन्य शर्मा गगरेट से चुनाव जीत गए थे।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार थमा

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार-प्रसार बुधवार शाम को थम गया। इसके साथ ही मतदान से 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभा, रोड शो और जुलूस के कार्यक्रमों पर रोक लग गई। प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन पीएम मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी ने चुनावी जनसभाएं कीं।

पहले चरण की 102 सीटों में सबसे ज्यादा तमिलनाडु की 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्यप्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, , मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम की एक, त्रिपुरा की एक, पश्चिम बंगाल की तीन, जम्मू-कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्ष्यद्वीप और पुडुचेरी की एक सीट पर मतदान होगा।

जनसभाओं में हेलिकॉप्टर इस्तेमाल की दें जानकारी

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में इस्तेमाल होने वाले हेलिकॉप्टरों का विवरण देने को कहा है, जिसमें गंतव्य और उसमें सवार लोगों का ब्यौरा देना होगा। 24 घंटे पहले सूचित करना होगा।

शिलाई में पिकअप खाई में गिरी, दो की मौत

पांवटा साहिब। सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

मंगलवार देर रात करीब 8 बजे पिकअप शिलाई नाया रोड पर कॉलेज कैंची के समीप पहुंची तो चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप खाई में गिर गई। डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह ने बताया कि पिकअप हादसे में दो युवकों की मौत हुई है, जबकि तीसरा युवक घायल हुआ है। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय का राहुल और 19 वर्षीय योगेश के रूप में हुई है। 28 वर्षीय अमित हायर सेंटर रेफर किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

शंभू बॉर्डर पर किसानों ने किया रेलवे ट्रैक जाम; 34 ट्रेनें प्रभावित, 11 रद्द

एजेंसी, नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। किसान यूनियनों ने हाल ही में गिरफ्तार किए तीन किसान कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर शंभू सीमा पर रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया।

पुलिस की तैनाती के बावजूद किसानों ने रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाली सड़क पर की गई बैरिकेडिंग को हटा दिया और रेलवे ट्रैक पर जाकर बैठ गए। प्रदर्शनकारी किसान ने रेलवे ट्रैक के बीच में तंबू लगा दिए हैं। आंदोलन के चलते 11 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और 34 अन्य ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। वहीं, रेलवे अधिकारियों ने शंभू स्टेशन पर नाकेबंदी को ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनों के रूट को छोटा करने के अलावा विभिन्न ट्रेनों के रूट को डायवर्ट कर दिया है।

किसान यूनियन के नेता मंजीत सिंह राय ने बताया कि पंजाब और हरियाणा के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि तीनों किसानों को रिहा कर दिया जाएगा।

गिरफ्तार किसानों की रिहाई पर अड़े

खुलासा यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड एजेंसी ने जारी की रिपोर्ट, 144 करोड़ से ज्यादा पहुंची जनसंख्या

77 साल में भारत की जनसंख्या दोगुनी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो गई है, जो 144.17 करोड़ पहुंच चुकी है। यह खुलासा यूनाइटेड नेशन्स की हेल्थ एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) की रिपोर्ट में हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2006-2023 के बीच 23 फीसदी बाल विवाह हुए हैं। साथ ही डिलीवरी के समय होने वाली महिलाओं की मौतों की संख्या में कमी आई है। भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कुल आबादी का 24 फीसदी हिस्सा 0-14 साल के लोगों का है। 15-64 साल की संख्या सबसे ज्यादा 64 फीसदी है। पुरुषों की औसत आयु 71 और महिलाओं की 74 साल है।

144.17 करोड़ भारतीय

आयु वर्ग	आबादी
0-14	24%
10-19	17%
10-24	26%
15-64	68%
65+	7%

दिव्यांग महिलाओं से यौन हिंसा का खतरा बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिव्यांग महिलाओं से यौन हिंसा का खतरा दिव्यांग पुरुषों की अपेक्षा 10 गुना अधिक है। दिव्यांग, प्रवासी-शरणार्थी, अल्पसंख्यक, एचआईवी पीड़ित और वंचित-दलित वर्गों की महिलाओं को अब भी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में सुधार का लाभ मुख्य रूप से धनी महिलाओं और उन जातीय समूहों से संबंधित लोगों को हुआ है, जिनके पास पहले से ही स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच थी।

सेक्सुअल हेल्थ में 30 साल में सबसे बेहतर भारत

यूएनएफपीए की रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में सेक्सुअल और रिप्रोडक्टिव हेल्थ 30 सालों के सबसे बेहतर स्तर पर है।

यही कारण है कि डिलीवरी के दौरान होने वाली मौतों की संख्या में भी गिरावट आई है। दुनिया में हो रही ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 फीसदी है। वहीं 2006-2023 के बीच हुए कुल विवाहों में 23 फीसदी बाल विवाह है। जिनमें लड़के और लड़की की उम्र 21 और 18 साल से कम थी।

इसराइल की हमास के 40 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

एजेंसी, तेल अवीव

ईरान के हमलों से तिलिमिलाए इसराइल ने लेबनान के बाद गाजा पट्टी पर 24 घंटे में 40 बार एयर स्ट्राइक की है। फाइटर जेट्स ने हमास आतंकियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ बमबारी की। मिसाइलें और रॉकेट्स दागे हैं।

जमीनी लड़ाई में इसराइली सैनिकों ने दर्जनों हमास आतंकियों को मार गिराया है। इस हमले में रॉकेट लॉन्चर्स का भी इस्तेमाल किया गया है। हमले एकदम सटीक तरीके से हमास के ठिकानों पर ही किए जा रहे है। ऑपरेशन के दौरान नुसरत कैंप के बाहरी इलाके में इसराइली सैनिकों ने हमास आतंकियों का ढेर कर दिया है। यहां पर कई ठिकाने उनके कब्जे में थे, जिन्हें इसराइल ने पूरी तरह से

इसराइल पर हमले के बाद अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के निशाने पर आया ईरान

बर्बाद कर दिया है। वहीं, इसराइल पर हमले के बाद अमेरिका और यूरोपियन यूनियन ने ईरान को निशाने पर लेकर कहा है कि वो ईरान पर नई पाबंदियां लगाने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट येलेन ने कहा है कि आने वाले दिनों में इस दिशा में कदम उठाए जा सकते हैं। वहीं, यूरोपियन यूनियन की विदेश नीति के चीफ जोसेप बोरेल कहना है कि ब्लॉक इस पर काम कर रहा है। ईरान ने पिछले हफ्ते इसराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे थे। इसराइल ने लगभग सभी ड्रोन और मिसाइल मार गिराने का दावा किया था।

कांगड़ा के शक्तिपीठों में रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

श्री नगरकोट बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में हवन के साथ चैत्र नवरात्र संपन्न

आशीष दमीर, कांगड़ा

श्री नगरकोट बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र की रामनवमी को आस्था का सैलाब देखने को मिला। रामनवमी को मंदिर में भक्तों द्वारा कन्या पूजन किया गया। इसी के साथ मंदिर प्रशासन ने हवन यज्ञ कर पूर्णाहुति डाल कर इन चैत्र नवरात्र का समापन किया। रामनवमी के अवसर पर 8000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। इस दौरान एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल जहां अपने परिवार सहित उपस्थिति थे वहीं उनके साथ मंदिर अधिकारी मोहित रतन ने भी हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। नौ दिन तक चलने वाले इन नवरात्र में मंदिर प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो इसके लिए प्रशासन ने दिन रात एक कर दिया। मंदिर अधिकारी मोहित रतन ने बताया कि इस सफल आयोजन के लिए मंदिर प्रशासन सभी का आभारी है। बुधवार को सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालु कतारों में लगकर मां के जयकारों के साथ क्रमवार दर्शन करते दिखे। अष्टमी के दिन श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं द्वारा 5 लाख 30 हजार 245 रुपए मां के चरणों में अर्पित किए गए। (अनंत ज्ञान)

भक्तों ने मंदिर में किया कन्या पूजन

श्री नगरकोट बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में रामनवमी पर आयोजित हवन-यज्ञ में पूर्णाहुति डालते एसडीएम इशांत जसवाल,मंदिर अधिकारी मोहित रतन व अन्य।

चामुंडा में डीसी ने डाली यज्ञ में पूर्णाहुति

वॉबी गोस्वामी, चामुंडा

नौ से 17 अप्रैल तक चलने वाले चैत्र नवरात्र का पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। बुधवार को रामनवमी के दिन चामुंडा मंदिर में मंदिर आयुक्त एवं जिलाधीश कांगड़ा हेम राज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर यज्ञशाला में पूर्णाहुति के साथ नवरात्र का समापन किया।

इस मौके पर मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर, मुख्य यजमान सुभाष, सहायक यजमान अविनाश, न्यास सदस्य मिक्की के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस बार नवरात्र के दौरान यज्ञशाला में शतचंडी दुर्गा पाठ, रुद्राभिषेक, सवा लक्ष गायत्री जाप, रामायण पाठ, देवी भागवत पुराण पाठ, दुर्गा बीज मंत्र जाप, प्रतिदिन गणपति ,दुर्गा, नवग्रह, कलश एवं मंडप में स्थापित देवों का पूजन किया गया। इस बार नवरात्र के दौरान न कोई अनहोनी घटना घटी और न ही किसी श्रृद्धालु की जेब कटी और न ही कोई बच्चा गुम हुआ जिसके लिए पुलिस बल,होमगार्ड के जवान और पूरे मंदिर प्रशासन के कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। नवमी के दिन भी श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन कर नवरात्र का समापन किया। नवमी के दिन 10 हजार श्रद्धालुओं ने मां चामुंडा और नंदीकेश्वर भोले नाथ का आशीर्वाद लिया। (अनंत ज्ञान)



चामुंडा मंदिर में नवरात्र के समापन अवसर पर यज्ञ में आहुतियां डालते मंदिर आयुक्त एवं जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा व अन्य।

12 हजार भक्तों ने किए मां ज्वालाजी के दर्शन

पंकज सोनी, ज्वालामुखी

शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी मंदिर में चैत्र नवरात्र के आठवें नवरात्र पर मां के भक्तों ने 11 लाख 96 हजार 213 रुपए का नकद चढ़ावा मां के चरणों में अर्पित किया। मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि नवमी को लगभग 12 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। नवरात्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए है। प्रशासन ने हर प्रकार की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध करवाई। सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रही। मंदिर कर्मचारियों, पुजारी वर्ग, शहरवासियों व समस्त विभागों के सहयोग से श्रावण अष्टमी नवरात्र शांतिपूर्वक संपन्न हुए। (अनंत ज्ञान)

आठवें नवरात्र पर 11 लाख 96 हजार रुपए चढ़ा चढ़ावा

शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी मंदिर में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मां की पवित्र ज्योति ले जाते श्रद्धालु।

कुनाल पथरी मंदिर में लगा भक्तों का तांता

धर्मशाला। रामनवमी व अंतिम नवरात्र के उपलक्ष्य पर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। धर्मशाला से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित कुनाल पथरी मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य पर पूरा दिन भक्तों का भारी तांता देखने को मिला। वहीं मंदिर के पुजारी संजीव गौतम ने बताया की मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। नवरात्र के अंतिम दिन लगभग पांच हजार के करीब भक्तों ने माथा टेका। 9 दिनों की बात करें तो करीब 30 से 35 हजार के करीब भक्त कुनाल पथरी मंदिर पहुंचे जहां नवरात्र के हर दिन भक्तजनों के लिए लंगर सेवा का आयोजन किया गया। वहीं मंदिर के इतिहास की बात करें तो यह मंदिर माता सती के 51 शक्तिपीठों में से एक है जहां पर माता का कपाल गिरा था। यहां पर माता के कपाल की पूजा की जाती है। मान्यता है कि मंदिर में स्थित यह कपाल पुरा वर्ष पानी से भरा रहता है तथा इस पानी को प्रसाद के रुप में ग्रहण करने से चर्म रोग दूर होते हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू की लोकप्रियता से घबराई भाजपा : राजेश शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपनी पांच चुनावी गारंटियां पूरी कर दी हैं और शेष गारंटियां भी जल्द पूरी करने को प्रतिबद्ध है। पुरानी पेंशन बहाल कर के प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को राहत प्रदान की है। यह बात प्रेस को जारी बयान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कही । उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश की बहनों को हर महीने 1500 रुपए देने का एलान किया और इसके लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी, लेकिन भाजपा नेताओं ने इस प्रक्रिया को रुकवा कर बहनों को मिलने वाले हक से वंचित कर दिया, जिसका जवाब महिलाएं आने वाले चुनावों में देगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ा है, इसलिए भाजपा घबरा गई है और चुनावों की आड़ में 1500 रुपए वाली स्कीम को रुकवा दिया, लेकिन कांग्रेस सरकार जून में दो महीनों का पैसा महिलाओं में खातों में डालेगी। राजेश शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस हिमाचल में चारों लोकसभा एवं छह विधानसभा सीटें जीतेगी।

मुंबई के किशन बज्रेश्वरी मंदिर में 14 साल से लगा रहे लंगर

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

मुंबई तिलक नगर के निवासी किशन शर्मा की मां बज्रेश्वरी के प्रति अटूट आस्था है। किशन शर्मा का कहना है कि साल 2010 में एक मित्र के माध्यम से मां बज्रेश्वरी के दर पर पहली बार आना हुआ, यहां आने के उपरांत मन को एक असीम शांति मिली और मन में मां के भक्तों के लिए लंगर लगाने का विचार आया।

किशन ने पहली बार वर्ष 2010 में मां के भक्तों के लिए लंगर लगाया और तब से लेकर आज तक यह क्रम लगातार चलता आ रहा है। उनके द्वारा यह लंगर वर्ष में आने वाले शरद कालीन और ग्रीष्मकालीन दोनों नवरात्र के दौरान लगाया जाता है। किशन शर्मा लंगर का सारा सामान मुंबई से ही अपने साथ लेकर आते हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा कृष्ण शर्मा को प्रशस्ति पत्र दिया गया है और उनका कहना है किशन शर्मा जैसे व्यक्तित्व के इंसान समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। किशन शर्मा का कहना है कि मां की कृपा सब भक्तों और उन पर हमेशा ऐसे ही बनी रहे, जिससे वे इसी तरह हर वर्ष भक्तों के लिए लंगर लगाते रहें।

इस वर्ष किशन शर्मा के साथ पिंकी, नमन, नरसिंह, रानी, सुमन, सोनिया, मीरा, गौरव धनगर, डीलर भगेल, सरोज देवी, राजवती, मोनू, वेनि, प्रिंस, भवानी शंकर, संजय, भूदेव सिंह, जानवी, कृष्णा, दिव्या, विजेन और बॉबी आदि मौजूद रहे।

शरद कालीन और ग्रीष्मकालीन नवरात्र में करते हैं सेवा

श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में मुंबई निवासी किशन शर्मा परिवार सहित लंगर लगाते हुए।

मारपीट करने पर मामला दर्ज

हमीरपुर। हमीरपुर थाना के अंतर्गत आने वाले गांव हरसन के अजय कुमार पुत्र सीताराम ने मारपीट को लेकर अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर मामला दर्ज करवाया है जिसकी पुष्टि एसपी राजेश कुमार ने की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार पुत्र सीताराम जो की हरसन गांव का निवासी है अपने आंगन में कुछ काम कर रहा था। इसी दौरान उसी के गांव के पवन कुमार पुत्र अर्जुन कुमार ने लकड़ी के डंडे से उसके साथ मारपीट की है जिसको लेकर अजय कुमार ने पुलिस थाना हमीरपुर में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने धारा 477 323 504 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन की जा रही है।

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला

आरोपी छत्तीसगढ़ किए शिफ्ट

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

करीब 6000 करोड़ रुपए से ऊपर के महादेव ऐप सट्टेबाजी घोटाले में दो आरोपियों को छत्तीसगढ़ भेज दिया गया है। इस मामले में अब जांच फिर से प्रर्वतन निदेशालय के पाले में आ गई है। मंगलवार रात को करीब आधा दर्जन पुलिस टीम के साथ दोनों को छत्तीसगढ़ ले जाया गया। धर्मशाला पुलिस दोनों को कोर्ट के स्पेशल प्रोडक्शन वारंट के आधार पर छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल से ट्रांजिट रिमांड पर लाई थी। यहां पुलिस रिमांड के बाद अब ऐप के पैनल ऑपरेटर गिरिश दीवान तथा गिरिश तलरेजा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी की जांच के चलते इन्हें अब रायपुर जेल में शिफ्ट किया गया है। रिमांड के दौरान धर्मशाला पुलिस ने आरोपी से धर्मशाला में युवकों के बैंक खाते से 65 लाख रुपए के लेन-देन के बारे में गहन पूछताछ की। (अनंत ज्ञान)

मंगलवार रात को रायपुर रवाना हुई पुलिस टीम

विदेश तक फैला था 6000 करोड़ रुपए का धंधा

यह है मामले का धर्मशाला कनेक्शन

ऐप के तहत पैसे के अवैध लेन-देन के लिए गिरोह को बैंक खातों की जरूरत होती थी। 15 जून 2023 को चुराह निवासी अनिल ने धर्मशाला पुलिस थाने में शिकायत दी थी कि फटाहर निवासी साहिल ने उसके तथा पीजी में रह रहे अन्य युवकों के बैंक खाते खुलवाए थे। कोतवाली बाजार केनरा बैंक में 20 फरवरी 2023 को खाता खुलवाया था, लेकिन आरोपी ने उसे बैंक की डिटेल नहीं दी। वहीं अकाउंट नंबर न मिलने पर अनिल ने 13 जून को बैंक में जाकर लेन-देन की डिटेल ली तो पता चला कि खाते में इस समय अवधि में 65 लाख रुपए का लेन-देन हुआ है। बताते चलें कि ऐसा इसलिए किया जा रहा था क्योंकि ऐप के तहत पैसे के अवैध लेन-देन के लिए गिरोह को बैंक खातों की जरूरत होती थी।

देश ही नहीं विदेश तक फैला था धंधा

यह सट्टेबाजी बिजनेस सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक फैला हुआ है। अनुमान के मुताबिक रोज 200 करोड़ रुपए या इससे ज्यादा कमाई वाले इस सट्टेबाजी के काम के लिए भिलाई के 27 साल के सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने महादेव बेटिंग ऐप बनाया। उन्होंने उसका एल्गोरिद्म कुछ ऐसा सेट किया है कि हर हालत में कंपनी को मुनाफा ही होता है। अपने बिजनेस को फैलाने के लिए इन्होंने फ्रेंचाइजी मॉडल चुना और इसके तहत पूरे भारत में करीब 4000-5000 पैनल ऑपरेटर बनाए। फिलहाल दोनों प्रोमोटर दुबई में हैं तथा मामले की जांच जारी है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों आरोपियों को 14 दिन का ज्यूडिशियल रिमांड मिलने के बाद अब दोनों को छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल में फिर से शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब ईडी आगामी जांच करेगी।

मां के दर हाजिरी



रामनवमी के अवसर पर बुधवार को चामुंडा मंदिर में मां के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

हत्या के आरोपी को मिला चार दिन का पुलिस रिमांड

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जसवां-परागपुर की ग्राम पंचायत नारी में सोमवार शाम को हुई घटना के बाद मंगलवार को सुरिंद्र सिंह ने घावों को न सहते हुए अस्पताल में दम तोड़ दिया था। वहीं बुधवार को पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक का अमृतसर में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया व परिजनों ने उसका बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

इस घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी सूरजन सिंह पुत्र जुल्फी राम निवासी नारी को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को संसारपुर टैरस पुलिस इंचार्ज एसआई संजय शर्मा व टीम ने आरोपी को एसीजेएम कोर्ट कांगड़ा में पेश किया जहां आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।

वहीं पूर्व कामगार एवं अन्य कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने मृतक परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस केस में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने कहा कि आरोपी को चार दिन का पुलिस रिमांड मिला है व शव परिजनों को सौंप दिया है।

आईटीआई नैहरनपुखर में रोजगार मेला 23 को

अनंत ज्ञान, परागपुर

आईटीआई नैहरनपुखर में 23 अप्रैल को एल एंड टी (सीएसटीई) द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आईटीआई के कंप्यूटर शिक्षक रवि गुलेरिया ने बताया कि आईटीआई नैहरनपुखर में युवाओं को रोजगार में अपने कौशलों को विकसित करने के लिए आगामी 23 अप्रैल को एल एंड टी द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी धारानी नटराजन व रवि गुलेरिया ने बताया कि 23 अप्रैल को होने वाले रोजगार मेले के लिए (एनसीवीटी, एससीवीटी) फिटर, ड्राफ्ट्समैन (सिविल), इलेक्ट्रीशियन,प्लंबर, बेल्डर व्यवसाय में आईटीआई कर चुके अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कैंपस इंटरव्यू में पात्र युवा 23 अप्रैल को सुबह दस बजे अपने मूल प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों, शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड की प्रतिलिपियों के साथ आईटीआई नैहरनपुखर कैंपस में पहुंच जाने चाहिए। संस्थान के प्रधानाचार्य ललित मोहन ने बताया की इंटरव्यू में प्रदेशभर के सरकारी व निजी आईटीआई के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01970292604 एवं प्लेसमेंट अधिकारी मुकेश कौशल से 9418162333 नंबर पर संपर्क करें।

धर्म

श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन, प्रभात फेरी में शामिल हुए भक्त

पुराना कांगड़ा में हुआ प्रभु श्रीराम का जन्म

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

पुराना कांगड़ा में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन रामनवमी पर प्रभु राम का जन्म हुआ। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत में प्रभु राम भगवान की सीता माता से शादी, वनवास और जीवन के अन्य पहलुओं का विस्तृत वर्णन सुनाया गया।

चित्रकूट से आए कथावाचक प्रभु राम अवतार दास ने कहा कि भगवान शिव महादेव सबसे दयालु है जो भी उनके मंदिर में जाकर तीन बार महादेव बोलता है शिव उसकी मनोकामना हमेशा पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि बिना भगवान की कृपा से साधु संत नहीं मिलते और साधु संतों की कृपा के बगैर भगवान को पाना भी नामुमकिन है। उन्होंने बताया कि कर्म ही मनुष्य का साथी है जो उसने बोया है वही उसके जन्म में आगे आता है। मनुष्य को अपने जीवन को सुखद और सफल बनाने के लिए अपने कर्म पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जो जैसा कर्म करता है उसका दंड जरूर मिलता है। उन्होंने बताया कि भरत के नाम पर भारत का नाम रखा गया है। उन्होंने बताया कि दया, संतोष और इंद्रियों का संयम करने वाले मनुष्य का जीवन सफल होता है। कथा के दौरान छठे सिकंद का प्रभु राम अवतार दास ने वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि पाताल लोक के नीचे नरक लोग स्थापित है जहां पर पापियों को दंड दिया जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान तृप्ता परवान ने बताया की कथा के तीसरे दिन सनातन धर्म के प्रचार के लिए कथा स्थल से कांगड़ा किला तक विभिन्न गली, मोहल्लों से होकर मंगल आरती के बाद प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं, युवाओं सहित नगर वासियों ने भाग लिया।

पुराना कांगड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनते भक्त।

हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

प्रदेश में इन्होंने किया सबसे लंबा राज

21 साल 12 दिन वीरभद्र सिंह

18 साल 83 दिन यशवंत सिंह परमार

9 साल 342 दिन प्रेम कुमार धूमल

छह बार मुख्यमंत्री और नौ बार विधानसभा सदस्य रहे वीरभद्र सिंह ने लगभग 50 वर्षों तक हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य पर दबदबा बनाए रखा।

मंडी जिले के पद्धर में किसान मेले के दौरान लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक।

चुनावी चुटकी

बेगाने घर में हो गए गुमनाम

भावुकता में जो कदम चला था, उल्टा उनपर आन पड़ा था। बेगाने घर में गुमनाम हो गए, अपनों की तलाश में खो गए। कहीं नहीं जब मिला ठिकाना, तो साधते रहे तीर से निशाना। एक रोज तो होगा अपना, बरसों से देखा है जो सपना। अपनों से नहीं था उनका कोई नुकसान, मौकापरस्तों को देख हुए थे परेशान। खेल वैसा चल चुका है, किस्मत का ताला खुल चुका है। सालभर से जो मौन धारण किया था, पता चला क्या कारण रहा था। उनको गलती का एहसास था, तभी तो दिल में हाथ का वास था। हिमाचल की सियासत में उनकी पहचान थी, चिंतपूर्णी की जनता की भी जान थी। परिसीमन की सीमाओं ने बदल दिया था रास्ता, क्षेत्र बदले, लोग बदले नहीं बदली उनकी आस्था। गगरेट में भी दिखा था उनका ऐसा रूप, विरोधियों के लिए बन गए थे वे तरूप। भाखड़े वाले रौनकी ताऊ भी उनके खास रहे हैं, चिंतपूर्णी के वे दास रहे हैं। अब ताऊ की भी मजबूरी है, आस्था पुरानी है, लेकिन अब बिल्ला बदलना जरूरी है। **-राजेश शर्मा**

चालीस दिन की कलाकारी

हम अली बाबा और चालीस चोर की बात नहीं करेंगे। देशभर में सियासी महाकुंभ चला हुआ है। इसमें डुबकी लगाने वालों को कौन रोक सकता है। ऐसे ही हिमाचल में भी इस महाकुंभ के अलावा छोटे कुंभ का मेला भी शुरू हो चुका है। दंगल में पहलवान भी उतर चुके हैं, तो कुछ अभी दर्जी के पास लंगोट सिला रहे हैं। पहलवान मजबूत है तो लाजिमी है लंगोट भी मजबूत होना चाहिए। इस मेले में भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी पहुंच चुका है। ताऊ कुछ बातों को लेकर बहुत उदास है। चालीस दिन के महाकुंभ में सियासत के रंग रास नहीं आ रहे हैं। दंगल में अब पुराने पैंतरे कहीं दिख नहीं रहे हैं। शब्दों के ऐसे वाण छोड़े जा रहे हैं, कि छोटे बड़े सब आहत हैं। अब डर सता रहा है कि कोई मुंबई से आकर हमारे बच्चे का भी नया नाम न रख दे। ऐसे कलाकार भी आ चुके हैं जो अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने चले हैं। अब देखना यह है कि चालीस दिन के इस महाकुंभ में सियासी पैंतरे काम करेंगे या भारी पड़ेगी कलाकारी।



सीएम को बचानी है साख और सरकार, दांव पर भाजपा की प्रतिष्ठा

रोचक होगी सत्ता की जंग, दोनों दलों ने चुनाव में झोंकी ताकत

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

पहाड़ के चुनावों में इस बार मौजूदा कांग्रेस सरकार के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार के साथ प्रदेश ही नहीं, बल्कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व तक की प्रतिष्ठा दांव पर है। बताते चलें कि राज्यसभा चुनावों के बाद गृह मंत्रालय के तहत कांग्रेस के 6 बागी तथा 3 निर्दलीय विधायकों को सिक्योरटी मिली थी। वह गृह मंत्रालय जिसको भाजपा के दिग्गज अमित शाह संभालते हैं।

इसके बाद प्रदेश के सीएम तथा गृह मंत्री अमित शाह के एक-दूसरे पर निशाना साधते इक्का-दुक्का बयान भी आए थे। पूरे प्रकरण पर गौर करें तो भाजपा पहाड़ की सत्ता में दोबारा काबिज होना चाह रही है, तो दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव के बाद लगातार चुनौतियों का सामना कर रही प्रदेश कांग्रेस को सरकार में बनाए रखना चुनौती है। भाजपा भी जानती है कि राज्यसभा चुनावों की वोटिंग के बाद एकाएक बदले राजनीतिक परिदृष्य में अब के उपचुनावों में बंपर जीत दर्ज कर भाजपा प्रदेश की सत्ता में वापसी न कर पाई, तो उसे 3 साल से ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। दूसरी तरफ कांग्रेस की प्रदेश में अगुआई कर रहे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सत्ता में बने रहने के साथ कांग्रेस हाईकमान के आगे खुद को साबित करने में कड़ी परीक्षा देनी होगी। सीएम सुक्खू चुनावी बैठकों तथा मंत्रणाओं के साथ कांग्रेस की जीत के लिए जुटे हुए हैं। कुल मिलाकर इस बार विधानसभा चुनावों में समीकरणों के चलते दोनों बड़े राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को प्रदेश में 4 लोकसभा चुनावों के साथ 6 विधानसभा उपचुनावों से भी जूझना पड़ रहा है। ऐसे में भाजपा तथा कांग्रेस दोनों दल पूरी तरह सक्रिय हो चुके हैं। सभी प्रत्याशियों को फाइनल भाजपा जहां फ्रंटफुट पर खेल रही है, तो कांग्रेस के लिए लोकसभा की 2 तथा विधानसभा की 6 सीटों पर प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। प्रदेश की 15 माह की सरकार पर आए संकट के कारण जहां कांग्रेस को बड़ी चुनौती से निपटना होगा, तो वहीं भाजपा के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। कम या ज्यादा भले ही हों, लेकिन इन चुनावों में पार्टी को जिताना भाजपा तथा कांग्रेस नेतृत्व के लिए हालात चुनौती भरे हैं। यही कारण है कि देश के पहाड़ी राज्य में अबकि बार के लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा की 6 सीटों के उपचुनाव रोचक हैं।

सभी प्रत्याशियों को फाइनल कर फ्रंटफुट पर खेल रही भाजपा

प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट के चुनाव के बाद बने समीकरणों के लिए दोनों पार्टियों के लिए यहां राहें मुश्किल हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की करीब 15 माह बनी सरकार के लिए भी 6 उपचुनावों में हार के मायने पता हैं तथा ऐसे में कांग्रेस सरकार के लिए ये डू ओर डाई जैसी स्थिति बन गई है। हालांकि यहां 3 निर्दलीय विधायकों के इस्तिफों को लेकर अभी फैसला आना बाकी है। (अनंत ज्ञान)

मंडी में कांग्रेस के तुरुप के खिलाफ कांग्रेस के दांव

लोकसभा चुनावों में पिछले नतीजों के बूते क्लीन स्वीप का दावा करने वाली भाजपा की उपचुनावों में जीत की राह आसान नजर नहीं आती। प्रदेश की मंडी संसदीय सीट पर बॉलीवुड अभिनेत्री तथा भाजपा नेत्री कंगना रनौत को उतारकर भाजपा के तुरूप को कांग्रेस सरकार के मंत्री तथा दिवंगत मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य को टिकट थमा टक्कर दी है। मंडी में मुकाबला कड़ा होने के आसार हैं तथा यहां मुकाबला सेलेब्रिटी बनाम राज परिवार में होगा।

कांग्रेसी गुटों ने सीएम के इस्तीफे को किया ईमानदार प्रयास: जयराम

पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व सीएम जयराम ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में एक प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को कांग्रेस की प्रेस वार्ता के जवाब में जयराम ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री के पास बहुत बड़े बहुमत के बाद भी वह नेताओं को साथ रखने में असफल रहे। राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कांग्रेस पार्टी में अलग-अलग गुट हैं, जिन्होंने ईमानदारी से प्रयास किया कि मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। आज कांग्रेस पार्टी में बड़ी संख्या में नेता नेतृत्व परिवर्तन चाहते हैं, पर लोकसभा चुनावों की वजह से यह संभव नहीं हो पाया। फिर भी मुख्यमंत्री के दाएं-बाएं बैठे नेताओं को हौसला दिया गया है कि लोकसभा चुनाव नतीजों तक इंतजार करो। जयराम ठाकुर ने महिला सम्मान निधि का जवाब देते हुए कहा कि हिमाचल में कहां, किसको और कब मिली? विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस नेताओं ने अनेक फॉर्म भरे और अब फिर फॉर्म भर हिमाचल की महिलाओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के बजट में इस योजना का कोई जिक्र तक नहीं हुआ। मुख्यमंत्री दबाव में आए तो 5 मिनट की प्रेस वार्ता में घोषणा कर दी। जयराम ने कांग्रेस नेताओं के दूरबीन वाले बयान पर भी तंज कसा और कहा कि हमें कांग्रेस की चिंता नहीं, दो टिकट घोषित करना शायद कांग्रेस की बड़ी उपलब्धि है। उपमुख्यमंत्री पर भी तंज कसते हुए कहा कि दिन में देखते हैं सपने। कांग्रेस गलत करेगी, तो हम विरोध करेंगे क्योंकि हम विपक्ष हैं।

मुख्यमंत्री कर रहे आचार संहिता का उल्लंघन

भाजपा को इस योजना को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए 15 महीने हो गए हैं, लेकिन इस योजना को लागू करने के लिए किसी ने कांग्रेस के हाथ नहीं बांध रखे थे। जयराम ने कहा कि मुख्यमंत्री विचलित है, अब बोल रहे हैं कि इस योजना के 2 महीने अप्रैल और मई 2024 की 3000 की राशि महिलाओं के खाते में डालेंगे क्या यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है।

1500 रुपए वाला फार्म दूसरी बार भरवाकर बरगला रहे सीएम: सुधीर

धर्मशाला। भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने कहा है कि 1500 रुपए का फार्म दूसरी बार भरवाकर हिमाचल की कांग्रेस सरकार महिलाओं को छलने का प्रयास कर रही है। इससे पहले भी महिलाओं के फार्म भरवाए गए, लेकिन उन्हें 14 माह बाद भी पैसे नहीं दिए गए। धर्मशाला से बुधवार को जारी बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए की झूठी गारंटी दी थी। पहले तो इस योजना से सरकार अपना पिंड छुड़ाती रही, लेकिन बाद में जब जनता का दबाव बना तो प्रदेश में सबसे कम संख्या वाली जगह लाहौल को चुना गया, उसके बाद योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। होना तो यह चाहिए था कि चुनावी वादे के अनुसार पहली कैबिनेट में सरकार इस योजना की नींव रखती, लेकिन सुक्खू सरकार ने ऐसा नहीं किया। अब जब देश में लोकसभा के साथ हिमाचल में उपचुनाव भी हैं, तो सरकार दूसरी बार फार्म भरवाने की बात कर रही है।

कांग्रेस ने चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किया जलील: राजेंद्र राणा

हमीरपुर। सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के जो लोग मीडिया में आकर जनादेश के अपमान की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे उस समय मुंह पर पट्टी बांधे क्यों बैठे थे, जब कांग्रेस सरकार में चुने हुए विधायकों को जलील किया जा रहा था। विकास के मामले में उनके हलकों को नजरअंदाज किया जा रहा था। नुक्कड़ सभा में राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश में जब विधानसभा चुनावों के दौरान वोट हासिल करने के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा एक से बढ़कर एक झूठी गारंटियां देने की होड़ आपस में लगी हुई थी, तब इन नेताओं को क्या यह हकीकत मालूम नहीं थी कि वह सिर्फ अपनी सीट निकालने के लिए इन झूठी गारंटियों के नाम पर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं और यह गारंटियां पूरी करना उनके बस की बात नहीं है।

हिम केयर कार्ड तो बनाए पर नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

चुनावी मुद्दा

चुनावों के बीच राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में हिमकेयर योजना के काउंटर पर ताले लटके हैं। कैशलेस इलाज की हिमकेयर योजना का लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा। प्रदेश में सबसे ज्यादा लोगों ने हिमकेयर के कार्ड बनाएं हैं, ताकि बड़ी बीमारी होने पर आसानी से लोग उपचार करवा सकें। आईजीएमसी में 80 फीसदी से ज्यादा मरीज हिमकेयर या आयुष्मान कार्ड वाले हैं। कैशलेस इलाज की यह सुविधा सिर्फइंडोर पेंशेंट डिपार्मेंट, यानी अस्पताल में दाखिल होने पर ही मिलती है। इस योजना के लिए विभिन्न फर्मों से उपकरण और दवाएं आईजीएमसी लेता है। राज्य सरकार से हिम केयर में पैसा न मिलने के कारण 70 करोड़ से ज्यादा की पेंडेंसी हो गई है। अब निजी फर्में और सामान सप्लाई करने को तैयार नहीं है। इसीलिए काउंटर बंद करना पड़ा है।

आईजीएमसी ने इस लंबित भुगतान के लिए राज्य सरकार को बार-बार पत्र लिखा है। आईजीएमसी के बाद कैंसर के मरीजों पर भी इस संकट की मार पड़ना शुरू हो गई है। आईजीएमसी के सुपर स्पेशलिटी विभाग जैसे कार्डियोलॉजी, कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी और ऑर्थो इत्यादि में पहले ही ऑपरेशन कम कर दिए गए हैं। इसकी वजह हिमकेयर स्कीम में केस क्लियर न होना है।

आचार संहिता से हुआ लंबा इंतजार

एक-एक विभाग की पेंडेंसी 7 करोड़ से ऊपर है। आईजीएमसी ने स्वास्थ्य सचिव को इस बारे में करीब छह बार पत्र भेजे, लेकिन 31 मार्च से पहले भी कोई भुगतान न होने के कारण समस्या और बढ़ गई। अभी स्वास्थ्य विभाग को नए साल का बजट तो मिल गया है, लेकिन रिलीज करने में चुनाव आचार संहिता की दिक्कत आ रही है।

नेता प्रतिपक्ष को नजर नहीं आ रहीं पूरी हो चुकीं पांच गारंटियां: शांडिल

शिमला। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कांग्रेस फोबिया से ग्रसित हैं। उन्हें नींद में भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेस नेता नजर आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है, पूरी कांग्रेस मुख्यमंत्री के साथ चट्टान की तरह खड़ी है।

कांग्रेस सरकार 15 महीने के कार्यकाल में 10 में से 5 गारंटियां पूरी कर चुकी है, नेता प्रतिपक्ष को वे क्यों नजर नहीं आ रहीं। विपक्ष का काम सिर्फ विरोध करना नहीं होता, अच्छे कामों की सराहना भी विपक्षी दल को करनी चाहिए। शांडिल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की याद्दाश्त भी कमजोर है। वह यह कैसे भूल गए कि ओपीएस मांगने पर उनकी सरकार ने कर्मचारियों पर लाठियां और वाटर कैनन चलवाई थीं। जयराम ठाकुर ने विधानसभा में कहा था कि अगर कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन चाहिए, तो नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ लें। नेता प्रतिपक्ष किस मुंह से कह रहे हैं कि उन्होंने ओपीएस का विरोध नहीं किया। अगर जयराम कर्मचारियों के हितैषी हैं तो एनपीएस के अंशदान के 9000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से वापस दिलाने में मदद करें। नेता प्रतिपक्ष घड़ियाली आंसू न बहाएं, जनता जान चुकी है कि वोट के जरिए चुनी सरकार को नोटों के दम पर गिराने का प्रयास किसने किया।

गगरेट में भाजपा के लिए एकजुटता चुनौती, कुटलैहड़ में विरासत का सहारा

राजेश शर्मा, ऊना

जिले में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों की रणभेरी बजने के बाद शह और मात का खेल चल रहा है। भाजपा के प्रत्याशी इन दोनों की विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस से आए हैं और ऐसे में स्थिति और भी रोचक हो चुकी है। भाजपा के स्थानीय स्थापित नेताओं की टिकटें कट चुकी हैं और दूसरी ओर कांग्रेस के सेकेंड लाइन की लॉटरी निकल पड़ी है, जिन्होंने पांच साल के लंबे इंतजार का दम भरा था उनके लिए यह सपना भी प्रतीत हो रहा है।

इस महाकुंभ में कूदे नेता अपने-अपने दावों और मुद्दों को लेकर अश्वस्त हैं। हालांकि कांग्रेस से भाजपा में गए नेताओं को पार्टी के भीतर एकजुटता बनाने की चुनौती कठिन है। उधर, कांग्रेस के लिए राज्य में सत्ता और सहानुभूति का सहारा है। दलबदल दंश से जूझ रहे हिमाचल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने के बाद छह में से दो विधायक ऊना जिले से संबंधित थे। कांग्रेसी विधायकों को भाजपा हाईकमान ने सीधे टिकट देकर प्रदेश की सियासत में एक तूफान खड़ा कर दिया था। इससे इन विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित नेता और उनके समर्थक भी काफी तड़पते हुए नजर आए थे। किसी तरह से वे अपनी भावनाओं को दबाकर अब शांत हो चुके हैं। ऐसे में उनके कई समर्थक भी अंदरखाते से पार्टी के इस फैसले से नाराज चल रहे हैं। विरोध की चिंगारी कहीं न कहीं भीतर ही भीतर सुलग भी रही है। यहां भाजपा के प्रत्याशियों को कहीं न कहीं भाजपा के स्थापित नेताओं और उनके समर्थकों के साथ एकजुटता बनाना ही सबसे कठिन चुनौती है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में कई अटकलें भी जन्म ले चुकी हैं। इस क्षेत्र में जो अफवाहें हवा में तैरने लगी हैं, वे कहीं न कहीं भाजपा प्रत्याशी के सियासी भविष्य के लिए उपयुक्त नहीं हैं। हालांकि चुनावों से पहले भी अंब उपमंडल में कुछ चर्चाओं का बाजार गर्म हुआ था। इसकी शिकायतें मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची थीं। कुल मिलाकर गगरेट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वर्तमान प्रत्याशी राज्य में रिकार्ड मतों के अंतर से विजयी हुए थे। उन्हें यह अच्छी तरह से मालूम है कि गगरेट की जनता को किस तरह से प्रभावित किया जा सकता है। किसी तरह से अब उन्हें भाजपा के स्थानीय नेताओं और उनके समर्थकों को लेकर एकजुटता बनाने की चुनौती है।

उधर, कुटलैहड़ की बात करें तो यहां कांग्रेस से भाजपा में गए नेता का मुकाबला कांग्रेस के स्थापित युवा नेता के साथ है। हालांकि इस दफा दोनों को ही अपनी सियासी विरासत का भी सहारा मिलेगा। देवेंद्र भुट्टो इस क्षेत्र में लोगों के सामने पिछले चुनाव में चर्चित हुए और वह विधायक भी बने थे। मात्र 14 माह के सफर के बाद फिर से वे चुनाव मैदान में किसी दूसरे निशान के साथ पहुंचे हैं। 14 महीनों में उनके व्यवहार और जो विरासत मिली है, उसका उनको सहारा है। परिचय के वे मोहताज नहीं रहे हैं। केंद्र सरकार और मोदी चेहरे का भी चुनाव में उनको लाभ मिलेगा। ऐसा उनके समर्थकों को भी पूर्ण विश्वास है।

हालांकि उनको भी स्थानीय स्थापित रहे भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों को साथ लेकर चलने की चुनौती है। भले ही वे कुछ नेताओं को साथ लेने में सफल भी हो चुके हैं। उधर, कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार विवेक शर्मा को विरासत में अपने पिता की सियासी पहचान का लाभ मिलता रहा है और वर्तमान में वे प्रदेश के मुख्यमंत्री के करीबी नेताओं में से एक हैं। (अनंत ज्ञान)

अपने और देश के भविष्य के लिए करें मतदान

प्रदेश की चार लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल बजने के बाद अब दोनों बड़े दलों भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि चुनाव को अभी करीब दो माह का समय शेष है, लेकिन प्रत्याशियों व पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों में मतदान को लेकर काफी उत्साह है। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। मतदाताओं में प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी अलग-अलग राय है। कैसा हो हमारा प्रतिनिधि इस बारे में अनंत ज्ञान के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की राय ली, पेश हैं इसके कुछ अंश...

चुनाव केंद्र का हो या राज्य के लिए हो, युवाओं को रोजगार की गारंटी देने वाले राजनीतिक दल का ही समर्थन करना चाहिए। करोड़ों को रोजगार देने की गारंटी भी दी गई थी कुछ नहीं हुआ। बेरोजगार गांव या शहर में कितने हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है। अब नया झांसा देकर वोट नहीं मिलेगा।

महक (ऊना)

परिवार व गांव के लोग हर बार मतदान करने जाते थे। इस बार मैं भी मतदान करके मतदान के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगी। जो प्रत्याशी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात करेगा। बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाने का वादा करेगा उसे ही वोट दूंगी।

ललिता सुझाल सोझा (बंजार)

एक देश एक चुनाव करनवाने वाली सरकार चाहिए। भ्रष्टाचार मुक्त और देशहित सर्वोपरी रखने वाले विचार चाहिएं। देश मजबूत होगा तभी जनता मजबूत होगी। देश की सुरक्षा सही मायने में यदि कोई कर सकता है तो उसकी गारंटी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

लक्की शर्मा (शिमला)

भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले को समर्थन मिलेगा। राजनीति में भ्रष्टाचार करने वालों को सहन नहीं किया जाना चाहिए। भ्रष्टाचार के कारण देश की प्रगति संभव नहीं है। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें। लोगों को अपने और देश के भविष्य के लिए मतदान करना चाहिए।

राममूर्ति ठाकुर बंगाणा (ऊना)

भारत दुनिया का अध्यात्मिक और आस्था का केंद्र है। यह वह देश है, जो सभी संस्कृतियों का सम्मान कर शांति का ही संदेश देता है। इस देश का मूल सनातन है। सनातन प्रहरी ही देश के सभी जाती धर्मों को एकसाथ चलाने क्षमता रखते हैं। देश को वर्तमान में सनातन का सम्मान और रक्षा करने वाली सरकार चाहिए।

नमन शर्मा संजौली (शिमला)

मतदान सोच-समझ कर करना चाहिए। हमें निष्पक्ष और निर्भय होकर एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए। एक अच्छा सांसद हमारी आवाज बनता है, सांसद देश को सही मायने में विकसित बना सकता है। हमें एक प्रगतिशील सांसद चुनना चाहिए। देश के भविष्य के लिए मतदान जरूर करें और दूसरों को भी जागरूकर करें।

पंकज राणा (घुमारवीं)

राजीव शर्मा (धर्मशाला)

प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है। पुरानी पेंशन योजना को बहाल कर के प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक फैसला किया है, जिससे कर्मचारी वर्ग एवं सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को राहत प्रदान की है। इसके अतिरिक्त अभी तक के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने अच्छा कार्य किया है। केंद्र सरकार महंगाई पर लगाम लगाने में नाकाम रही है।

सरकारों को शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम करने की जरूरत है। कोई भी सरकार इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य करने में नाकाम रही है। उक्त सुविधाओं की बेहतरी से सीधे तौर पर आम व्यक्ति को लाभ मिलता है, जो भी राजनीतिक पार्टी इन मुद्दों पर कार्य करने की बात करेगी, उन्हीं के पक्ष में मतदान किया जाएगा।

अनिल शर्मा (जयसिंहपुर)

मताधिकार का सबको इस्तेमाल करना चाहिए। मजबूत सरकार के चयन के लिए यह जरूरी है। वोट किसको देना है यह अपने विवेक से चयन करना चाहिए। सभी लोगों को देश के और अपने भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

महानदो राम छतराड़ी (चंबा)

शुभम राणा (घुमारवीं)

हम ऐसे उम्मीदवार को वोट देंगे, जो रोजगार के अवसर प्रदान करे, ताकि हर एक व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके। महंगाई पर नियंत्रण करने वाली सरकार की आवश्यकता देश को है। युवा वर्ग भी महंगाई से परेशान है। हमें ऐसा सांसद चाहिए जो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करे।

हमारा सांसद ईमानदार और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। धर्म संस्कृति से लेकर राष्ट्रीय नीति तक अच्छी पैठ रखता हो। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें।



सुरजन शर्मा (भरमौर)

हैप्पी बर्थडे

हटली के कार्तिक सोनी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

सालगिरह मुबारक

मटौर के अभिनव कमल और सोनिका को सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

जनसेवक बनकर करूंगा सेवा : राजीव

जवाली में बोले; कांगड़ा-चंबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

अनिल छांगू, जवाली

कांगड़ा -चंबा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज व कांगड़ा-चंबा लोकसभा प्रभारी विपिन सिंह परमार का जवाली पहुंचने पर भाजपा नेता संजय गुलेरिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ो व फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक ही स्वर में डॉक्टर राजीव भारद्वाज आप आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, संजय जी को जय श्रीराम, मोदी जी को जय श्रीराम के नारे लगाए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे समर्थन देकर जीत दिलाई तो जनता के बीच रहकर जनसेवक बनकर जनता की सेवा करूंगा। उन्होंने जवाली-कोटला व नगरोटा सूरियां में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि मुझे भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है तथा मुझे जनता का वोट रूपी आशीर्वाद चाहिए। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता जीत को सुनिश्चित बनाने में जुट जाए। अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा की विचारधारा से जोड़ा जाए। हर कार्यकर्ता को मनमुटाव मिटाकर एक साथ चलकर भाजपा को जीत दिलवानी है। कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र प्रभारी विपन परमार ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को जीत दिलवाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचकर भाजपा के पक्ष में प्रचार करेगा। प्रदेश में भाजपा चारों सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

इस मौके पर नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का, भाजपा प्रदेश सचिव विशाल चौहान, जिलाध्यक्ष रमेश राणा, मंडलाध्यक्ष धीरज अत्री, महामंत्री डॉ. राजिंद्र सिंह, एचएस मस्ताना, उपाध्यक्ष जगदीप सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र गुलेरिया, सचिव सुलक्षण शर्मा कौल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश निखिल, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार, पूर्व मनोनीत पार्षद नीतू कुमारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

जवाली में कार्यक्रम के दौरान मौजूद कांगड़ा -चंबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज, विपिन सिंह परमार व अन्य।

जवाली भाजपा में एक बार फिर दिखी गुटबाजी

अनंत ज्ञान, जवाली

जवाली विधानसभा क्षेत्र में कांगड़ा-चंबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के कार्यक्रम में कांगड़ा-चंबा लोकसभा प्रभारी विपिन परमार की मौजूदगी में भारी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, लेकिन इस कार्यक्रम में भाजपा का एक गुट नदारद रहा। पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर के पुत्र जिला परिषद लक्ष्य ठाकुर ने भरमाड़ में अलग से राजीव भारद्वाज का कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। यह स्वागत चर्चा का विषय बन गया। जवाली के पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर सहित उनके कार्यकर्ताओं के गुट ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी जिससे एक बार फिर गुटबाजी की चिंगारी को हवा मिली। हालांकि भाजपा के हर कार्यकर्ता ने डॉ. राजीव भारद्वाज की जीत का दावा किया, लेकिन भाजपाइयों का इस तरफ ध्यान नहीं गया। यदि गुटबाजी इसी तरह हावी रही तो जवाली से भाजपा को बढ़त मिलना मुश्किल ही नहीं अपितु नामुमकिन होगा। गत लोकसभा चुनावों में भाजपा को जवाली से करीबन 22 हजार वोटों की बढ़त मिली थी, लेकिन गुटबाजी रही तो यह बढ़त मिलना मुश्किल रहेगा।

न्यूज ब्रीफ

सीपा ने जीती सकोह मेले की माली

बैसाखी छिंज मेले के विजेता पहलवानों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

जयसिंहपुर। उपमंडल जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सकोह में माता काली मंदिर के पास बैसाखी छिंज मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें माता काली की झांकी, वॉलीबाल प्रतियोगिता और कुश्ती का आयोजन किया गया। मेले के समापन समारोह में कपिल सपहिया अध्यक्ष बीकेपीएमसी ने शिरकत की। मेला कमेटी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने मेला कमेटी को अपनी तरफ से 11 हजार रुपए राशि भेंट की। कुश्ती का फाइनल मुकाबला रफी और सीपा के बीच हुआ। इसमें सीपा विजेता रहे। विजेता पहलवान को 21 हजार और उपविजेता को 16 हजार नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजय शर्मा, सुमित कुमार, विकास, गौतम, निखिल सन्नी, सुरेंद्र गौतम, विकास शर्मा, हेम राज शर्मा, प्रधान सुशील शर्मा, विजय शर्मा, अश्वनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

परिजनों के हवाले किया युवती का शव

धर्मशाला। धर्मशाला के शील्ला चौक स्थित घर में फंदे से लटकती मिली बीएड छात्रा के शव को बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बताते चलें कि मंगलवार को रोहडू निवासी 24 वर्षीय राजकीय पीजी कॉलेज में बीएड कर रही छात्रा का शव उसके कमरे में फंदे पर झूलता पाया गया था। वहीं शव के पास कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तथा फोरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया तथा साक्ष्य जुटाए। एसएचओ तथा आईपीएस ऑन प्रोबेशन मेहर पंवार की अगुआई में सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली गई। बुधवार को मृतका का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया है। परिजनों के बेटी की मौत पर कोई शक न जताने के चलते पुलिस ने सीआरपीसी 174 के तहत मामला दर्ज किया है। एसएचओ तथा आईपीएस ऑन प्रोबेशन मेहर पंवार ने कहा कि शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है तथा पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतका पढ़ाई में काफी होशियार थी। इससे पहले वो शिमला यूनिवर्सिटी में पढ़ती थी।

गगल में बस की चपेट में आई कार-टेम्पो

गगल। गगल में धर्मशाला मार्ग पर मंगलवार शाम को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक टली टैक्सी ड्राइवर ने धर्मशाला से आ रही एक निजी बस ने एक टैक्सी तथा एक टेम्पो को अपनी चपेट में लेकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस बीच सड़क पर दुर्घटना के कारण जाम भी लग गया। गगल पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस ने नशे में धुत्त चालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

साढ़े 10 हजार एमएल अवैध शराब बरामद

धर्मशाला। पुलिस थाना हरिपुर के तहत दो मामलों में 10,500 एमएल अवैध शराब बरामद की गई है। पहले मामले में महाला में मुकेश कुमार निवासी गठुतर तहसील हरिपुर जिला कांगड़ा के पास 5,250 मिलीलीटर देसी अवैध शराब बरामद की है। दूसरे मामले में हरिपुर में ही दरकाटा में हंस राज निवासी दरकाटा तहसील हरिपुर जिला कांगड़ा के पास से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

लड़ाई झगड़ा व मारपीट का मामला दर्ज

धर्मशाला। पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत सेराथाना में निको देवी निवासी वार्ड नं. 3 डाकघर सेराथाना तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने दानो देवी निवासी का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट की है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता की धारा 341, 323 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पिंडेश्वरी मंदिर नौरा में लगाया भंडारा

डरोह। ग्राम पंचायत नौरा के पिंडेश्वरी मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। विदित रहे की नवरात्र के दौरान मंदिर में 10 से 17 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन किया गया। यह जानकारी मंदिर के महंत बाबा हरि हर गिरि ने दी, लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर बाबा जी का धन्यवाद किया। इस मौके पर नौरा पंचायत के प्रधान विकास धीमान, गुरुदेव शांदिल, बिहारी लाल मेहरा, जगमोहन गौतम, राजिंद्र कपूर, विक्रमजीत, लक्ष्मी कांत मौजूद रहे।

सी-विजिल ऐप पर करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेम राज बैरवा ने बताया कि सभी लोग सीविजिल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन या एंड्रॉयड फोन पर प्ले स्टोर के माध्यम से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके जरिये आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और रुपए के लेनदेन की शिकायत मौके से साक्ष्य के साथ भेजी जा सकती है। सी-विजिल ऐप में वीडियो-फोटो के साथ दर्ज शिकायत का अधिकतम 100 मिनट के भीतर निपटारा तय बनाया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग ने चुनावी कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न अनुमतियों को लेकर 'सुविधा ऐप' बनाई है। इसके माध्यम से चुनावी रैलियों, नुक्कड़ बैठकों और लाउडस्पीकर के प्रयोग समेत चुनाव प्रचार से जुड़ी विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्राप्त की जा सकती हैं। इसमें स्टार प्रचारकों और पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन की अनुमति, हेलिकॉप्टर और हेलिपैड के उपयोग, पार्टी का अस्थायी कार्यालय खोलने, व्हीकल परमिट, गाड़ियों में लाउडस्पीकर लगाने की परमिशन समेत चुनावी कार्यक्रमों से जुड़ी विभिन्न अनुमतियां प्राप्त की सकती हैं।

प्रशिक्षण लेकर वापस पहुंचे डॉ. मदन लाल

अतुल जसवाल, जयसिंहपुर

जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत पड़ते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सरीमोलग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल का चयन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विदेश में शिक्षा के गुर सीखने के लिए सिंगापुर के लिए हुआ था। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण सिंगापुर में हुआ। प्रशिक्षण लेने के बाद सरीमोलग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल स्कूल लौट आए हैं, यह जयसिंहपुर उपमंडल के लिए बड़े गर्व की बात है। इससे पहले भी सरीमोलग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल वर्ष 2014 मे राज्य शिक्षक अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

इसी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्ष 2014 में हमीर गौरव पुरस्कार के साथ भी सम्मानित हो चुके हैं। गौरतलब यह है हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जिलों से 102 अध्यापकों को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा था, और यह सभी हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के एडिशनल डायरेक्टर बाबूराम शर्मा के नेतृत्व में गए। इनमें से 41 स्कूलों के प्रधानाचार्य में भी इस शिक्षा प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

इसमें कांगड़ा जिला के मात्र पांच स्कूलों के प्रधानाचार्य ही सिंगापुर के लिए शिक्षण प्रशिक्षण के लिए गए हुए थे। सरीमोलग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल का कहना है कि सिंगापुर जैसे विकसित राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली उत्कृष्ट के मानकों बहुत आगे है और सिंगापुर के इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बहुत कुछ सीखने का अवसर प्रदान हुआ। अब इस शिक्षा प्रणाली को अपने स्कूल में लागू करने का प्रयास करेंगे ताकि हमारे स्कूल के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बड़े। (अनंत ज्ञान)

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सरीमोलग स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल को सम्मानित करते हुए।

भाजपा ने रुकवाए बहनों के 1500 रुपए: हरभजन चौधरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश सरकार अपनी चुनावी गारंटियां पूरी करने को प्रतिबद्ध है, लेकिन भाजपा इसमें अडंगा डाल रही है। यह आरोप प्रेस को जारी बयान में धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी हरभजन सिंह भज्जी ने लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश की बहनों को हर महीने 1500 रुपए देने का एस्लान किया और इसके लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी, लेकिन भाजपा नेताओं ने इस प्रक्रिया को रुकवा कर बहनों को मिलने वाले हक से वंचित कर दिया, जिसका जवाब महिलाएं आने वाले चुनावों में देगी। चौधरी हरभजन सिंह ने कहा कि अगर पीएम किसान निधि मिल सकती है तो महिलाओं के 1500 रुपए क्यों रुकवाए। उन्होंने भाजपा पर सियासी हमला करते हुए कहा कि आपदा के समय भाजपा नेता केंद्र से राहत पैकेज दिला नहीं पाए और जब सीएम ने 1500 रुपए देने की प्रक्रिया शुरू की तो उसमें भी अड़ंगा डाल दिया। इससे साफ जाहिर है कि भाजपा को प्रदेश के लोगों की कोई परवाह नहीं है, भाजपा के लिए प्रदेश के लोगों कीमत सिर्फ वोट तक ही सीमित है, लेकिन हिमाचल के लोग अब भाजपा की बुरी नीयत को भांप चुके हैं और चुनावों में सबक सिखाने को तैयार बैठे हैं।

सुक्खू की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई भाजपा

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सीएम सुक्खू की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ा है, इसलिए भाजपा घबरा गई है और चुनावों की आड़ में 1500 रुपए वाली स्कीम को रुकवा दिया, लेकिन कांग्रेस सरकार जून में दो महीनों का पैसा महिलाओं के खातों में डालेगी।

कृषि सेवा समिति चनौहता का चुनाव नौ मई को

डाडासीबा। चनौहता कृषि सेवा सहकारी सभा समिति की प्रबंधक कमेटी का कार्यकाल नौ मई 2024 को समाप्त हो रहा है। सहकारी विभाग द्वारा कार्यक्रम तैयार किया जा चुका है। जो भी सभा के कोई इच्छुक सदस्य सभा की प्रबंधक कमेटी में भाग लेना चाहते हो वे 24 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक अपना नामांकन पत्र भर सकते है। 29 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की तिथि तय की गई है। नौ मई 2024 को सभा का चुनाव होगा। यह जानकारी चनौहता कृषि सेवा सहकारी सभा समिति की सचिव सपना देवी ने दी।

3 महीनों में 17489 यात्रियों ने किया हवाई सफर

अनंत ज्ञान, गगल

गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने दी जानकारी

गगल एयरपोर्ट पर दिन प्रतिदिन हर वर्ष यात्रियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है क्योंकि टूरिस्ट अब हिमाचल की ओर रुख करने लगा है। इससे हिमाचल में हर वर्ष पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया की सन 2012 में 25297 यात्री गगल एयरपोर्ट पर पहुंचे तो 2013 में 23220 , 2014 में 56075, 2015 में 71130 , 2016 में 106141 यात्रियो का आना-जाना हुआ। 2017 में 13792 यात्रियों का आना-जाना हुआ। 2018 में 133192 , 2019 में 152854, 2020 में 93535 और 2021 में 136353 यात्रियों का आना-जाना हुआ। 2022 में 176015 यात्रियों का आना-जाना हुआ।

2024 के 23 मार्च तक 17489 यात्रियों ने हवाई सफर किया। गगल एयरपोर्ट पर इस वक्त लगभग आठ हवाई जहाज अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिनमें से तीन इंडिगो के विमान तीन स्पाइसजेट के विमान और दो एयरलाइंस के विमान हैं।

डरोह का खबली छिंज मेला आज से

डरोह। डरोह के खबली मैदान में 18 से 20 अप्रैल तक छिंज मेला आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी प्रधान तरसेम सिंह राणा ने बताया कि 18 व 19 अप्रैल को लड़कों की कबड्डी ,महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर व रस्सा कस्सी खेल का आयोजन किया जाएगा, वहीं तीन दिन तक कुश्ती करवाई जाएगी। बड़ी माली 20 अप्रैल को शाम तीन बजे आयोजित की जाएगी। 18 अप्रैल को मेले का शुभारंभ मेला संस्थापक स्वर्गीय सोंकी राम की धर्म पत्नी सीता देवी द्वारा किया जाएगा। मेले के दूसरे दिन विट्टू ज्वेलर्स भवारना वाले मुख्यातिथि होंगे। मेले के समापन पर समाजसेवी भुवनेश सूद मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर पहलवानों को इनाम बांटेंगे।

1500 रुपए के लिए फार्म भरें महिलाएं: पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ठारू पंचायत के ललेटा गांव के बूथ में जनता के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा पार्टी के नेता जितना भी जोर लगा ले, वे कांग्रेस सरकार की घोषणा के अनुरूप महिलाओं को हर माह इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत दी जाने वाली 1500 रुपए की राशि को नहीं रुकवा सकते। सरकार ने पिछले वर्ष स्पीति घाटी से इसकी शुरूआत की थी और इस वर्ष पहले लाहौल घाटी में इसे शुरू किया तथा अप्रैल माह से राज्य की नौ लाख पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मिलने थे, लेकिन भाजपा ने निर्वाचन आयोग के पास जाकर इसे रोकने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वादे पर कायम है। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि इसकी अनुमति नहीं मिली तो जून महीने में दो महीने के तीन हजार रुपए एक साथ जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं इसके लिए फार्म भरें व कार्यालय में जमा करवाएं। यदि फार्म नहीं लिए जाते तो कांग्रेस विधायकों के पास फॉर्म जमा करवाएं। पठानिया ने कहा कि जैसे पीएम किसान निधि योजना है, उसी तर्ज पर महिलाओं के लिए राज्य सरकार यह राशि जारी कर रही है। जब पीएम किसान योजना की किस्त जारी की जा सकती है तो फिर महिलाओं के लिए राशि जारी क्यों नहीं करने दी जा रही है। आज चुनाव आयोग ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत दी जाने वाली 1500 रुपए की राशि वाले फॉर्म भरने की अनुमति प्रदान कर दी है। जिससे प्रदेश में महिलाओं की लड़ाई कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री ने लड़ी ओर आज प्रदेश की महिलाओं की जीत हुई है। प्रदेश भाजपा पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की महिलाओं को सम्मान निधि रोकने के लिए पर पूरा जोर लगाया लेकिन मुंह की खानी पड़ी। आज प्रदेश भर में पात्र महिलाएं 1500 रुपए मिलने वाले फार्म भर सकती है और जमा करवा सकती है। पठानिया ने कहा कि पूरे देश में भाजपा हमेशा महिलाओं के खिलाफ खड़ी हुई है। जब जब कांग्रेस की सरकारों ने महिलाओं के लिए योजनाएं चलाई तब भाजपा ने महिलाओं के खिलाफ उन योजनाओं का विरोध किया। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के लिए सस्ती गैस रसोई के लिए 450 रुपए सिलेंडर दिया केंद्र की भाजपा सरकार ने इसको बढ़ा कर 1200 रुपए करके महिलाओं पर बोझ डाल दिया। भाजपा सिर्फ महिलाओं की हितैषी बनने का ढोंग रचती है।

ठारू में बोले उप मुख्य सचेतक केवल सिंह

ठारू पंचायत के ललेटा गांव में ग्रामीणों के साथ केवल सिंह पठानिया।

अनदेखी

अमन शर्मा की शहादत को भूली केंद्र व प्रदेश सरकार, ग्रामीणों में रोष

तीन साल से नहीं बना करियाड़ा स्कूल का शहीदी गेट

सालविया शर्मा, गरली

निचला करियाड़ा गांव के 22 वर्ष में ही अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमन शर्मा की शहादत को केंद्र व प्रदेश सरकार भूल चुकी है। करीब तीन वर्ष पहले तमिलनाडू में शहीद हुए अमन शर्मा के पीड़ित परिवार को इतना समय बीत जाने के बाद एक भी बुनियादी सुविधा नहीं मिली है।

इसके साथ ही आज तक निचला करियाड़ा मिडल स्कूल का शहीदी गेट द्वार और कुंदली हार- करियाड़ा संपर्क सड़क शहीद अमन शर्मा के नाम पर नहीं बन पाई है। लिहाजा इसे सरकार की नाकामी समझे या फिर पीड़ित परिवार की बेबशी, लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि जहां प्रदेश व केंद्र सरकार देश की खातिर अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीद सैनिकों के पीड़ित परिवारों को कई तरह की बुनियादी सुविधाएं देने के बड़े-बड़े दावे करती आ रही है, लेकिन निचला करियाड़ा में सरकार के ये सभी दावे खोखले नजर आ रहे है। गौरतलब रहे कि एयर फोर्श मेडिकल ऐस्सिस्टेंट के पद पर तैनात 22 वर्षीय अमन शर्मा पुत्र शशिपाल शर्मा 30 मई 2021 को तमिलनाडू में कोरोना के खिलाफ सैकड़ों जिंदगियां बचाते-बचाते खुद मौत के आगोश में चला गया। दुखद यह है कि आज तक पीड़ित अमन शर्मा की विधवा मां सरकार की बुनियादी सुविधाओं की राह देख रही है। रिटायर कर्नल ठाकुर , हेमराज सिंह, रिटायर आडनरी कैप्टन किशन चंद, रमेश चंद शर्मा, बाबू राम शर्मा, राम पाल, निरंजन दास, देशराज, सतपाल संजीव कुमार आदि का कहना है कि विगत कुछ वर्ष पहले बीएसएफ में तैनात अमन शर्मा के पिता शशि शर्मा की भी बीमारी के चलते आन डयूटी मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सैनिक अमन शर्मा तमिलनाडू में बतौर एयरफोर्श मेडिकल ऐस्सिस्टेंट अपनी सेवाएं देकर कोरोना मरीजों के रात दिन उपचार में जुटा हुआ था। अमन मरीजों का उपचार करते समय ऑन ड्यूटी ही अचानक मरीजों के बार्ड में बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इस दौरान अमन शर्मा को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया परंतु इस दौरान अमन शर्मा ने वही दम तोड़ दिया। जब अमन शर्मा के निधन के बाद मेडिकल किया तो अमन खुद कोरोना पॉजिटिव निकला। दुखद बात तो यह है कि शहीद अमन शर्मा की माता सरोज देवी पहले पति की मौत का गम झेल रही थी और अब नौजवान बेटे को देश की खातिर कुर्बान कर चुकी है परंतु सरकार के उदासीन रवैये से तंग हो चुकी सरोज देवी परेशान है। ग्रामीणों ने सरकार से गुहार लगाई है कि अमन शर्मा के नाम पर यहां एक गेट द्वार राजकीय मिडल स्कूल व कुंदली हार करियाड़ा सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखा जाए यही शहीद सैनिक को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। (अनंत ज्ञान)

अमन शर्मा का फाइल फोटो।

अस्थिरता के कारण कांग्रेस बौखलाहट में : विनोद शर्मा

अनंत ज्ञान, रक्कड़

भाजपा प्रवक्ता एवं जसवां-परागपुर ब्लॉक भाजपा मंडल के पूर्व चैयरमैन विनोद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस अस्थिरता के कारण बौखलाहट में है। चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार नहीं रहेगी। उन्होंने सी वोटर सर्वे का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि बीते घटनाक्रम के बाद हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस बौखलाहट में है। उन्होंने कहा कि बार-बार भाजपा पर सरकार को स्थिर करने का आरोप लगाया जा रहा है जबकि सरकार की अस्थिरता का कारण उनके खुद के नेता हैं। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्टी हाईकमान के साथ कांग्रेस नेताओं की भी यही चर्चा हुई है। विनोद शर्मा ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद यह सरकार प्रदेश में बनी नहीं रहेगी। सी वोटर सर्वे में भी हिमाचल प्रदेश में 63 फीसदी वोट बीजेपी को मिल रहे हैं और चारों सीटों पर भाजपा की जीत हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री विचलित हो गए हैं। चुनाव के समय में घोषणा कर रहे हैं जो की साफ तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 देने की घोषणा सरकार ने की, लेकिन 15 महीने में यह घोषणा पूरी नहीं हुई। अब चुनाव के समय में उसकी याद आई है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना

मैं उर्वशी पत्नी श्री अमित कुमार निवासी वार्ड नं. 2 नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि आरपीजीएमसी टांडा से दिनांक 16.08.2023 को रजिस्ट्रेशन नं. बी-2023:2 03228-004026 जारी जन्म प्रमाण पत्र में मेरे बेटे का नाम वैदिक गलत दर्ज है। जबकि मेरे बेटे का सही नाम आयांश है। सभी नोट करें।

न्यूज ब्रीफ

शौचालय के रेट बढ़ाना जनहित में नहीं : सेन

हमीरपुर। नगर परिषद हमीरपुर द्वारा ओशो मेडिकल के सामने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित जो शौचालय बनाया गया, वह वाक्य ही काबिले तारीफ है, इसके लिए प्रभात सुधार सभा उनकी सराहना करती है, मगर शौच जाने के रेट बढ़ाना जनहित में नहीं है। यह बात प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उनका कहना है कि इसके रेट 5 रुपए से बढ़ा कर 10 रुपए कर दिए गए हैं, जो जनहित में नहीं है। सेन ने नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी से अनुरोध किया है कि जनहित में इस पर पुनः विचार कर इसके रेटस 5 रुपए किए जाए, ताकि लोगों को असुविधा न हो। सेन ने लोगों से भी आग्रह किया है कि इस शौचालय का उचित तरीके से उपयोग करना हमारी भी जिम्मेदारी है, यह हमारी अपनी संपत्ति है, इसको साफ-सुथरा रखने में भी सहयोग करें।

बाल स्कूल ग्राउंड का कार्य जल्द पूरा करने की मांग

बाल स्कूल हमीरपुर का ग्राउंड।

हमीरपुर। बाल स्कूल हमीरपुर के ग्राउंड में मिट्टी के ढेर को देखकर शहर के लोग उब चुके हैं। शहर के बच्चे और युवा सुबह शाम इस ग्राउंड में फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, क्रिकेट व अन्य खेलें खेलते थे। अब तो लोगों का यहां आना जाना भी बंद हो चुका है। गिने चुने लोग ही शाम के समय फुटपाथ पर टहलते हुए नजर आते हैं। अब ग्राउंड में मिट्टी बिछाने का काम शुरू हो गया है तो ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि जल्द मैदान में कोरियन ग्रास लगाने का काम भी शुरू हो जाएगा, लेकिन ग्राउंड में खेलने के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। हमीरपुर शहर के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस ग्राउंड का कार्य जल्दी पूरा किया जाए, ताकि यहां सुबह शाम बच्चों और बुजुर्गों की चहल-पहल नजर आए।

अयोध्या जाने वाली बस की कमाई एक माह में एक लाख पार

हमीरपुर। हमीरपुर डिपो की अवाहदेवी से अयोध्या धाम चलने वाली बस की कमाई एक माह के उपरांत ही एक लाख रुपए क्रॉस कर गई है। ऐसे में निगम कर्मचारियों में भी खुशी का माहौल है। हालांकि निगम प्रबंधन अयोध्या धाम रूट की इनकम को डेढ़ लाख रुपए तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। निगम के ड्राइवर-कंडक्टर रूट को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमीरपुर डिपो ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि जो भी कंडक्टर रूट की सबसे ज्यादा कमाई डिपो में जमा करवाएगा, उसे प्रशस्ति पत्र और कैश प्राइज देकर सम्मानित किया जाएगा। ऐसे में हमीरपुर डिपो के कंडक्टर और ड्राइवर रूट की कमाई बढ़ाने के लिए खूब प्रयास कर रहे हैं। वहीं हमीरपुर डिपो के डीडीएम राजकुमार पाठका कहना है कि हमीरपुर डिपो का अवाहदेवी से अयोध्या धाम चलने वाला बस रूट एक लाख रुपए क्रॉस कर गया है। बस रूट के आने-आने की कम ई एक लाख से अधिक पहुंच गई है, जो कि आगे और बढ़ने की उम्मीद है। इसके लिए निगम के ड्राइवर और कंडक्टर बधाई के पात्र हैं।

रामनवमी पर संतोषी माता मंदिर लदरौर में उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान, जाहू

उतरी भारत का प्रसिद्ध संतोषी माता का मंदिर लदरौर में नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने आशीर्वाद लिया। मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया और कई भक्त मंदिर में कन्या पूजन भी करते दिखे। मंदिर परिसर में सुबह सात बजे से हवन का कार्य शुरू हो गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने आहूति डाली और 11 बजे हवन में पूर्ण आहूति का कार्य संपन्न हुआ।

मंदिर कमेटी के प्रधान नंद लाल रणोत ने बताया कि इन नवरात्र में हिमाचल के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु माता के दरबार में माथा टेकने पहुंचे। आज रामनवमी के उपलक्ष्य पर 10 बजे से ही लंगर सेवा शुरू हो गई थी।

उन्होंने बताया कि संतोषी माता हर भक्त की मनोकामना पूरी करती है। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। नवरात्र में सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शौचालयों की अतिरिक्त व्यवस्था की गई थी।

संतोषी माता मंदिर में भजन कीर्तन करती महिलाएं व श्रद्धालु।

डीएवी भड़ोली में किया हवन यज्ञ, बच्चों को बताया रामनवमी का महत्व

नादौन। उपमंडल नादौन में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। डीएवी भड़ोली स्कूल में इस विशेष अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत राणा अपनी धर्मपत्नी अनीता तथा स्कूल के वरिष्ठ अध्यापकों के साथ उपस्थित रहे।

उन्होंने अध्यापकों और बच्चों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रामनवमी चैत्र पक्ष की नवरात्रि का नौवां दिन है। यह नौ दिन देवी शक्ति के नौ रूपों को भी समर्पित है। इसलिए इस दिन का महत्व हिंदू धर्म में और बढ़ जाता है।

उन्होंने बताया कि समाज में रहने वाले हर व्यक्ति में राम जी की तरह धैर्य, मित्रता और दया का गुण होना चाहिए, क्योंकि व्यक्ति अपने गुणों और कर्मों से पहचान बनाता है। कार्यक्रम की समाप्ति पर कन्या पूजन भी किया गया।

हवन यज्ञ में भाग लेते स्कूल प्रिंसीपल व बच्चे।

बाईपास बनने से ही हल होगी बड़ा कस्बे में ट्रैफिक समस्या

चौक पर सड़क तंग, जाम लगने से वाहन चालकों के साथ राहगीरों को होती है परेशानी

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में वर्तमान समय में ट्रैफिक का प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई है। यहां पर ट्रैफिक जाम कई बार इतना लंबा लग जाता हैं कि उसे बहाल होने में आधे घंटे से भी अधिक समय लग जाता है, जिससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी होती हैं बल्कि राहगीरों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता हैं।

कस्बा बड़ा में जाम लगने का मुख्य कारण कस्बा बड़ा के चौक पर सड़क का तंग होना और उस सड़क से धौलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए बड़ी गाड़ियों द्वारा हैवी मशीनरी लेकर जाना है। वैसे भी पालमपुर, बैजनाथ और जोगिंद्रनगर के लिए यात्रियों एवं पर्यटकों के आने-जाने के लिए यह शॉट कट रास्ता है, जिसके चलते वाहन चालक इसी रास्ते आना-जाना पसंद करते हैं।

गौर रहे कि कस्बा बड़ा में आए दिन लग रहे ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्रवासी यहां पर बाईपास सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना हैं कि कस्बा बड़ा से सुजानपुर जाने वाली सड़क पर यदि बाईपास बन जाता है तो प्रतिदिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिल जाएगा। इसके अलावा निर्माणधीन धौलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए जो हैवी मशीनरी लेकर जाने वाली गाड़ियों को इस तंग सड़क पर समस्या होती है उसका भी समाधान हो जाएगा। अत: लोक निर्माण विभाग और प्रदेश सरकार को आवश्य इस पर चिंतन करना चाहिए।

आपको बता दें कि विभागीय सूत्रों के अनुसार काफी समय से कस्बा बड़ा में ट्रैफिक समस्या को मध्यनजर रखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क का सर्वे भी किया जा रहा था। लोगों में ये भी चर्चा चली हुई है कि बाईपास सड़क के लिए सर्वे की गई भूमि मालिकों से भी विभाग के अधिकारी बातचीत कर रहे थे। हालांकि इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

कस्बा बड़ा में लगे ट्रैफिक जाम का दृश्य।

सरकारी स्कूलों में दाखिले के बाद बढ़ी किताबों की डिमांड

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। यही नहीं बच्चों से नाममात्र फीस ली जाती है, जबकि प्राइवेट स्कूलों में गरीब बच्चे फीस देने में असमर्थ होते हैं। बावजूद इसके कई स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ने की बजाय कम हो रही है।



सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने की तिथि को प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने 15 बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दिया है। ऐसे में कई बच्चे अभी भी दाखिला लेने लिए स्कूल आ रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग के पास यह आंकड़ा नहीं है कि इस साल कितने बच्चों ने दाखिला लिया है। 16 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया है। दाखिला लेने वाले बच्चों को निशुल्क बर्दी और किताबें भी दी जा रही हैं, लेकिन जानकारी मिली है कि किताबों का स्टोक खत्म हो गया है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षा खंड अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट लेकर शिमला भेज दी है।

इसको लेकर प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि स्कूलों में सप्लीमेंट्री किताबों की डिमांड को शिमला भेज दिया है। अभी स्कूलों में दाखिले चले हुए हैं और जो नए बच्चे दाखिला ले रहे हैं उन्हें भी निशुल्क किताबें दी जाएंगी।

लोस चुनावों के लिए कांग्रेस ने अनीश को बनाया सोशल मीडिया समंवयक

नादौन। विधानसभा क्षेत्र नादौन के युवा अनीश रोहान को कांग्रेस हाईकमान ने लोकसभा चुनावों में सोशल मीडिया समंवयक नियुक्त किया है, जिससे युवाओं में खुशी का माहौल है। अनीश रोहान ने इस नियुक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

चिकित्सा बिलों की अदायगी न होने पर पेंशनरों ने जताया रोष

पेंशन संशोधन से मिलने वाले आर्थिक लाभ को एकमुश्त देने की मांग

अनंत ज्ञान, भोरंज

हिम आंचल पेंशनर्ज संघ भोरंज खंड इकाई की बैठक खंड प्रधान वचित्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में शिव मंदिर परिसर भ्याड़ में हुई। इस दौरान खंड महासचिव राजकुमार पटियाल ने सभी को समस्त गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों व समस्याओं पर मंथन किया गया। पेंशन संशोधन की बकाया राशि की दूसरी किस्त और इस मास की पेंशन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता की मिलने पर पेंशनरों ने सरकार का धन्यवाद किया।

वहीं पेंशनरों ने चिकित्सा बिलों की अदायगी न हो पाने पर सरकार के प्रति अपना रोष प्रकट किया। पेंशनरों ने पेंशन संशोधन के परिणामस्वरूप मिलने वाले आर्थिक लाभ एकमुश्त दिए जाने की मांग उठाई गई।

जिला प्रधान केसी गौतम ने बताया कि जिन पेंशनरों ने अपने जीवित प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय में जमा नहीं करवाए थे उनकी पेंशन फरवरी माह से बंद हो गई है और अब उन्हें कोषागार कार्यालय जाकर अपना जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा तभी उनकी पेंशन मिलेगी।

इस मौके पर पूर्व प्रधान बलदेव दास शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी लेख राम कौशल, अमीं चंद अग्निहोत्री, अशोक कुमार शर्मा, डॉ. शशि पाल, किशन चंद, सीता राम शर्मा, अमृत लाल शर्मा आदि प्रमुख रहे।

हिम आंचल पेंशनर संघ भोरंज खंड की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

टैक्सी चालकों ने की पानी की टंकी व वाटर कूलर की सफाई

अनंत ज्ञान, बड़ा

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में टैक्सी चालकों ने बुधवार को कस्बा बड़ा में लोगों के लिए बस स्टॉप पर रखी पीने के पानी की टंकियों एवं वाटर कूलर की सफाई की।

इस सफाई अभियान में टैक्सी चालक गौरव रनौत, रिंका, अमन, मनोज, विक्की भाई, जॉनी आदि शामिल. थे। टैक्सी चालकों ने बताया कि उन्होंने इस पुण्य काम को यह ध्यान में रखते हुए किया कि लोगों को यहां गर्मियों में पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने लोगों से भी पानी को व्यर्थ न गंवाने का विशेष आग्रह किया है।

कस्बा बड़ा में बाटर कूलर की सफाई करते हुए टैक्सी चालक।

पंजाब के गामा पहलवान ने जीती जोल गांव की बड़ी माली

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

ग्राम पंचायत धमरोल के जोल गांव में आयोजित की गई छिंज प्रतियोगिता में हिमाचल, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में अपना दम दिखाया। छिंज को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आए थे और देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। लोगों ने कुश्ती प्रतियोगिता का खूब आनंद लिया।

छोटी माली चंबा जिला के धमेंद्र और जम्मू-कश्मीर के लखनपुर के पहलवान लक्की के बीच हुई। जिसमें धमेंद्र ने पहला स्थान हासिल करके 6100 रुपए और लक्की पहलवान ने दूसरा स्थान हासिल करके 5100 रुपए का नकद इनाम प्राप्त किया। इसी तरह बड़ी माली की कुश्ती पंजाब के गामा पहलवान और चंबा के तालिब के बीच हुई जो 55 मिनट तक चली, जिसमें गामा पहलवान ने विजेता रहने पर 31000 रुपए, गुर्ज और चंबा के पहलवान तालिब को उपविजेता रहने पर 21000 रुपए व गागर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जोल ग्राम सुधार सभा कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप चंद, सेवानिवृत्त अधिशांसी अभियंता जल शक्ति विभाग सुरेंद्र कुमार, ग्राम सुधार सभा कोहटा के अध्यक्ष गौरव, उपप्रधान दीप चंद, सूबे बलवंत सिंह, धर्म चंद शर्मा, रमेश डोगरा, मैहर शिव राम, पवन कुमार, सूबे देशराज, पूर्व पंचायत प्रधान अश्वनी कुमार, सूबे कश्मीर सिंह, पंचायत प्रतिनिधि मेहर चंद आदि उपस्थित रहे।

बड़ी माली के विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित करते आयोजक।

खेल युवा सेवा एवं खेल विभाग तैनात कर रहा कोच, कई खेलों का देंगे प्रशिक्षण

खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को कोच व मैदान तैयार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

खेलों से स्वास्थ्य ही नहीं अपना भविष्य भी बनाया जा सकता है। इसके लिए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, कोच और ग्राउंड होना बहुत आवश्यक है। प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा सेवा एवं खेल विभाग में कोच तैनात कर रही है, ताकि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण दिया जा सके।

हमीरपुर जिला की बात करें तो खिलाड़ी क्रिकेट के अलावा हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी , बैडमिंटन और एथलेटिक में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा ताईक्वांडो, जुडो और कुश्ती में भी बेहतर भी जिला का नाम रोशन कर रहे हैं।

नादौन के अमतर में क्रिकेट का प्रशिक्षण लेने के लिए और खेलने के लिए सबसे बेहतर स्टेडियम बनाया गया है। इसके अलावा एथलेटिक की प्रैक्टिस करने के लिए हमीरपुर का अणु में सिंथैटिक ग्राउंड खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। इसके अलावा एनआईटी हमीरपुर में टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन के कोर्ट भी बनाए गए है। स्कूलों और कॉलेज में भी खिलाड़ियों को ग्राउंड की सुविधा मिल रही थी। कमी थी तो अच्छा प्रशिक्षण देने वालों की। युवा सेवा एवं खेल विभाग में बास्केटबॉल के सीनियर कोच ने अभी ज्वाइन किया है, जबकि वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी के कोच पहले से ही तैनात थे। इसके अलावा हॉकी के कोच भी सुजानपुर में लगभग 80 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

गौर रहे कि हमीरपुर जिला के खिलाड़ी अच्छा प्रशिक्षण मिलने के बाद राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। एथलेटिक में भी हमीरपुर जिला के खिलाड़ी कई मेडल अपने नाम कर चुके हैं। इसके अलावा महाविद्यालयों में भी एथलेटिक और अन्य कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।



हमीरपुर के अणु में बना सिंथैटिक ट्रेक, जिस पर एथलेटिक के खिलाड़ी सुबह शाम प्रैक्टिस करते हैं तथा ग्राउंड में अभ्यास करते खिलाड़ी।

बजट आने पर होंगी प्रतियोगिताएं: विवेक शर्मा

युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा फेस्टिवल या अन्य कार्यक्रमों के दौरान खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। अप्रैल माह में नया वित्तीय वर्ष शुरू हो गया है, लेकिन अभी बजट आना बाकी है। इन प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों में रूचि पैदा होती है और उत्साह बढ़ता है। इस बारे में जिला खेल अधिकारी विवेक वर्मा ने बताया कि विभिन्न खेलों में कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। आने वाले समय में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसके बजट का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बजट आने के बाद यूथ फेस्टिवल, ट्रेनिंग करना और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

फायर ब्रिगेड की टीम ने ड्राइवर-कंडक्टरों को बस स्टैंड में दी फायर सिलेंडर की जानकारी

बस अड्डा हमीरपुर में फायर ब्रिगेड की टीम एचआरटीसी के कंडक्टर व ड्राइवरों को बस में लगे फायर सिलेंडर की जानकारी देते हुए।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

बस अड्डा हमीरपुर में सायरन बजते ही फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने पानी की बौछारें शुरू कर दी। बस अड्डा में खड़े लोग यहां-वहां भागते नजर आए। यही नहीं बस स्टैंड में आग की चपेट में आए खाली पड़े ड्रम को भी फायर बिग्रेड के कर्मियों ने तुंरत बुझाया।

यह अग्रिशमन विभाग की मॉकड्रिल थी, जोकि बस स्टैंड हमीरपुर में अग्रिशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉकड्रिल के जरिए वाहन चालकों को जहां बसों में लगे अग्र्यनिशामक यंत्र को चलाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें चलाना भी सिखाया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर इनका इस्तेमाल समय पर किया जा सके। इसके अलावा अगर तेल में आग लग जाए, तो उस पर कैसे नियंत्रण करना इसके बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया गया। यही नहीं बस स्टैंड में खाली पड़े ड्रम में पहले पानी डाला गया, उसके बाद पानी पर तेल डाला गया और आग लगा दी गई।

ऐसे में फायर बिग्रेड कर्मियों ने जैसे ही इस पर पानी फेंका, तो तेल की आग बुझने की बजाय आगे बढ़ने लगी। ऐसे में फायर बिग्रेड के लोगों ने बस स्टैंड में मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि तेल अगर आग पकड़ ले, तो उस जगह पर पानी की बजाय मिट्टी का इस्तेमाल करें या फिर गीला कपड़ा लेकर आग पर काबू पाएं। यही नहीं फायर बिग्रेड के कर्मचारी जंगलों में भड़की आग पर कैसे नियंत्रण करते हैं इसके बारे में भी लोगों को पानी की बौछारें कर बताया गया। इस दौरान निगम के उप मंडलीय प्रबंधक राजकुमार क पाठ व निगम के ड्राइवर और कंडक्टर भी काफी संख्यां में मौजूद रहे।

रामनवमी पर राम भजनों से गूंजी छोटी काशी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। इस त्योहार के आने का राम भक्तों को इंतजार रहता है। छोटी काशी मंडी में रामनवमी के दिन सनातन धर्म सभा मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भूतनाथ मंदिर से होकर ब्यास नदी के तट पर स्थित हनुमान घाट तक निकाली गई।

शोभायात्रा में कलश और भगवान राम, सीता माता, लक्ष्मण, हनुमान, और भरत, शत्रुघ्न की झांकी भी निकाली गई। इस दौरान रास्ते में राम भक्तों द्वारा दूध, बिस्कुट और हलवा चने के भंडारे

सनातन धर्म सभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का हुजूम।

भगवान राम, माता सीता लक्ष्मण व हनुमान की निकाली झांकी

का भी आयोजन किया गया।

शोभायात्रा राम नाम का गुणगान करती हुई हनुमान घाट पहुंची जहां पर वीर मंडल और धर्मसंघ भूतनाथ द्वारा हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमें सभी भक्तों ने हवन डालकर इस यात्रा को पूरा किया।

पूजा-अर्चना के बाद कलश का किया जल प्रवाह यात्रा में शामिल होकर लोग बने पुण्य के भागी

इस दौरान सनातन धर्म सभा के प्रधान रविकांत वैद्य ने बताया कि वर्षों से रामनवमी का उत्सव सनातन धर्म सभा द्वारा मनाया जाता है और इस दौरान नौ दिन पाठ का आयोजन भी किया जाता है, जिसके उपरांत नवमी को हवन में पूर्णाहुति अर्पित कर कलश यात्रा सनातन धर्म सभा से चलकर बाबा भूतनाथ के चरणों में सम्मान अर्पित कर हनुमान घाट पहुंची।

उन्होंने कहा कि यह विशेष बात है कि भगवान श्री राम की यह कलशयात्रा उनके परम भक्त हनुमान जी के चरणों में रखी जाती है और पूजा-अर्चना करने के उपरांत कलश को जल प्रवाह किया जाता है। रविकांत वैद्य ने कहा कि मंडी की जनता इस कलश यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य की भागी बनती है इस दौरान उन्होंने वीर मंडल का भी आभार प्रकट किया।

भक्तों ने नवरात्र की समाप्ति पर दुर्गा व चामुंडा का लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

कांगणी धार के साथ कई आयाम जुड़े हुए है। यहीं पर करोड़ों की लागत से निर्मित सब्जी मंडी व करोड़ों से ही निर्मित संस्कृति सदन की स्थापना और करोड़ों के ही प्रस्तावित खाद्य गोदाम से ये आयाम ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं। अब इनमें निर्माणाधीन शिवधाम व निर्माणाधीन हेलिपोर्ट के चलते यह स्थान काफी चर्चित है। इन सबसे हटकर कांगणीधार में तीन धार्मिक स्थल भी हैं।

मोतीपुर में चामुंडा मंदिर व कंगनीधार माता मंदिर।

इनमें धार की चोटी पर सबसे प्राचीन श्री माता दुर्गा कांगणी मंदिर है। यहां पर प्राचीन देवी मूर्तियां तो खुले आसमान के नीचे हैं, कुछ वर्षों पूर्व एक मंदिर का निर्माण कर संगमरमर की मूर्तियां स्थापित की गई हैं।

दूसरा मोतीपुर में श्री माता चामुंडा भगवती का भव्य मंदिर है यहां पर संस्थान के विकास का काम जोरों पर है जबकि तीसरा धार्मिक स्थल स्थल हाल ही में सड़क किनारे खुदाई करते हुए निकले शिवलिंगों का है। ऐसे में यह पूरी नई धार्मिक स्थलों से भर गई है।

बुधवार को रामनवमी के दिन नवरात्र की समाप्ति पर इन दोनों मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं नवरात्र के दौरान भजन कीर्तन व धार्मिक रस्मों की अदायगी का बोलबाला रहा।

न्यूज ब्रीफ

गौंटा में लगाया मतदान जागरूकता शिविर

सरकाघाट। गौंटा में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। एसडीएम ने शिविर में आगामी एक जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं से भाग लेने का आह्वान किया। सहायक निर्वाचन अधिकारी स्वाति डोगरा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में देश के नागरिकों को मतदान के माध्यम से मनपसंद सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है।

सिद्ध काली मंदिर में किया हवन यज्ञ

मंडी। प्राचीन सिद्ध काली माता मंदिर में हवन यज्ञ व कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 31 कन्याओं का पूजन माता के दरबार में किया गया। हवन में सभी भक्तों ने आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना की। नवमी के अवसर पर सुबह पांच बजे ही माता सिद्ध काली के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए थे और मां के दर्शन करने को दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। बता दें की अष्टमी पर माता सिद्ध काली मंदिर में 2100 दीपों के साथ महाआरती आयोजित की गई जिसमें शहर के हर घर से भक्तों द्वारा दीप लाया गया और मां के दरबार में जलाया गया।

अंबिका माता नाउ में विशाल भंडारे का आयोजन

पंडोह। अंबिका माता मंदिर नाउ में रामनवमी के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा किया गया। ढ्रंग विधानसभा की ज़ोर घाटी के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के प्रधान रामनाथ शर्मा ने बताया कि एक विशाल हवन अनुष्ठान का आयोजन भी मंदिर में किया गया, जिसमें पूर्ण आहुति भी डाली गई। नवरात्र के दिनों में लगातार दुर्गा पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं व भक्तजनों ने शिरकत की। नवरात्रों के दौरान भी लोगों द्वारा भंडारे लगाए गए, वहीं माता से लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

सिविल अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

सुंदरनगर। सामाजिक महिला संस्था इनर व्हील क्लब रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। संस्था की चीफ पैटर्न अमिता राणा और प्रधान सुमन सैनी ने बताया कि यह शिविर सुंदरनगर के सिविल अस्पताल में लगाया जा रहा है। इसमें सभी से अपील की गई है कि इस शिविर में रक्तदान अवश्य करे। उन्होंने कहा कि संस्था ने इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इस मौके पर डॉक्टर की टीम सहित पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि संस्था पूरा साल इस तरह के आयोजनों के अलावा जरूरतमंद बच्चों को सभी तरह की चीजें भी उपलब्ध करवाती है। जबकि इलाज के लिए गरीब और जरूरतमंद लोगों को आर्थिक मदद भी देती है।

कबड्डी प्रतियोगिता में मंडी टीम बनी विजेता

पधर। जिला स्तरीय किसान मेला पधर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 से 19 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। मेले में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया है, जिसमें फाइनल मैच पुरुष वर्ग मे मंडी और आर्मी 7 स्टार के बीच खेला गया जिसमें मंडी टीम विजेता रही और आर्मी सात स्टार टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच में वीडियो पधर राकेश पटियाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शेष राम रीडर डीएसपी पधर, डीपी दिनेश कुमार, डीपी मानसिंह, डीपी भूपेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय आईटीआई खेलें नाहन में आरम्भ

नाहन। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आई टी आई लड़कों की राज्य स्तरीय खेलें नाहन में आरम्भ हुई। इन खेलों में प्रदेश के सभी 12 जिलों से टीमें भाग ले रही हैं। चार दिवसीय इन खेल प्रतियोगिताओं में ये खिलाडी पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे जैसे कबड्डी ,बैडमिंटन इत्यादि। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ निदेशक तकनीकी शिक्षा अक्षय सूद ने किया और खिलाडियों को खेल की शपथ भी दिलाई।

अक्षय सूद ने बताया कि इस राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से आई टी आई संस्थानों के खिलाडी भाग ले रहे हैं जोकि पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों से जहां बच्चे स्वस्थ रहते हैं वहीं नशे से भी दूर रहते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अनुरोध किया और साथ ही उन्हें नशे से दूर रहने का भी अनुरोध किया।

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला विधिवत संपन्न, एडीएम डॉ. मदन ने की शाही जलेब में शिरकत

महामाया मंदिर से निकाली भव्य शोभायात्रा

उमेश भारद्वाज, मंडी

ऋषि शुकदेव की धरा पर पांच दिनों तक विराजमान होने के उपरांत सैंकड़ों देवी-देवता अपने देव स्थलों में वापस लौट गए हैं। चैत्र नवरात्रि की पंचमी को शुरू हुए राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले की जातर बुधवार को रामनवमी के अवसर पर विधिवत रूप से निकाली गई।

इस मौके पर महामाया मंदिर से राजे के बेहड़े होते हुए जवाहर पार्क तक भव्य शोभायात्रा निकाल कर मेले का समापन भी हुआ।

इस दौरान एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने शाही जलेब में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सर्वप्रथम महामाया मंदिर के प्रांगण में सुकेत रियासत के सभी देवी-देवता सुबह से ही एकत्रित होने शुरू हो गए थे। मुख्यातिथि के पहुंचने पर मेला समिति की ओर से पगड़ी पहनाने की रस्म अदा की गई।

शाही जलेब में सर्वप्रथम नवरात्रि कन्याएं, पालकी देवी महामाया, देवताओं में पहले स्थान पर बड़ा देव कमरुनाग, तीसरी पालकी माता कामाक्षा जयदेवी, देव मूल माहूंनाग की अगवाई में सुकेत रियासत के तमाम देवी-देवताओं ने

(इनसेट में), जलेब में शिरकत करते हुए देवी देवता और गणमान्य।

शिरकत की। देवी-देवताओं ने मुख्यातिथि संग राजमहल में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष गिरीश समरा और तहसीलदार अंकित शर्मा तथा बीडीओ विवेक चौहान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

कन्या पूजन करते एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार।

जलेब में शामिल हुए बड़ा देव कमरुनाग

आराध्य बड़ा देव कमरुनाग ने राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला के समापन पर शिरकत की। गौरतलब है कि बीते वर्ष बड़ादेव कमरुनाग पहली बार रूष्ट होने के कारण शाही जलेब में शामिल नहीं हुए थे। इसका कारण सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार शाही जलेब में महामाया की पालकी के पीछे कमरुनाग को स्थान न मिलना था। देव कमरुनाग रुष्ट होकर अकेले ही मेला स्थल पहुंच गए थे, लेकिन इस वर्ष बड़ा देव कमरुनाग ने परंपरा अनुसार शाही जलेब में शिरकत कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

टिक्कर में निजी स्कूल के बच्चे पानी को तरसे

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टिक्कर में मुराह प्राइमरी पब्लिक स्कूल में पिछले कई माह से नियमित पानी की सप्लाई न मिलने से स्कूल में पढ़ रहे 50 बच्चे पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।

स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि पिछले कई माह से स्कूल और साथ लगते आधा दर्जन परिवारों को भी पानी की नियमित सप्लाई नहीं मिल रही है, जिससे स्कूल में पढ़ रहे 50 बच्चे, आधा दर्जन स्कूल स्टाफ सहित आधा दर्जन परिवारों के साठ लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

ग्रामीणों में बलभद्र, देव राज, विमला देवी सहित स्कूल बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में पानी की सप्लाई नियमित की मांग करते हुए कहा कि पानी की नियमित सप्लाई नहीं दी गई तो बच्चे दूसरे स्कूलों में पलायन करना शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि हमारे गांव टिक्करी के साथ साथ कणा गांव के लोगों को कणा नाला से पानी की सप्लाई दी जाती है और पहले दिन में 12 घंटे पानी मिलता था, जो ग्रामीणों के लिए पर्याप्त था, लेकिन पिछले कुछ समय से पानी की सप्लाई कम कर

लोगों ने जल शक्ति विभाग को दी चेतावनी, कहा करेंगे घेराव

आधा घंटा दी जाती है।

हालांकि ग्रामीणों व स्कूल प्रबंधन द्वारा एक बार नहीं कई पानी की नियमित सप्लाई का मांग कर चुके हैं, लेकिन किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगती है और समस्या बढ़ती ही जा रही है, जिससे लोगों में जल शक्ति विभाग से रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पुन: विभाग से पानी की नियमित सप्लाई की मांग की है। अन्यथा विभाग के घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे, जिसके लिए स्वयं विभाग जिम्मेदार होगा।

बच्चों के भविष्य के लिए विभाग जिम्मेदार : रमेश

उधर, निजी स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने कहा कि जब तक स्कूल के लिए पानी की नियमित सप्लाई नहीं दी जाती है, मैं नए बच्चों की एडमिशन नहीं करूंगा और न किसी तरह की कक्षाएं चलेंगी, स्कूल पर ताला लगा दिया जाएगा और बच्चों के भविष्य का जिम्मेदार जल विभाग होगा।

राजकुमार आर्यमन ने मेले में निभाए देव कारज

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 के समापन अवसर पर बुधवार को निकली शाही जलेब की राजघराने की ओर से राजकुमार यशस्वी आर्यमन सिंह ने अगुआई की। इस मौके पर रानी राधिका देवी पत्नी स्व. राजा हरिसेन के आदेशानुसार मात्र 18 वर्षीय राजकुमार यशस्वी आर्यमन सिंह ने नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन किया और महामाया माता पालकी की पूजा-अर्चना भी की।

गौरतलब है कि राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला से पूर्व राजा हरिसेन का देहांत हो गया था। इससे इस बार राजघराने की ओर से सुकेत

जलेब में शिरकत करते हुए राजकुमार व डॉ. अभिषेक सोनी तथा अन्य।

देवता मेले के देव कारज को पूरा करने के लिए कई कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन कुंवर जयसिंह के पुत्र राजकुमार आर्यमन सिंह ने राजघराने की ओर से इस वर्ष देव पूजन के सारे कारज पूरे किए।

वहीं सुकेत सर्व देवता कमेटी की ओर से प्रधान डॉ. अभिषेक सोनी, उपप्रधान आचार्य रोशनलाल शर्मा व देवकीनंदन, प्रेम और सचिव जयराम, कोषाध्यक्ष खजाना राम, तिलक सहित अन्य सभी पदाधिकारियों ने देव चादर पहनाकर राजकुमार यशस्वी आर्यमन सिंह का स्वागत किया।

इसको लेकर राजपरिवार की कुलदेवी कामाक्षा भगवती काओ के पुजारी बंसीलाल शर्मा ने भी राजकुमार आर्यमन सिंह को शुभकामनाएं दी हैं।

कांगणीधार में बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

जिन जनप्रतिनिधियों में काम करने की ललक होती है वह उसे पूरा करके ही छोड़ते हैं चाहे उनका पद व रुतबा बरकरार रहे अथवा बदल जाए। उन्हें काम करने का सिर्फ मौका मिलना चाहिए। ऐसा ही कुछ किया है राजेंद्र मोहन ने जो वर्तमान में नगर निगम मंडी के नेला वार्ड से पार्षद चुने गए हैं।

उन्होंने नगर निगम से बजट से कांगणीधार में स्थित एक प्राचीन बावड़ी के आसपास सौंदर्यीकरण का काम आजकल चलाया हुआ है। लगभग साढ़े तीन-चार लाख रुपए के बजट से सड़क से बावड़ी तक रास्ते का निर्माण बावड़ी के

प्राचीन बावड़ी, जिसका जिर्णोद्धार होगा।

21 साल पहले का संकल्प अब पूरा कर रहे पार्षद

आसपास के स्थान को सुंदर बनाना शामिल है। हालांकि बावड़ी के मूल स्वरूप को बिलकुल भी नहीं छेड़ा जा रहा है, लेकिन पार्षद का कहना है कि जब उचित तकनीक वाले मिस्त्री मिलेंगे तो बावड़ी के मूल ढांचे का भी पुरातात्विकता का संरक्षण करते हुए बावड़ी का जीर्णोद्धार किया जाएगा, लेकिन अभी फिलहाल आसपास के संस्थान को ही संवारा जा रहा है।

इस बावड़ी को संवारने व सुधारने का विचार उनके पास वर्ष 2003 में आया था, जब राजेंद्र मोहन ग्राम पंचायत भरौण दुदर के प्रधान थे। तब यह क्षेत्र ग्रामीण था अब नगर निगम में शामिल कर लिया गया है। उस दौरान तो यह कार्य बजट के अभाव में नहीं करवा सके थे।

15 सालों तक जनप्रतिनिधि भी नहीं रहे, लेकिन अब पार्षद बनकर यह कार्य पूर्ण कर रहे हैं।

सरकाघाट के चार बच्चों ने हासिल की ब्लैक बेल्ट

ब्लैक बेल्ट हासिल करने के उपरांत सामूहिक चित्र में होनहार।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

राइसो तेकी कराटे एसोसिएशन द्वारा चार दिवसीय कराते कैंप का आयोजन एसोसिएशन के डायरेक्टर सिहान योगराज शर्मा की अध्यक्षता में श्री सत्य साई स्कूल एजुकेयर विद्या प्रतिष्ठान धर्मशाला के प्रांगण में आयोजित किया गया।

कैंप में बच्चों का कराटे ग्रीटिंग टेस्ट परीक्षा का आयोजन भी किया गया, जिसमें सरकाघाट की ग्राम पंचायत चौक के गौरव, कशिश, आयुष और चंदन ने ब्लैक बेल्ट तथा सीनियर वर्ग में रामदास, सुरेश ने सेकेंड डिग्री ब्लैक बेल्ट व मोहित ने थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट हासिल की। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस गुलेरिया रहे।

महिला मंडल के कार्यक्रमों ने मोहा मन

अनंत ज्ञान, कुन्नू

जिला स्तरीय किसान मेला पधर में आयोजित विभिन्न महिला मंडलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में महिला मंडलों के दूसरे दिन के कार्यक्रम में 12 महिला मंडलों ने प्रस्तुतियां दीं। इनमें महिला मंडल शिंगार, महिला मंडल त्रिशक्ति चेली, महिला गुरु नानक महिला मंडल कलोन, महिला मंडल बड़यार, महिला मंडल ग्रामीण, महिला मंडल कल्पना दरुण, महिला मंडल बही और सोनिया और ग्रुप गुरुकुल स्कूल पधर सुहानी, मुस्कान यादव, देव पब्लिक स्कूल उरला, शालिनी, शालिनी, दिव्यांशी और गुंजन ने प्रस्तुतियां दी।

सभी महिला मंडलों ने समूह गान, एकल गान और नाटकों के माध्यम से प्रस्तुतियां देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत रस्सा कस्सी सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए महिलाएं।

धनेश्वरी चौक में दो गाड़ियों की टक्कर

सुंदरनगर। नौलखा-पुंघ बाईपास पर धनेश्वरी चौक पर दो गाड़ियों में जोरदार टक्कर हो गई। जिस कारण एक गाड़ी सड़क पर ही पलट गई, लेकिन गनीमत यह रही कि गाड़ी सवारों की जान बाल-बाल बच गई, उन्हें मामूली चोटें आई है।

सड़क पर पलटी गाड़ी।

जानकारी के अनुसार आधे अधूरे सुंदरनगर बाइपास पर एक ब्रेजा गाड़ी नौलखा से पुंघ की ओर जा रही थी, जैसे ही गाड़ी धनेश्वरी चौक पर पहुंची तो कलौहड़ की तरफ से आ रही ऑल्टो गाड़ी के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई और ब्रेजा गाड़ी सड़क पर पलट गई और ऑल्टो गाड़ी को भी नुकसान हुआ है। हादसे में तीन लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं।

खेती

50 क्लस्टरों में एफपीओ किसानों को उपलब्ध करवाएगा अदरक का 20 क्विंटल बीज

हिमाचल के हल्दी मैन के जैविक बीज से होगी धर्मपुर में हल्दी की बुवाई

रितेश चौहान, सरकाघाट

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा ने हिमाचल प्रदेश के बड़ोह-कांगड़ा निवासी कर्नल प्रकाश चंद राणा द्वारा तैयार किया गया जैविक हल्दी का 20 क्विंटल बीज एफपीओ द्वारा क्रय किया गया है, जिसे किसानों को वर्तमान फसल सीजन में उपलब्ध कराया जा रहा है।

एफपीओ संचालन समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल भरमौरिया सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा द्वारा संधोल, टिहरा, सजाओ, धर्मपुर, बरोटी, मंडप, डरवाड़ इत्यादि क्षेत्रों में हल्दी बिजाई के क्लस्टर निर्धारित करने के लिए 22 से 30 अप्रैल तक किसानों की बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया है।

24 अप्रैल को बड़ोह कांगड़ा में हल्दीमैन का खिताब हासिल कर चुके रिटायर्ड कर्नल पीसी राणा से इसकी बिजाई बारे जानकारी प्राप्त करने के लिए किसानों का एक दल वहां जाएगा, ताकि उसके आधार पर मई माह से हल्दी की बिजाई यहां पर की जा सके। (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रीय स्तर पर है डिमांड

कर्नल पीसी राणा।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हल्दी का पाउडर बनाने की पिसाई मशीन पहले से ही यहां पर स्थापित की गई हैं और उसे मार्केट करने के लिए एफपीओ ने लिफाफे इत्यादि भी उपलब्ध करवा लिए हैं। क्योंकि ये हल्दी पूरी तरह से जैविक कृषि विधि से तैयार की जाएगी, तो इसकी मांग राष्ट्रीय स्तर की मार्केट में ज्यादा है और इसके दाम भी अच्छा मिलता है। इसके अलावा हल्दी का अचार भी तैयार करके मार्केट में बिक्री करने का प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने ये भी बताया कि कर्नल प्रकाश चंद राणा एफपीओ धर्मपुर के मुख्य सलाहकार के रूप में मार्गदर्शन करेंगे और उन्हें एफपीओ के सलाहकार मंडल का सदस्य भी बनाया गया है।

आंध्र प्रदेश से लाया था बीज

हल्दी बीज कर्नल प्रकाश राणा द्वारा आंध्रप्रदेश से दस बारह साल पहले लाया गया था, जो सात महीने में तैयार हो जाता है। एफपीओ ने इस वर्ष बड़े पैमाने पर हल्दी की बिजाई करने का प्लान तैयार किया है और अगले साल इससे 50 लाख रुपए का कारोबार करने की योजना बनाई है। एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उत्पादन के लिए धर्मपुर भौगोलिक और जलवायु की दृष्टि उपयुक्त एरिया है, इसलिए इसकी पैदावार बढ़ा कर इसे आजीविका का स्थायी और टिकाऊ माध्यम बनाया जा सकता है।

वोट करेगा सरकाघाट

सहन करना शक्ति है कायरता नहीं : विंद्रा

रामनवमी पर ब्रह्माकुमारीज आश्रम चैलचौक में कार्यक्रम प्रस्तुत करती बच्चियां।

अनंत ज्ञान, चैलचौक

ब्रह्माकुमारीज आश्रम चैलचौक में आयोजित कार्यक्रम में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी विंद्रा दीदी ने कहा कि परमात्मा से संबंध स्थापित करके आत्मा समझ उस परमात्मा को जब हम याद करते हैं।

इस विधि के द्वारा हमें अष्ट शक्तियों की प्राप्ति होती है। यह शक्तियां हमें अत्यंत सहजता से जीवन व्यतीत करने व सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचने में मदद करती हैं। वहीं उन्होंने कहा कि सहन करना वास्तव में कायरता नहीं है, सहता वहीं है जिसमें जान होती है आकड़े रहना मुर्दों की पहचान होती है। वहीं कार्यक्रम के दौरान बालीचौकी से आई दक्षा दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के बारे में बताया।

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा मतदान चिन्ह बनाते हुए।

श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर, बंगाणा में निकाली शोभायात्रा

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की श्री राम समिति बंगाणा की तरफ से श्री राम नवमी पर प्रभु श्रीराम जी की बाल स्वरूप की झांकी निकाली और साथ में हनुमान जी के स्वरूप को भी झांकी में दिखाया गया। यह झांकी लठियानी से सुबह करीब दस बजे प्रस्थान हुई और लठियानी से तनोह मलांगड़, धुंधला बंगाणा, ठंडी खुई से बंगाणा चौक पर दर्जनों विद्वानों द्वारा मंत्रों उच्चारण से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया और उसके बाद झांकी हटली चौक से होते हुए पीपलू के बाद चामुक्खा मंदिर में विराम की गई और विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया।

इस झांकी में सैकड़ों भक्तों ने साथ चलकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बंगाणा की प्रभु श्रीराम समिति हर वर्ष प्रभु श्रीराम जी के जन्म दिवस यानी नवरात्र की नवमी को झांकी का आयोजन करती है और बंगाणा बाजार पूरा भक्तिमय हो जाता है। गौर रहे बुधवार को श्री राम नवमी पर प्रभु श्री समिति बंगाणा के सौजन्य से निकली श्रीराम जी की शोभायात्रा जैसे ही बंगाणा बाजार में पहुंची।

सभी दुकानदार नंगे पांव दौड़कर प्रभु श्रीराम जी के आशीर्वाद के लिए सड़कों पर आए। शोभायात्रा में बैंड-बाजे पंजाबी ढोल और डीजे की धुन पर बंगाणा चौक पर भक्त जन खूब थिरके। वहीं प्रभु श्रीराम सेवा समिति बंगाणा एक गैर-राजनीति संगठन है और इस समिति से सैकड़ों युवा जुड़े हैं। इस शोभायात्रा में दर्जनों विभिन्न राजनीतिक विचार धाराओं के नेता कार्यकर्ता जय श्री राम के नारों के साथ शोभायात्रा का हिस्सा बने हुए थे।

शोभायात्रा से पूर्व माता जमासनी में करवाया हवन-यज्ञ

शोभायात्रा से पूर्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता जमासनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर हवन-यज्ञ करवाया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उसके बाद शोभायात्रा चामुक्खा मंदिर पहुंची, जहां पर हजारों की संख्या में प्रभु श्री राम भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और सभी ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात रहे कि चामुक्खा मंदिर द्वापर में पांडवों द्वारा निर्मित किया गया है और उक्त मंदिर में चार मुख वाले भगवान भोले नाथ की प्रतिमा हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

हमारा उद्देश्य श्रीराम की मर्यादाओं को घर-घर पहुंचाना : अजय

श्रीराम सेवा समिति के सदस्य अजय ठाकुर एवं प्रशांत का कहना है कि प्रभु श्रीराम जी में देश के हर व्यक्ति की आस्था है और हमारा उद्देश्य केवल प्रभु श्रीराम जी की मर्यादाओं को घर-घर पहुंचाना है, ताकि श्री राम जी के बताए सदमार्ग पर हर व्यक्ति चले और समाज भक्तिमय बने।

जय श्रीराम

बंगाणा लठियानी में रामनवमी के उपलक्ष्य पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा। इस अवसर पर लोगों ने भगवान श्री राम और हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के बेटे की सगाई में पहुंचे समर्थक

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के बेटे की सगाई में पहुंचे समर्थक सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

पूर्व प्रदेश भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर के बेटे दिपांकर कंवर की बुधवार को सगाई हो गई।

इस अवसर पर आयोजित समारोह के बहाने भी कई समर्थक उनसे संपर्क करने पहुंचे। खासकर उस वक्त जब इस क्षेत्र में विधानसभा का उपचुनाव हो रहा है और इस उपचुनाव में उनकी भूमिका भी अहम रहने वाली है। बुधवार को हालांकि, कंवर परिवार की ओर से किसी बड़े आयोजन का कार्यक्रम नहीं था, लेकिन जिन समर्थकों को भी इस अवसर के बारे में सूचना मिली वे सभी पूर्व मंत्री से मुलाकात करने पहुंचते रहे। इससे इन समर्थकों ने एहसास दिलाया है कि पूर्व मंत्री की सियासी पकड़ मजबूत है। इस अवसर पर वीरेंद्र कंवर ने कहा कि उनके परिवार में आए। इस अवसर को यादगार बनाने व हमारी खुशियों में शामिल होकर आशीर्वाद देने के लिए सभी का वे हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

सड़कों पर लावारिस पशु दुर्घटनाओं को दे रहे न्योता

रात के अंधेरे में गहरे रंग के पशुओं से अधिक खतरा

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

जिला ऊना में लावारिस पशुओं से सड़क हादसों में बढ़ोतरी हो रही है। कुछ हादसे जानलेवा साबित हुए हैं। हालांकि, दर्जनों ऐसे हादसे दर्ज ही नहीं हो रहे, जिनमें वाहनों का नुकसान हो अथवा लावारिस पशु की जान गई हो। पूर्व सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में गोशाला बनाए जाने की बात की थी और ऐसे पशुओं को उनमें रखने का दावा किया था। दावों की पोल खुली है और सड़कों में लावारिस पशु लगातार बढ़ रहे हैं।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में काफी समय से पशुओं के सड़क में आने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, परंतु यह देखा जाता है ज्यादातर दुर्घटनाओं में पशुओं की ही मृत्यु होती है। बड़ी-बड़ी गाड़ियां पशुओं को कुचल कर चल जाती हैं। पशुओं के सड़कों पर होने से रात्रि के समय दुर्घटनाओं के आसार अधिक बढ़ जाते हैं, जिससे कोई बड़ी हानि भी हो सकती है।

सड़क के बीच खड़े बेसहारा पशु, जो हर समय दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।

इसका प्रमुख कारण यही है कि पशुओं के रहने के लिए कोई स्थान या उचित व्यवस्था नहीं है, जिस कारण अनेक पशु मुख्य मार्ग पर सोने के लिए विफल हैं जहां काफी समय से एक गोशाला खोलने की मांग गांववासियों के द्वारा की जा रहा है, वहीं अभी तक इसका कोई फैसला पंचायत या प्रशासन द्वारा नहीं लिया गया है। बता दें कि गत वर्ष पशुओं में 'लंपी' बीमारी बहुत तेजी से फेल रही थी, वहीं गांव के भी कई पशु इस बीमारी की चपेट में आए थे, उस समय भी इन पशुओं के लिए भी कोई स्थान की व्यवस्था नहीं थी।

आज के इस दौर में हर गांव में एक गोशाला का होने बहुत जरूरी है इससे न केवल पशुओं को लाभ मिलेगा। साथ ही गोशाला में तैनात प्रतिनिधि को भी रोजगार मिलेगा। क्षेत्र के निवासी विक्की, नरेश, शिव कुमार, सूर्यश, राजिंद्र, अभी आदि लोगों ने स्थानीय पंचायत से गोशाला निर्माण करवाने के लिए कहा।

माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में अनुराग ठाकुर ने नवाया शीश

माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में मां का आशीर्वाद लेते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने श्री राम नवमी के पावन अवसर पर माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे और माता की विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए पावन पिंडी के दर्शन किए। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। अनुराग ठाकुर ने देश भर के युवाओं में धर्म के प्रति आई जागृति को लेकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास के साथ-साथ विरासत को भी संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए अनेक योजनाएं चलाईं और हर पात्र महिला तक उसका लाभ भी सुनिश्चित किया। अनुराग ने कांग्रेस द्वारा महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने के ऐलान पर भी जमकर लताड़ लगाई। अनुराग ठाकुर ने देशवासियों को रामनवमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए 23 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का ऐलान किया था, लेकिन सरकार का गठन होने के 14 महीने बाद भी किसी भी महिला को 1500 रुपए नहीं दिए जा सके।

उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि जिस काम को पहले ही कैबिनेट में करने का फैसला लिया गया था, उसे 14 महीने बाद भी लागू क्यों नहीं किया जा सका।

न्यूज ब्रीफ

महिला को बस ने कुचला, हालत गंभीर

ऊना। स्थानीय आईएसबीटी ऊना में पंजाब रोडवेज बस की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की टांग फ्रैक्चर हो गई। गंभीर हालत में महिला को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत और प्रत्यक्षदर्शी विशाल ठाकुर के मुताबिक पार्वती देवी पत्नी हरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर पांच, अप्पर बसाल बुधवार सुबह ऊना बाजार से सामान लेने आई थी। आईएसबीटी में बस से उतरने के बाद पंजाब रोडवेज की एक बस की चपेट में आ गई। पंजाब रोडवेज का चालक तेज रफ्तारी से बस लेकर बस अड्डे के भीतर प्रवेश कर रहा था कि उसने सड़क पार कर रही महिला को कुचल दिया। लहूलुहान हालत में महिला को 108 एंबुलेंस की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

महिला ने फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या

ऊना। पुलिस थाना ऊना के तहत लालसिंगी झुग्गी झोंपड़ी बस्ती में करीब 36 वर्षीय बाहरी राज्य की महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान, वीना पत्नी वीरपाल निवासी रतनपुर कलां जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। यह परिवार कुछ समय से लाल सिंगी स्थित झुग्गी में रहता आ रहा था। ऊना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। जानकारी के मुताबिक, पुराना होशियारपुर रोड लालसिंगी स्थित एक झुग्गी में बुधवार सुबह वीना का शव उसके पड़ोसियों ने देखा। सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रधान मौके पर पहुंची और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने लाल सिंगी पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लिया और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि महिला ने फंदा क्यों लगाया, इसको लेकर जांच की जा रही है।

कठोह में भागवत कथा का समापन

जोल। क्षेत्र के कठोह में चैत्र नवरात्र के दौरान श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर कथावाचक रत्न चंद शर्मा ने कहा कि मोक्ष की कामना प्रत्येक मनुष्य करता है, लेकिन सभी को सही राह नहीं मिलती है। भागवत कथा एक ऐसा मार्ग है जो प्रत्येक को मोक्ष की ओर ले जाता है। समापन अवसर पर कथा का रसपान पाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथावाचक ने कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण करवाया। कथा के अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। अंत में राजा प्रशिक्षित को मोक्ष प्राप्ति के प्रसंगों को सुनाया। कथा के दौरान कथा व्यास ने श्री कृष्ण भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने दोनों हाथ उठाकर श्री कृष्णा भजनों पर झूमते हुए भजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्नल तरसेम राणा, उर्मिला देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए 60 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिला की अंडर-19 टीम के चयन के लिए ट्रायल बुधवार को ऊना के इंदिरा स्टेडियम में करवाया गया, जिसमें लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बताया कि पहले खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण कैंप के लिए किया जाएगा। कैंप में खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस के आधार पर खिलाड़ियों का चयन टीम में किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा यह टूर्नामेंट 28 अप्रैल से 20 मई तक ऊना के इंदिरा स्टेडियम, पीसीपी के संतोषगढ़ स्टेडियम, अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम नादौन और लुहणू मैदान बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश भर के सभी जिलों की 12 टीम भाग ले रही हैं। ऊना की टीम अपने मैच बिलासपुर में खेलेगी। टूर्नामेंट का प्रत्येक मुकाबला तीन दिवसीय करवाया जाएगा। प्रत्येक टीम पहले राउंड में दो-दो मैच खेलेगी। उसके बाद टॉप की दो टीमों में क्वार्टर फाइनल के लिए भिड़ंत होगी।

ऊना के इंदिरा स्टेडियम में ट्रायल देते युवा क्रिकेटर।



संभावित खिलाड़ियों की सूची

अनुज कंवर, अर्पित सिंह, आदित अरोड़ा, रोहित संधू, रितिक, विनायक कपिला परीक्षित, सक्षम शर्मा, सक्षम, शिवांग शांडिल, गुरवंश, दशमेश ठाकुर, मनीष शर्मा, अभय, सत्यम अटवाल, वरदान, परयाक, अहम सहोता, अर्थव सचदेवा, रितेश कौशल, शार्दुल शर्मा, कविश सैनी, नामिष, कार्तिकेय शर्मा, सक्षम धीमान, राघव शर्मा, वरदान, दिव्यांश, भरत शर्मा शामिल हैं।

हमीरपुर ने बिलासपुर को 4 विकेट से हराया

ऊना। अंडर-16 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लीग का मुकाबला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में बिलासपुर और हमीरपुर के बीच मंगलवार को आरंभ हुआ था, जिसमें बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 136 रन बनाए थे। हमीरपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 195 रन बनाए थे। बिलासपुर की टीम ने दूसरी पारी में 10 विकेट खोकर 171 रन बनाए। शौर्य चंदेल ने 31, वरुण ठाकुर ने 53 रन बनाए। हमीरपुर के किशन कुमार ने 4 विकेट प्राप्त किए, ओम महादेव व साहिल ने दो-दो व अक्षत शर्मा ने एक विकेट लिया। हमीरपुर की टीम ने 6 विकेट खोकर अपने जीत के लिए 113 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। नताशा शर्मा ने 53, ए शर्मा ने 21, ओम महादेव ने 12 रन नाबाद, आर्यन जग्गी ने 9 रन बनाकर नाबाद रहे। प्रिंस और सक्षम ने दो-दो, करण ने एक विकेट लिया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हमीरपुर की टीम ने चार विकेट से मैच को जीत कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

ऊना जिले में 66 फायर वॉचर रखेंगे जंगलों की आग पर नजर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

गर्मियों का सीजन शुरू होते ही वन महकमा भी एक्शन में आ गया है। वन महकमे ने जंगलों में आग की रोकथाम के लिए जिले भर में 66 फायर वॉचर तैनात कर दिए है। वन महकमे की 21 हजार हेक्टेयर भूमि पर इनकी कड़ी नजर रहेगी।

फायर फाइटिंग टीमों के साथ आग पर काबू पाने की कार्रवाई भी करेंगे। इसके अलावा जिला ऊना के पांचों रेंज में पांच फायर फाइटिंग टीमें गठित की है। प्रत्येक टीम में पांच से छह कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पांचों रेंज में मुख्य अरण्यपाल, वन मंडल अधिकारी, रेंज अधिकारी, डिप्टी रेंजर सहित करीब पचास कर्मचारी फील्ड में जुट गए हैं। आग से निपटने के लिए विभाग द्वारा पांचों रेंज में फायर फाइटिंग टीमों को एक-एक गाड़ी भी उपलब्ध करवाई है, ताकि टीमें आसानी से क्षेत्र की मॉनिटरिंग कर सके।

जिला ऊना में हजार हजार हेक्टयेर क्षेत्र में जंगल फैला हुआ हैं। वन विभाग द्वारा जंगलों को आग से बचाने के लिए नई फायर लाइनें भी बनाई गई हैं। जंगलों में 110 किलोमीटर फायर लाइन (अग्निरेखा) बनाई गई हैं। इस फायर लाइन के आस पास से सूखी पत्तियों को हटाया गया है।

वहीं फायर वॉचर समय-समय पर फायर लाइनों को साफ भी करते रहेंगे, ताकि जंगलों में आग लगने की सूरत में आग को बढ़ने से रोका जा सके। वन विभाग ने सभी पंचायत प्रधानों को पत्र लिखकर आग लगने की सूरत में सहयोग की अपील भी की है। विभाग ने ग्रामीणों को फायर सीजन के दौरान जंगल क्षेत्र से सौ मीटर दायरे में आग लगाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। अगर कोई इसके बावजूद जंगल के समीप आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उक्त व्यक्ति के खिलाफ विभाग सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगा। बताते चले कि जिला ऊना में हर वर्ष जंगलों में आग लगने से करोड़ों-अरबों रुपए की वन संपदा आग की भेंट चढ़ जाती है। वहीं पौधों के साथ-साथ पशु, पक्षी भी आग में नष्ट हो जाते है। इस बार फायर सीजन वन विभाग के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।

परिचर्चा चुनावों का दौर, राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर

स्थायी रोजगार और एक समान विकास कराने वालों की तलाश

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक

चुनावों का दौर चल रहा है तथा राजनीतिक सरगर्मियां पूरे चरम पर हैं। चुनाव प्रचार को लेकर भाजपा तथा कांग्रेस तथा अन्य दलों के स्टार प्रचारकों की जन रैलियां मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए दौर जारी है। अनेक मुद्दों को लेकर एक राजनीतिक दल दूसरे पर बयानबाजी के हमले करके चुनावी दंगल को रोचक बनाने में जुटा हुआ है वहीं मैदान में उतरे भावी जनप्रतिनिधि के बारे में गांव की चौपाल, चाय की दुकानों में चुस्कियां लेते हुए चर्चा करते हुए आम वोटर को देखा जा सकता है। इस बारे में लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखी गई।

सुमंत पराशर दुकानदार भंजाल ने कहा कि हमें ऐसी सरकार चाहिए जो

सुमंत पराशर | रजनीश कुमार | प्रशांत शर्मा | अनुज ठाकुर

आमजनमानस की समस्याओं को लेकर गंभीर हो तथा धरातल पर समाधान करने को प्राथमिकता दे। रजनीश कुमार प्राइवेट जॉब लडोली ने कहा कि सरकार के चुने नेताओं को चुने जाने के बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रशांत शर्मा आईटी इंजीनियर अंब ने कहा कि सरकार किसी भी राजनीतिक पार्टी से आए, लेकिन सरकार को आम जनता के साथ किए गए सभी वायदों को बिना भेदभाव के पूरा करना चाहिए। अनुज ठाकुर व्यवसायी अंब ने कहा कि सरकार को स्थायी रोजगार से जुड़ी विकास योजनाएं लाकर स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिलाने को प्राथमिकता देनी चाहिए चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों के संरक्षण के लिए सरकार कृषि भूमि के लिए बाद लगाने को लेकर योजना शुरू करने वाली होनी चाहिए।

संपादकीय

हिमाचल में खत्म होती सहिष्णुता

कांगड़ा जिले के परागपुर में हल्की सी कहासुनी के चलते दो बुजुर्गों को खौलते गर्म पानी के पतीले में डाल देना और उनमें से एक 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो जाना बेहद शर्मनाक वाकया है। इस दिल दहला देने वाली वारदात ने सबको झकझोर कर रख दिया है। जिस शख्स ने बुजुर्गों को धक्का दिया, उसने यह नहीं सोचा था कि इससे जान भी चली जाएगी। दूसरा 60 वर्षीय बुजुर्ग भी बुरी तरह जख्मी हुआ है। वह भी मौत से जूझ रहा है।

पुलिस ने बेशक आरोपी हमलावर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे धकेला दिया हो, लेकिन जिस परिवार में मातम हो गया, उसका क्या। यह बहुत ही सोच विचार करने वाली बात है कि आखिर हमलावर ने ऐसा खौफनाक कदम क्यों उठाया। हमलावर भी अपनी हरकत पर अफसोस प्रकट रहा है, लेकिन इससे किसी की जान तो वापस नहीं आएगी। जिस जगह यह वाकया हुआ, वहां धार्मिक मुंडन संस्कार हो रहा था। लोग खाना खाने के लिए आ रहे थे। माहौल रंगारंग था, लेकिन जैसे ही इस घटना के बारे में पता चला तो वहां एकदम से सन्नाटा पसर गया। खुशियां मातम में बदल गईं। मेहमान तरह-तरह की बातें करने लगे और वहां से अपने घरों को तुरंत लौटने लगे।

इस तरह की घटना जब होती है तो लोग अपने आप को बचाते हैं और वहां से खिसक जाना ही उचित समझते हैं। एक सिरफिरे की वजह से पूरा कार्ज खराब हो गया। सभ्य समाज में यह अच्छी बात नहीं है। एक बहुत ही प्यारा शब्द है 'सहिष्णुता' जिसे आसान भाषा में सहनशीलता भी कहा जाता है, का विस्तृत रूप में अर्थ यह है कि समाज के भीतर व्यक्तियों का समूह, दूसरे समूहों से मूल्य, विचार, प्रथा, परंपरा, नैतिकता, मानदंड, आस्था, विश्वास से अलग होने के बावजूद दोनों समुदाय एक-दूसरे को स्वीकार करते हैं, साथ ही उदारता भी दिखाते हैं। समाज में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस भी मनाया जाता है, लेकिन इस तरह की वारदातों की वजह से इस दिवस के मनाने का भी औचित्य भी सार्थक नहीं रह जाता।

व्यक्ति को हिंसा की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा का रास्ता अपनाना चाहिए। इस संसार में अगर आए हैं तो कुछ नेक काम करके जाने चाहिएं। 'सहिष्णुता' इंसान को कभी नहीं छोड़नी चाहिए। जिंदगी में बहुत कुछ घटित होता है, लेकिन हर समस्या का समाधान गुस्सा नहीं होता है। थोड़ी देर का क्रोध विनाश का कारण बन जाता है, जो इस घटना से स्पष्ट हो गया है इसलिए क्रोध कभी नहीं करना चाहिए। यह व्यक्ति की मति मार देता है तथा बुद्धि हर लेता है। इसके वशीभूत होकर लोग अक्सर गलत कदम उठा लेते हैं। इसकी वजह से इंसान सही-गलत में अंतर नहीं कर पाता है और वहशीपन पर उतारु हो जाता है। इसके प्रभाव में इंसान अपनापन, स्नेह, लगाव, प्रेम, आत्मीयता तो छोड़िए, अपना अस्तित्व तक भूल जाता है। क्रोध की अवस्था में किसी व्यक्ति और खूंखार जानवर में कोई फर्क नहीं रह जाता है।

इंसान का रोष उसके लिए कई बार अभिशाप के रूप में भी सामने आता है। यह मानव मन की एक भावना है, जिसे अक्सर अच्छा नहीं माना जाता है। क्रोध का जनक भय भी माना जाता है। जब इंसान भय पर नियंत्रण करने की कोशिश करता है, तो वह रोष के रूप में प्रकट होता है। कहा गया है कि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह ये सब जीवन के सबसे बड़े शत्रु हैं। हिमाचल जैसे शांत पहाड़ी राज्य में ऐसी वारदात स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि यहां की आवोहवा ऐसी नहीं जिससे ऐसी अपेक्षा की जाए। इस सारे घटनाक्रम से लोगों को यही सीख लेनी चाहिए कि खुद कभी क्रोध नहीं करो और अगर कोई दूसरा व्यक्ति करता है तो उसके सामने न जाएं। ऐसा करने पर घटनाओं को टाला जा सकता है।

लोकसभा चुनाव में तकनीक का प्रभावी इस्तेमाल

देश व प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 में तकनीक का प्रभावी इस्तेमाल होने लगा है। तकनीक के प्रयोग से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने से लेकर चुनावी रण में उतरने वाले योद्धाओं, राजनीतिक दलों तक चुनाव संबंधी जानकारी पहुंचाना आसान हो गया है। चुनाव आयोग द्वारा सभी कुछ तकनीक पर आधारित कर देने से अब एक क्लिक पर विभिन्न प्रकार की जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। चुनावों के दौरान तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की दिशा में एक बढ़ा कदम है। सी-विजिल, सुविधा पोर्टल, डाइस सॉफ्टवेयर इत्यादी ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जिससे चुनावी कार्य आसान हुआ है। आम मतदाता से लेकर चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी, अधिकारी चुनाव आयोग की उपलब्ध करवाई जा रही इन ऑनलाइन सुविधाओं का उपयोग कर अपने कार्य को आसानी से करने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की शिकायत या चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने संबंधी अपनी शिकायत सीधे तौर पर चुनाव आयोग तक पहुंचा सकता है।

अत: हम कह सकते हैं कि तकनीक के उपयोग से चुनाव आयोग ने आम मतदाता तक अपनी सीधी पहुंच बना ली है। ऑनलाइन सुविधा पोर्टल का प्रयोग कर कोई भी राजनीतिक दल या राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने चुनाव संबंधी कार्यक्रमों की जानकरी या कार्यक्रम संबंधी किसी भी प्रकार की कोई अनुमति सीधे अपने घर, कार्यालय से ऑनलाइन सुविधा पोर्टल का उपयोग कर प्राप्त कर सकता है। इससे किसी भी राजनीतिक दल या उसके प्रतिनिधि को चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की अनुमति हासिल करने के लिए निर्वाचन विभाग कार्यालय के चक्कर काटने से मुक्ति मिल गई है।

लेखक : संजय सैनी
सहायक लोक संपर्क अधिकारी
करसोग (मंडी)

ऑनलाइन अप्लाई कर घर बैठे ही चुनावी जनसभा करवाने जैसे कार्यक्रमों की अनुमति हासिल की जा सकती है। इसके लिए निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग किया जा सके। तकनीक आधारित ऑनलाइन डाइस वेब सॉफ्टवेयर भी चुनावी तैयारियों को समयबद्ध पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भमिका अदा कर रहा है। सभी डीडीओज अर्थात आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए यह उपयोगी साबित हो रहा है।

इस डाइस वेब सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए सभी डीडीओज को निर्धारित समयावधि में अपने-अपने विभाग में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों की डाटा एंट्री इस वेब सॉफ्टवेयर में अपलोड की जानी है। इसका उपयोग चुनाव विभाग द्वारा मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए कर्मचारियों की तैनाती के लिए किया जाना है। इससे मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से पूर्ण करवाने में विभिन्न मतदान केंद्रों में कर्मचारियों की तैनाती करने की प्रक्रिया आसान हुई है। विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों को इस वेब सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री करते समय सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्त, दिव्यांगता व अन्य विभिन्न कारणों से चुनावी ड्यूटी से छूट वाले कर्मचारियों की मार्किंग सही तरीके से करनी होती है, ताकि किसी ऐसे कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी न लगाई जा सके, जो चुनाव संबंधी ड्यूटी देने में सक्षम ही न हो। चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण करने में मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियों की तैनाती भी निर्वाचन विभाग की ओर से डाइस वेब सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही की जानी है।

सी-विजिल ऐप भी इन चुनावों में वरदान साबित हो रहा है। इस ऐप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायत सीधे तौर पर चुनाव आयोग से की जा सकती है और शिकायत पर चुनाव आयोग की ओर से की जाने वाली कार्रवाई को भी ट्रैक किया जा सकता है। चुनाव आयोग की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से देश व प्रदेश के हर जिला में सी-विजिल ऐप के बारे में आमजन को जागरूक करने संबंधी अभियान व्यापक स्तर पर चलाए जा रहे हैं, ताकि आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों को कम किया जा सके। सी-विजिल ऐप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें मिल भी रही हैं। अब तक प्रदेशभर से 55 शिकायतें इस ऐप पर आ चुकी हैं, जिनका चुनाव आयोग की ओर से 100 मिनट के अंदर जांच-पड़ताल कर निपटारा किया गया है। मौजूदा समय में निर्वाचन विभाग के पास कोई भी शिकायत लंबित नहीं है। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर शिकायतें होर्डिंग्स, बैनर्ज और गाड़ियों पर पोस्टर लगाने संबंधी हैं। इस ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है।

इसमें शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गुप्त रखने का भी प्रावधान है। शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने संबंधी गतिविधियों की एक तस्वीर या दो मिनट का वीडियो बनाकर उसके बारे में संक्षिप्त जानकारी देनी होती है। शिकायत के साथ आने वाली यह जानकारी स्वत: ही संबंधित जिला नियंत्रण कक्ष को भेज दी जाती है और कुछ ही मिनटों में फ्लाइंग स्क्वाड टीमों को घटनास्थल पर भेज कार्रवाई अमल में लाई जाती है। शिकायत जैसे ही सी-विजिल ऐप पर भेजी जाती है, शिकायतकर्ता को एक यूनिक आईडी प्राप्त होती है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता अपने मोबाइल पर शिकायत को ट्रैक भी कर सकता है। इस ऐप की खास बात यह है कि इसे एक साथ कार्य करने वाले तीन कारक सी-विजिल ऐप को सफल बना रहे हैं। उपयोगकर्ता द्वारा वास्तविक समय में ऑडियो, वीडियो या फोटो कैप्चर करते ही शिकायतों के प्रति समयबद्ध अनुक्रिया के लिए 100 मिनट की गणना शुरू हो जाती है। जैसे ही उपयोगकर्ता द्वारा उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपना कैमरा ऑन किया जाता है, ऐप स्वचलित रूप से जियो टैगिंग सुविधा सक्षम कर देता है।

इससे उड़नदस्ता टीम, रिपोर्ट किए गए उल्लंघन का सटीक लोकेशन जान सकते हैं। लोगों द्वारा खींचे गए इमेज को न्यायालय में साक्ष्य के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गुमनाम तरीके से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। इस प्रकार से तकनीक के अधिक से अधिक उपयोग से न केवल पूरी चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी बनाया जा सकता है, बल्कि सभी दलों एवं चुनावी योद्धाओं के लिए भी एक समान व्यवस्था कायम की जा सकती है। अत: हम कह सकते हैं कि चुनावी प्रक्रिया को सुचारु ढंग से संपन्न करवाने से ही लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित की जा सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

पहाड़ी चित्रकला की मंडी शैली में 'शक्ति की भक्ति'

पहाड़ी चित्रकला की मंडी शैली का यह चित्र विक्रम संवत 1827 (सन् 1770) के आसपास का है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। मंडी शैली की इस 'देवी शृंखला' के भी नौ अलग-अलग चित्र हैं। इस चित्र का आधार पीले रंग से भरा गया है और चारों किनारे लाल रंग से, पहाड़ी चित्रकला में प्रयोग होने वाले रंग पूर्णत: प्राकृतिक होते थे। चित्रकार इन रंगों को कई दिनों की मेहनत के बाद तैयार करते थे।

इनमें विशेष प्रकार का गोंद भी मिलाया जाता था, जैसे कि नीम का गोंद। सैकड़ों सालों बाद भी इन चित्रों की चमक बनी हुई है। इस चित्र में मां दुर्गा ने अन्य अस्त्र-शस्त्रों के साथ अपने एक हाथ में 'हल' भी धारण किया हुआ है। शिव सहित अन्य देवी-देवता स्मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पंक्ति में खड़े हैं। भारत में प्राचीन काल से नारी शक्ति का प्रतीक रही है। शृंखला के अन्य चित्रों में मां दुर्गा असुरों-राक्षसों से ऋषि-मुनियों की रक्षा करती दिखाई गई है। हवन यज्ञों को अपवित्र करने के लिए दुष्ट राक्षस प्रयास करते रहते थे। एक चित्र में माता दुर्गा और राक्षस आकाश में उड़ कर युद्ध लड़ रहे हैं। अन्य चित्र में माता द्वारा राक्षस का वध करते दर्शाया गया है। राक्षस वध के उपरांत वाद्य यंत्रों से नर-नारी यक्ष गंधर्व देवी-देवता प्रसन्नता व्यक्त करते दिखाए गए हैं। पहाड़ी चित्रकला के चित्रकार सर्वप्रथम वेद, पुराण, उपनिषद, शास्त्रों इत्यादि को पहले पड़ते व उस समय के महापुरुषों, साधु-संतों से ज्ञान प्राप्त करते और उसी आधार पर चित्र बनाते थे। पहाड़ी चित्रकला की मंडी शैली अन्य चित्र शैलियों से भिन्न है। वर्तमान में ये चित्र अधिकतर विदेशी संग्रहालयों और निजी संग्रहों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

लेखक : पारुल अरोड़ा
मंडी, हिप्र

विदेशों से हिमाचल प्रदेश की इस धरोहर को वापस लाने के लिए प्रयास करने चाहिएं। पहाड़ी चित्रकला की कांगड़ा चित्र शैली के उपरांत पिछले वर्ष बसोहली चित्र शैली (जम्मू) को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त हुआ। मंडी चित्र शैली को भी भौगोलिक संकेत प्राप्त हों, इस दिशा में हमें कार्य करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बेवफ़ा कैसे कहूं

शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

फूल उगते हैं वहीं पर, साथ आते खार भी।
प्रेम होता है जहां, होती वहीं तकरार भी।
भूल सकता मैं नहीं बन के रही मेरी सदा,
दिल लगाया प्रीत पहली था नया वह प्यार भी।
दिल दिया सौदा नहीं मैंने किया है प्यार में,
जीत उनके साथ है तो हार है स्वीकार भी।
है तसव्वुर वह रहा मिलता सुकूं उससे सदा,
जिंदगी का हमसफर मेरा वही पतवार भी।
की जफा उसने हमीं से है उसी की आरजू,
बेवफा कैसे कहूं वे मिसालें यार भी।

ममता दीदी ! बंगाल में स्त्री अस्मिता लुट रही और आप तुष्टिकरण में लगी हैं

ममता बनर्जी को लेकर जब उनके प्रशंसक उनका गुणगान करते हैं तो यही बताते हैं कि बहुत संघर्ष भरा है 'ममता दीदी' का राजनीतिक जीवन। वह 1992 का दिसंबर महीना विशेष तौर पर याद दिलाना नहीं भूलते, जब एक शारीरिक रूप से अक्षम लड़की फेलानी बसाक जिसका कथित तौर पर सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं द्वारा बलात्कार किया गया था, को वह तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु के पास ले गई थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें उलटा गिरफ्तार कर लिया था।

लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

यानी 'दीदी' के प्रशंसक यह जरूर बताते हैं कि उनका राजनीतिक सफर स्त्री अस्मिता के लिए संघर्ष करने वाली बुलंद आवाज के रूप में शुरू हुआ है, लेकिन आज इस प्रशंसा के इतर हकीकत क्या है पश्चिम बंगाल की, कहीं कोई सुरक्षित नहीं। वस्तुत: ममता राज में कोई एक वर्ष भी ऐसा नहीं गुजरा है, जब हिंदू त्योहारों पर शांति बनी रही हो और इस्लामिक भीड़ ने पत्थर न बरसाए हों।

अक्सर आतंकवादी पश्चिम बंगाल के अलग-अलग स्थानों से पकड़े जाते हैं। बेंगलुरु ब्लास्ट के आतंकी भी यहीं आकर छिपे थे। हां, बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट करने वाले मुख्य आरोपित को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। दोनों कोलकाता से हिरासत में लिए गए। शाजिब हुसैन ने कैफे में आईईडी रखा था, जबकि अब्दुल मतीन ताहा ने धमाके की साजिश रची थी।

जिन 'ममता दीदी' के राजनीतिक जीवन को स्त्री अस्मिता से जोड़ा जाता है, उसी ममता के राज में आज संदेशखाली जैसी घटनाएं वर्षों से घट रही हैं। अभी यदि चप्पे-चप्पे की जांच हो जाए तो पता नहीं बंगाल में न जाने कितने ही संदेशखाली निकलकर सामने आ जाएंगे। एक स्त्री होकर स्त्री अत्याचार पर 'ममता' की चुप्पी, पुलिस को अत्याचारियों के स्थान पर पीड़ितों पर ही अत्याचार करने की छूट दे देना, आखिर क्या बता रहा है? यही कि 'ममता बनर्जी' वक्त के साथ इतनी बदल गईं कि उनके लिए राजनीति ही सब कुछ हो गई है। वह अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं।

पश्चिम बंगाल में एक नहीं, कई संदेशखाली भी सामने आ जाएं तो भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, उनकी सत्ता हर हाल में बनी रहना चाहिए। वह तो अच्छा है कि देश में न्यायालय है, केंद्र सरकार है, कई राष्ट्रीय एजेंसियां हैं, आयोग हैं, जो कि पीड़ित का पक्ष सुनने के लिए मौजूद हैं और उसके आधार पर राज्य सरकारों को निर्देश देने तथा पीड़ित को संरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था मुहैया कराने में सक्षम हैं। यदि यह नहीं होते तो सोचिए; 'ममता बनजी' अपनी सत्ता का और कितना अधिक दुरपयोग करतीं, जब अभी राज्य में पुलिस प्रशासन एवं तुष्टिकरण का यह हाल है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बढ़ती नशाखोरी प्रदेश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा

भारत के सबसे सुंदर पर्यटन स्थानों में से एक हिमाचल प्रदेश का नाम सुनते ही सबके जहन में एक ऐसी खूबसूरत तस्वीर उभरती है, जहां न केवल बर्फ से लदे ऊंचे-ऊंचे पहाड़, हरे-भरे जंगल, टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियां, जगह-जगह देवताओं के भव्य मंदिर सभी का मन मोह लेते हैं। वहीं, विनम्र, शांतप्रिय एवं गर्मजोशी से भरे स्वागत करने वाले लोग सबको अपनी समृद्ध संस्कृति एवं आध्यात्मिकता का बोध भी करवाते हैं। देश की आजादी के 8 महीने बाद 15 अप्रैल 1948 को यह सुंदर पहाड़ी प्रदेश 30 छोटी-बड़ी रियासतों के विलय के साथ केंद्र शासित मुख्य आयुक्त प्रांत के रूप में अस्तित्व में आया। पहली जुलाई 1954 में बिलासपुर जिला इसमें शामिल किया गया और एक नवंबर, 1956 को इसे आधिकारिक तौर पर केंद्र शासित प्रदेश का रूप दे दिया गया, बाद में 1966 तक पड़ोसी राज्य पंजाब, शिमला, कांगड़ा और कुल्लू के कई पहाड़ी क्षेत्रों को शामिल करके हिमाचल का आकार और बड़ा कर दिया गया। 25 जनवरी 1971 को इसे भारतीय संघ के 18वें राज्य के रूप में दर्जा मिला।

1948 से लेकर आज तक 76 साल के सफर में इस छोटे से राज्य ने विकास में कई बड़े राज्यों को भी मात देने का काम किया है। बात चाहे प्रति व्यक्ति आय की हो या बिजली उत्पादन की, हिमाचल हर क्षेत्र में आगे है। इसके अलावा फल उत्पादन या पर्यटन में इसने पूरे भारत देश में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। 87 फीसदी साक्षरता दर वाले इस प्रदेश की मौजूदा वक्त में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 22 हजार 227 रुपए है। यह आंकड़ा प्रदेशवासियों को गौरवान्वित करने वाला है, जिसके सही मायने में हकदार यहां के लोग हैं, जिनकी सरलता, मेहनत, ईमानदारी और सच्चाई की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है। इसके चलते इसे देवभूमि का दर्जा मिला है, लेकिन आज इसी देवभूमि की साख अपनी युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे के प्रचलन से अब दिनोंदिन खतरे में पड़ती जा रही है और छोटे और सधे हुए कदमों से सफर शुरू करने वाले हिमाचल के पांव इस महामारी से डगमगा रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि युवा देश की रीढ़ होते हैं, जिन्हें समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होती है और भारत जैसे देश में जहां आबादी का आधा हिस्सा 25 वर्ष से कम आयु का है, वहां देश के विकास में युवाओं की भागीदारी तो और बढ़ जाती है, मगर अफसोस आज का युवा लक्ष्यहीन बनकर कई नशों की लत में फंसता जा रहा है।

लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी पाठशाला

स्कूल, कॉलेज के छात्रों के लिए शराब, कोकीन, चरस, गांजा, अफीम और चिट्टे का सेवन करना आम बात हो गई है। हिमाचल पुलिस की एक रिपोर्ट के अनुसार नशे के मामलों में प्रदेश, देशभर में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। यहां की कुल जनसंख्या में से 0.24 प्रतिशत आबादी नशे की चपेट में आ चुकी है। एक सर्वे के अनुसार प्रदेश में करीब 2 लाख युवा ड्रग के आदी हैं, जिसमें लड़कियों की संख्या भी अच्छी खासी है। एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2023 में 2147 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि साल 2022 के दौरान 1517 मामले दर्ज किए गये थे, जहां 2023 में 13.8 किलोग्राम हेरोइन और 34.5 किलोग्राम अफीम जब्त की, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी। वहीं, राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी में भी 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आलम यह है कि 2560 कैदियों को रखने की क्षमता वाली राज्य की जेलों के इस वक्त मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 1205 आरोपी (लगभग 47 प्रतिशत) विभिन्न जेलों में बंद हैं।

यह स्थिति एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रही है कि अगर समय रहते सरेआम बेचे जा रहे इस जहर पर सख्त प्रतिबंध न लगाया गया तो आने वाली नई पीढ़ियां तबाह हो जाएंगी। अब प्रश्न यह उठना लाजिमी है कि आखिर नशा मुक्त समाज का लक्ष्य कैसे हासिल किया जा सकता है? इसका सीधा सा उत्तर है कठोर कानून, सामाजिक जागरूकता, स्वयं की इच्छाशक्ति एवं परिवार का सहयोग। अगर नशा करने वाले की इच्छाशक्ति मजबूत होगी, तभी वह अपनी इस बुरी आदत को छोड़ सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो इस दौरान सबसे जरूरी चीज घर का सहारा होता है। अगर रिश्तेदार लगातार लत से जूझ रहे व्यक्ति को ताना देते रहेंगे, तो उसका किसी भी तरह के नशे को छोड़ना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में परिवार उसका नैतिक समर्थन करके मनोबल बढ़ाए तो वह इस बुराई से बाहर आ सकता है। इस पुण्य काम में समाज को भी आगे आकर अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

कुछ लोग चंद रुपए की खातिर नौजवानों को नशे की तरफ धकेल रहे हैं। ऐसे में समय की मांग है कि हम सब यह सुनिश्चित करें कि इलाके में न कोई अपना, न कोई अन्य व्यक्ति नशा ला सके, न उसे बेच सके और न ही उसका प्रयोग कर सके। नशे पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट गाइड हिमाचल प्रदेश द्वारा नशे के विरुद्ध सभी स्कूलों में चलाया जा रहा 'निश्चय प्रोजेक्ट' भी एक सराहनीय कदम है और इसी तरह के जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएं तो निश्चित तौर पर देवभूमि सही मायने में देवभूमि साबित होगी क्योंकि नशे के विरुद्ध यह एक ऐसा युद्ध है, जिसमें विजय प्रदेश के साथ-साथ देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव डलेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

निस्वार्थ भाव से समाज हित में काम करने वालों की तादाद बहुत कम

वर्तमान में हमें समाज में विभिन्न प्रकार के व्यक्ति देखने को मिलते हैं, अगर हम गौर से आज समाज हित के प्रति निस्वार्थ भाव और सेवा भाव का विश्लेषण करने का प्रयास करें तो हमें एक बात निश्चित तौर पर देखने को मिलती है कि आज के परिप्रेक्ष्य में हरेक राज्य और हरेक क्षेत्र में समाज हित के नाम पर दिखावा ज्यादा देखने को मिलता है।

वहीं, निस्वार्थ भाव से समाज हित में काम करने वालों की तादाद बहुत कम देखने को मिलती है, जबकि जो व्यक्ति व कोई सामाजिक संस्था समाजसेवा में काम करने का प्रयास करती हैं और किसी न किसी रूप से किसी असहाय व्यक्तियों की यथासंभव सहायता करने का प्रयास करती है, वहां एक बात जरूर देखने को मिलती है कि इस स्थिति में समाज का एक बड़ा क्षेत्र किसी भी पुनीत कार्य के उद्देश्य को जानकर भी केवल मात्र मूकदर्शक बनकर या तमाशा देखने तक सीमित हो जाता है, जो बहुत ही चिंताजनक और दुखद विषय है, जबकि इस स्थिति में अगर मिलकर समाज हित में बिना किसी स्वार्थ के काम किया जाए तो निश्चित तौर पर यह एक उस असहाय व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी राहत मिल सकती है। कलयुग के इस दौर में लोगों के अंदर सेवा भाव बहुत कम देखने को मिलता है, जिसका शहरों में ज्यादा प्रभाव देखने को मिलता है, जहां इंसान के अंदर इंसानियत दिन प्रतिदिन खत्म होती जा रही है और हम अपने आप और अपने निजी जीवन तक सीमित होते जा रहे हैं।

लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वहीं, आस-पड़ोस और समाज के प्रति अपनी सहभागिता बहुत कम देखने को मिलती है, जबकि हिमाचल प्रदेश के अधिकांश गांवों में आज भी इंसानियत और दुख-सुख में एक-दूसरे सहभागी बनते हैं और किसी भी असहाय और गरीब व्यक्ति की यथासंभव सहायता करने के लिए गांव का हर व्यक्ति तैयार नजर आता है, जो कि एक सभ्य समाज के लिए बहुत आवश्यक भी है, परंतु आज शहरों और अपने आप को संपन्न समझने वाले व्यक्ति समाज हित के कार्य के प्रति अपनी सहभागिता नहीं दिखा पाता है या फिर वह अपने जीवन में व्यस्तता का बहाना बनाकर अपने समाज हित के उद्देश्य से कहीं न कहीं विमुख हो रहा है। एक दूसरा कारण यह भी है कि समाज हित के कार्यों को चाहते सभी हैं, परंतु समय देने वाले और अपनी सहभागिता चंद व्यक्ति ही देखने व सुनने को मिलते हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश जैसा अतिथि देवो भव: वाला राज्य है, जहां लोगों का किसी अंजान और दूसरे व्यक्ति के प्रति भी आदरभाव और सम्मान का भाव रहता है। इस स्थिति में आज प्रदेश में उन तमाम सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की परम आवश्यकता है, जो सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवी स्वार्थ के इस दौर में भी किसी न किसी रूप से समाज, व्यक्ति और क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए प्रयासरत हैं।

इस प्रकार अगर हम औसतन निकालें तो ऐसे व्यक्ति बहुत कम ही देखने को मिलेंगे, जो हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिलों एवं क्षेत्रों में किसी न किसी रूप से समाज हित और असहाय व्यक्तियों के जीने का सहारा बन रहे हैं, परंतु दुख तब अधिक होता है, जब समाज का बड़ा क्षेत्र किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा पुनीत कार्य या विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य को हम मूकदर्शक बनकर रह जाते हैं और या फिर झूठी शानो-शौकत का दिखावा ज्यादा देखने को मिलता है, जहां कुछ समय के लिए सेल्फी इत्यादि लेकर और सोशल मीडिया पर अपनी वाहवाही लूटने के लिए हम कहीं न कहीं हास्यास्पद का भी कारण बनते हैं, परंतु आज युवाओं और समाज को समय-समय पर अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज हित और जरूरतमंदों का सहारा भी बनना चाहिए, ताकि आपके पुनीत कार्य से आपके बच्चे प्रेरित हों और आगे चलकर आपके नक्शे कदम पर वह भी समाज में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करते रहें।

हमें यह निश्चित करना है कि हमने अपनी पहचान के लिए कार्य करना है या फिर अपने आप तक सीमित होकर समाज में गुमनामी का शिकार होना है। देवभूमि में उन तमाम समाजसेवियों और सामाजिक संस्थाओं का इतिहास देखें तो हमें क्षेत्र और समाज में लोगों के द्वारा समय-समय पर उनकी प्रशंसा देखने व सुनने को मिलती है, जिससे विदित होता है कि वे अपने समय में कितने समाज और जरूरतमंदों के लिए सहायक रहे होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

ऑनलाइन बैंक फ्रॉड बढ़ते ही जा रहे है। हर रोज ऐसी कई घटनाएं सुनने को मिलती हैं, जिनमें लोगों को जरा सी असावधानी के कारण बड़ा नुकसान झेलना पड़ता है। इस तरह के फ्रॉड को ज्यादातर ऑनलाइन ही अंजाम दिया जाता है, इसलिए अपराधी तक पहुंचना भी काफी चुनौती भरा होता है। जिन लोगों के साथ इस तरह की घटनाएं होती हैं, उनमें से ज्यादातर लोगों ने खुद ही कोई न कोई गलती या लापरवाही की होती है, जब तक आपकी निजी डिटेल्स किसी के पास नहीं पहुंचती है, तब तक फ्रॉड को अंजाम देना मुश्किल होता है, ऐसे में अगर आप ऑनलाइन फ्रॉड से बचना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आपकी पर्सनल जानकारी के बिना बैंकिंग फ्रॉड को अंजाम देना बहुत मुश्किल होता है, ऐसे में आपको अपनी पर्सनल जानकारी जैसे क्रेडिट कार्ड नंबर, यूपीआई पिन आदि की जानकारी गोपनीय रखनी चाहिए। इस तरह की जानकारी किसी को न दें क्योंकि बैंक या वित्तीय कंपनियां आपसे ये जानकारी कभी नहीं मांगतीं, न ही यूजरनेम, पासवर्ड या अन्य बैंक डिटेल मांगी जाती है। इसलिए सतर्क रहें।

-मीनाक्षी, नगरोटा बगवां

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।
editoranantgyaan@gmail.com

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

मां पोलहानी में हजारों भक्तों ने नवाया शीश

मुकेश कुमार, डलहौजी

प्रसिद्ध पर्यटक नगरी डलहौजी में लक्कड़ मंडी के साथ लगते पोहलानी माता का मंदिर के प्रति लोगों की विशेष आस्था है। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में मांगी जाने वाली श्रद्धालु की हर मन्नत पूरी होती है।

बता दें कि पोहलानी देवी को पहलवानों की देवी कहा जाता है। इस मंदिर में वर्ष के अधिकतर समय भक्तों का तांता लगा ही रहता है, लेकिन नवरात्र के दौरान यहां अधिक संख्या में श्रद्धालुओं माता के दरबार में हाजिरी भरने पहुंचते हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार हजारों वर्ष पहले इस डैनकुंड की पहाड़ी के इस मार्ग से कोई भी नहीं आता जाता था, क्योंकि इस पहाड़ी पर राक्षसों का वास होता था। तब माता काली ने पहलवान के रूप में आकर राक्षसों का संहार किया तब से इस मंदिर का नाम पोहलवानी पड़ा। कहते हैं डैनकुंड नामक इस जगह पर डायनों का निवास स्थान था।

लोगों का कहना है कि डैन अमावस्या पर यहां आज भी डायनें आती हैं। बताते चलें कि माता पोहलानी मंदिर में नवरात्र के अवसर पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, जो भी श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामना लेकर माता के दरबार में पहुंचते हैं माता उनकी हर मनोकामना पूरी करती है।

यहां मंदिर आने पर कई भक्तों को मणिमहेश कैलाश पर्वत के भी साक्षात दर्शन होते हैं। लेकिन ज्यादातर कैलाश पर्वत को धुंध घेरे रखती है। लेकिन वह किस्मत के धनी ही होते हैं जिनको साक्षात मणिमहेश के दर्शन पलानी माता मंदिर से होते हैं। (अनंत ज्ञान)

पोहलानी माता मंदिर।

एसडीएम शशिपाल ने गुज्जर समुदाय के लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

चुराह हलके में चुनावों को लेकर चला 'मिशन 414'

आजम डार, तीसा

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मिशन 414 के तहत विधानसभा क्षेत्र चुराह विधानसभा क्षेत्र के के दूरस्थ मतदान केंद्र ज्यूरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया । इसकी अध्यक्षता एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चुराह शशिपाल शर्मा ने की।

शशिपाल शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान जनजातीय वर्ग से संबंधित घुमंतू गुज्जर समुदाय को मतदान के महत्व को लेकर जानकारी प्रदान की तथा उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए इनसे मतदान करने का आग्रह भी किया गया।

कार्यक्रम को अधिक प्रभावी तथा आकर्षक बनाने के लिए बहुआयामी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इनमें खेलकूद प्रतिस्पर्धाएं, रस्साकशी प्रतियोगिता तथा महिला वर्ग के लिए विशेष तौर पर म्यूजिकल चेयर रेस, खाना पकाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

मतदाता जागरूकता का प्रभावी संदेश देने के लिए सिग्नेचर वाल पर ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ मतदान करने की शपथ भी ली गई।

उपमंडल नोडल अधिकारी स्वीप भूमेश कुमार ने मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की।

लोगों को जागरूक करने के दौरान शशिपाल शर्मा व साथ में मौजूद लोग।

भराड़ा स्कूल एक अध्यापक के सहारे 88 बच्चों का भविष्य दांव पर

आजम डार, तीसा

राजकीय प्राथमिक पाठशाला भराड़ा में 82 बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा एक अध्यापक पर हैं। ऐसे में अध्यापकों के दो पद पाठशाला में पिछले कई सालों से खाली हैं।

इस वजह से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है और बच्चे पढ़ाई से भी पिछड़ रहे हैं। इकलौते अध्यापक को बच्चों की पढ़ाई करवानी पड़ रही है तो वहीं स्कूल प्रबंधन का सारा कामकाज भी उन्हें ही देखना पड़ रहा है।

यही वजह है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला भराड़ा में बच्चों की पढ़ाई सही तरीके से नहीं हो पा रही है। अध्यापकों की कमी के बारे में अभिभावक कई बार शिक्षा विभाग को भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक विभाग ने खाली पदों को भरने के लिए कोई भी उचित कदम नहीं उठाए हैं। (अनंत ज्ञान)

चार साल से खाली पड़े हैं अध्यापकों के दो स्वीकृत पद

उच्चाधिकारियों को इस संबंधी करवा चुके हैं अवगत : विषेश्वर

उधर, स्कूल में कार्यरत अध्यापक विषेश्वर कुमार ने बताया कि चार सालों से पाठशाला में अध्यापकों की कमी चल रही है। इसके बारे में विभाग के उच्चाधिकारी को भी बता दिया गया है।

लोगों को सताने लगी बच्चों के भविष्य की चिंता : बशीर

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बशीर मोहम्मद ने बताया कि राप्रापा भराड़ा में पिछले कई वर्षों से अध्यापकों की कमी है। इसे पूरा करने के लिए स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में भी प्रस्ताव पारित किया गया, लेकिन इसे शिक्षा विभाग पूरा नहीं कर पाया। यही कारण है कि आज लोगों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सताने लगी है। प्राथमिक स्तर की पढ़ाई शिक्षा के क्षेत्र में नींव मानी जाती है। यदि नींव ही कमजोर होगी तो विद्यार्थी भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में कमजोर रहेगा।

भूस्खलन : बिजली के खंभे टूटने से कई गांवों में ब्लैक आउट, लोग परेशान

खड़ामुख-होली मार्ग पर आवाजाही बंद

निजी प्रोजेक्ट के रास्ते का 100 मीटर का हिस्सा भी मुख्य मार्ग पर गिरा

ओपी शर्मा, भरमौर

बीते लगभग 20 घंटे से जनजातीय क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत खड़ामुख - होली मार्ग छोटे-बड़े वाहनों के लिए पूर्णता बाधित है।

जानकारी के अनुसार बीती रात अचानक आए भारी भूस्खलन से निजी प्रोजेक्ट के रास्ते का लगभग 100 मीटर का हिस्सा मुख्य मार्ग पर आ गिरा जिससे होली खड़ामुख मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। हालांकि इसकी बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग ने युद्ध स्तर पर काम छेड़ हुआ है। बावजूद इसके अभी भी मुख्य मार्ग नहीं खुल पाया है।

बताते चलें कि इस भूस्खलन में कई बिजली के खंभे भी चपेट में आ गए जिससे क्षेत्र के ज्यादातर गांव में बिजली आपूर्ति सेवा भी ठप पड़ी है। हालांकि अपने चुनावी दौरे पर कंगना रानौत को भी भरमौर वाया सियूंर होकर होली पहुंचना पड़ा जबकि गरोला में चुनावी बैठक को स्थगित करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

टूटी हुई सड़क से गुजरता एक व्यक्ति व (इनसेट में) सड़क का टूटा हुआ एक बड़ा हिस्सा।

विद्युत बोर्ड ने बिजली सप्लाई का कार्य किया शुरू

वहीं विद्युत बोर्ड भी बिजली बहाली हेतु कमर कसते हुए हैं और भूस्खलन का शिकार हुए खंबों की जगह दूसरे खंबे एवं तारों का इंतजाम कर बिजली बहाली हेतु विद्युत बोर्ड में भी कमर कसी हुई है। लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत बोर्ड की माने तो जल्द ही मुख्य मार्ग एवं बिजली आपूर्ति सेवा बहाल कर दी जाएगी।

पैदल चलने योग्य भी नहीं बचा है रास्ता

जानकारी के अनुसार लैंडस्लाइड इतना भारी है कि नीचे पैदल चलने योग्य रास्ता भी नहीं बचा है लिहाजा कर्मचारी को लोगों को वाया भरमौर सियूंर से होकर भरमौर पहुंचना पड़ा। इसी कारण दो दिवसीय भरमौर दौरे पर पहुंची कंगना रनौत को भी वैकल्पिक रास्ते से होकर होली में लोगों को संबोधित करना पड़ा। पिछले 20 घंटे से सड़क बंद होने के कारण यहां पर दोनों ओर वाहनों का अंबेजम लगा हुआ है और लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने में काफी परेशान करना पड़ रहा है

मार्ग जल्द ही होगा बहाल : दिवाकर

वहीं लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया से इस मार्ग को लेकर बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग सुबह से ही मार्ग बहाली हेतु युद्ध स्तर पर काम छेड़े हुए हैं और बहुत जल्द इस रास्ते को बहाल कर दिया जाएगा।

रोहित वर्मा ने यूपीएस की में हासिल किया 607वां रैंक

मुकेश कुमार, डलहौजी

उपमंडल भटियात के अंतर्गत अवांह पंचायत के फलेत गांव के निवासी रोहित वर्मा ने यूपीएस की परीक्षा में 607वां रैंक हासिल हासिल कर जिला चंबा एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) में एसीपी के पर तैनात रोहित के पिता राजकुमार वर्मा ने बताया कि बेटे की हमेशा से ही पढ़ाई में गहन रुचि थी। जिंदगी में हमेशा कुछ बड़ा करने की चाह रही। अपने इसी रुचि के चलते आज रोहित ने यह मुकाम हासिल किया।रोहित की माता शकुंतला देवी गृहणी है।

रोहित की पिता राज कुमार वर्मा ने बताया कि ने रोहित को बचपन से ही आईएएस सेवा में जाने का सपना रहा है जिसके लिए वह बचपन से ही अग्रसर रहा। रोहित ने 2023 में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया है।

रोहित वर्मा की इस उपलब्धि की जानकारी मिलने के बाद उनके घर पर बधाई का तांता लग गया है। वहीं भटियात विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने भी रोहित को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

अजय बने जिले के स्वीप आइकन

चंबा, अनंत ज्ञान

चंबा जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय पैरा वॉलीबाल खिलाड़ी अजय शर्मा को खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन और कार्य करने पर वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पीडब्ल्यूडी जिला स्वीप आइकन बनाया गया। ये जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप डोगरा और नायब तहसीलदार एसडीएम कार्यालय चंबा संजय शांडील ने दी। उन्होंने बताया की अजय जिला चंबा के पहले अंतरराष्ट्रीय पैरा वॉलीबॉल और नेशनल क्रिकेट खिलाड़ी है।

उन्होंने खेलों में चंबा सहित हिमाचल प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। अजय ने कहा कि उनको लोकसभा चुनाव 2024 के लिए स्वीप आइकॅन बनना उनके लिए बहुत बड़े गर्व की बात है। मतदान राष्ट्र के प्रति नागरिकों का सर्वोच्च कर्त्तव्य है, इसलिए आगामी लोकसभा चुनावों में खासकर युवा वर्ग राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करें।

बासुकी नाग मंदिर कंडा जातर मेला शुरू

अनंत ज्ञान, भरमौर

भरमौर के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल बासुकी नाग मंदिर कंडा जातर मेले का शुभारंभ बड़ी धूमधाम से हुआ। इस मेले का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने किया। बतौर मुख्यातिथि पहुंचे ललित ठाकुर का लोगों ने स्वागत किया।

मेले के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने कहा है कि पिछले वर्ष यहां पर लोगों ने कुछ मांगे उनके समक्ष रखी थी। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा यहां पर झील का सौंदर्यीकरण सराय भवन का निर्माण तथा यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठने के लिए स्टील के बेंच मुहैया करवाने की मांग की गई थी, जिसको प्राथमिकता के आधार पर बासुकी नाग के आशीर्वाद से पूरा करके यहां की जनता को समर्पित कर दिया गया है।

यहां के लिए जो भी बन पाएगा प्राथमिकता के आधार पूरा करके धरातल पर उतारा जाएगा। लोगों को संबोधित करते हुए ललित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद यहां पर बनने वाली सड़क के लिए 30 लाख रुपए भी स्वीकृत कर दिए गए हैं, जिसका विभाग ने टेंडर भी कर दिया है।

वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता उपविजेता को इनाम देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के खेलों का आयोजन आज के युग में बहुत ही आवश्यक है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों में आपसी सहयोग और सौहार्द बढ़ता है और आज का युवा नशे की लत से बचता है। उन्होंने भविष्य में इस तरह की खेल आयोजनों को अधिक तरजीह देने की भी अपील की है।

खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि ललित व साथ हैं अन्य।

अफीम के पौधे बरामद, मामला दर्ज

कुल्लू। बंजार घाटी में पुलिस ने अवैध रूप से पैदा की गई अफीम की फसल को नष्ट किया है। पुलिस बंजार सहित कई क्षेत्रों के दूरदराज गांव में पहुंचकर अफीम की फसल को नष्ट करके कब्जे में ले रही है।

जानकारी के अनुसार बंजार पुलिस थाना में तैनात तीन इलाके में गश्त पर थी। पुलिस जब झनियार पहुंची तो खेतों में अफीम की फसल लहलहा रही थी। पुलिस ने खेतों में लहलहाती फसल को नष्ट करके कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके से 12732 पौधे अफीम के कब्जे में लिए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

दो लाख के गहने 50 हजार नकदी चोरी

ऊना। थाना सदर ऊना के अंतर्गत आते गांव रामपुर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। चोर घर से 50 हजार रुपए नकदी सहित दो लाख रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर गए। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीती रात चोरों ने ताले तोड़कर घर में प्रवेश किया। घर के अंदर अलमारियों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। लोगों ने रात के समय पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

भाजपा को चुनौती देने को तैयार विपक्षी गठबंधन : मनीष

डलहौजी। 'आप' के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शरीर ने कहा कि पूरा देश लोकसभा चुनावों में लोकतंत्र को बचाने के लिए एक जुट होकर विपक्षी गठबंधन के पक्ष में मतदान करने जा रहा है। इसके तहत हिमाचल में भी सभी चार सीटों पर इंडिया गठबंधन को चुनौती देने के लिए पूर्णतया तैयार है।

भाजपा की तानाशाही नीतियों के कारण पूरा देश नाजुक दूर से गुजर रहा है, ऐसे में लोकतंत्र व्यवस्था को खतरा प्रतीत हो रहा है। मनीष सरीन ने कहा कि भाजपा से लड़ाई अब सीधे आर-पार की लड़ाई है और इस लड़ाई में हिमाचल एक जुट होता दिखाई दे रहा है।

कंगना रनौत ने कुगति पूलन व होली में मांगे वोट

अनंत ज्ञान, भरमौर

मंडी से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत दूसरे दिन भरमौर के अंतिम छोर पर बसी पंचायत कुगति के साथ पूलन व होली में छोटी-छोटी जनसभा करके लोगों से वोट मांगे। चुनावी प्रचार की दूसरे दिन भरमौर भाजपा भी एकजुट होती हुई दिखी। दूसरे दिन कुगति में पूर्व विधायक जियालाल कपूर व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित तुलसीराम की धर्मपत्नी लीला शर्मा भी मंच पर एक साथ दिखे।

इस मौके पर कंगना रनौत ने लोगों को कहा कि उन्होंने भी अपने घर का नाम कार्तिक निवास रखा है। गौरतलब है ग्राम पंचायत कुगति को भगवान कार्तिक स्वामी का निवास स्थान माना जाता है यहां पर ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी का मंदिर भी स्थित है।

कंगना रनौत ने पूलन पंचायत में जाकर लोगों से अपने लिए वोट मांगें। यहां पर उन्होंने एक अपाहिज बच्ची से मिली और उनको हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया।

हालांकि रास्ता खराब होने के कारण उनका गला में कार्यकर्ताओं से बैठक नहीं हो पाई बावजूद इसके वैकल्पिक रास्ते से होकर उन्होंने होली में एक जनसभा को संबोधित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे भारत में इस वक्त प्रधानमंत्री मोदी का डंका बज रहा है । उन्होंने कहा है कि मोदी के कारण आज देश खुशी से झूम रहा है।

कंगना रनौत लोगों से मुलाकात करती हुईं।

सूडोकु 0036

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0035 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंड नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

18 अप्रैल, 2024, वीरवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** दशमी: (5:33) : **नक्षत्र :** अश्लेषा (7:57), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** गण्ड (00:42) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:46), **राहुकाल** (1:57 -3:34)।

विशेष दिन

» 18 अप्रैल 2024 : श्रीधर्मराज दशमी आज।

» 19 अप्रैल 2024 : कामदा एकादशी कल।

मेष : आज किसी सफेद वस्तु का दान करें, धनलाभ होगा। आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। भागदौड़ रहेगी।

वृषभ: संपत्ति के बड़े सौदे लाभदायक रहेंगे। व्यवसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। समय समय पर घर के बुजुर्गों को समय दें।

मिथुन : स्वभाव गरम रहेगा। दिनचर्या को बदलें। करीबी लोगों से आज धोखा मिलने की संभावना। व्यय वृद्धि संभव है।

कर्क : व्यवहार पर ध्यान दें। कई लोग नाराज है। रुका हुआ धन प्रयास करने पर मिलेगा। यात्रा, निवेश व नौकरी लाभ देंगे। तबादला हो सकता है।

सिंह : परिजनों का स्वास्थ्य नरम रह सकता है। लंबित कार्यों को गति मिलेगी। व्यवसायिक कार्यप्रणाली में परिवर्तन से लाभ बढ़ेगा।

कन्या : दूसरों की निंदा करने से बचें। धार्मिक लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्यसिद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

तुला: किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी। दुकान मकान के विवाद आपसी समझोते से हल होंगे। परिजनों से विवाद से बचें। नए दोस्त बनेंगे।

वृश्चिक: थोड़ा समय परिवार को दें। प्रेम-प्रसंग में सावधानी रखें, अन्यथा मान सम्मान को ठेस लग सकती है। कारोबार की बाधा दूर होकर कार्यसिद्धि होगी।

धनु : परिवार के आयोजनों में हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी से गलतफहमी के कारण विवाद संभव है। संपत्ति के बड़े सौदे संभव हैं।

मकर: काम को पूरा करने की कोशिश कामयाब होगी। आज किसी असहाय की मदद जरूर करें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें उलझ सकते है।

कुंभ : दिन की शुरुआत नए संकल्पों से होगी। परिवार संग किसी आयोजन में शामिल होंगे। जितना हो सके उतना विवादों को टालें।

मीन: अच्छा व्यवहार आप के व्यक्तित्व को और निखार सकता है। किसी संत पुरुष के दर्शन संभव है। कारोबार और परिवार में सामन्जस्य स्थापित होगा।

हरे रामा और हरे कृष्णा के जयकारों से गूंजा कुल्लू शहर

धूमधाम के साथ निकली भगवान श्री जगन्नाथ की शोभायात्रा, कृष्ण भावनामृत संग ने कार्यक्रम किया आयोजित, नाटिका, जगन्नाथ कथा को किया प्रस्तुत

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

रामनवमी के पावन अवसर पर हरे रामा हरे रामा हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे राम की जय जयकार से समूचा कुल्लू गूंज उठा। कुल्लू जिले में पहली बार श्री भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

बुधवार को बदाह के नजदीक टिकरा बाउडी से दिन के 11 बजे से श्री भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी के अवसर पर आयोजित इस शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने श्री भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भाग लेकर पुण्य कमाया। भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में भाग लेने के लिए सैकड़ों महिलाओं, युवतियों ओर युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। इस दौरान शोभायात्रा टिकरा बाउडी से होते हुए शास्त्रीनगर, गांधीनगर ओर सर्कुलर रोड से होते हुए रथ मैदान तक पहुंची। इस के बाद शोभायात्रा अटल सदन तक पहुंची और उसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ ओर माता सुभद्रा को अटल सदन के सभागार में मंच पर बैठाकर कार्यक्रम शुरू किया गया। शोभायात्रा के बाद भक्तों ने मधुर हरिनाम संकीर्तन, नाटिका, वैष्णव गीत एवं श्री भगवान जगन्नाथ कथा को प्रस्तुत किया। श्री भगवान जगन्नाथ शोभायात्रा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

श्री भगवान जगन्नाथ की मूर्ति कुल्लू के अटल सदन के सभागार में।

श्री भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में भाग लेते भक्त।

रघुनाथपुर में रामनवमी की रही धूम

सुल्तानपुर में स्थित भगवान राम के मंदिर में धूमधाम के साथ रामनवमी मनाई गई। इस अवसर पर सुबह से मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। भगवान राम की पूजा के दौरान मंदिर में मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह, कारदार टीका दानवेंद्र सिंह सहित समस्त परिवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा और पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों भक्तों ने मंदिर में भक्ति का रसपान किया।

श्रीमद् भागवत पुराण में भगवान कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

अनंत ज्ञान, आनी

आनी के प्रसिद्ध मुरलीधर मंदिर बटाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण का आज पूर्णाहुति के साथ ही विधिवत समापन हो गया है। समापन अवसर पर मंडी लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाग लिया। उनके द्वारा पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने क्षेत्रवासियों को श्रीमद्भागवत के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनको मंत्री के साथ-साथ अब एक और जिम्मेदारी दी गई है।

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण में क्षेत्र की बटाला, खुन्न, कमांद कोहिला, लझेरी और खनाग की जनता ने धार्मिक आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न करवाने में अपनी भूमिका निभाई। कमेटी के कारदार रामानंद शर्मा ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण में भगवान कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया गया। सात रात्रि भजन संध्याओं का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश भर से भजन गायकों ने भाग लिया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए यह धार्मिक आयोजन करवाया गया।



श्रीमद्भागवत पुराण के समापन मौके पर मुख्यातिथि पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य।

अब भाजपा ही मेरा घर : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस दी है। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं।

बुधवार को उन्होंने पट्टन घाटी के रांगवे, लोट, मेलिंग, रवालिंग, कीर्तिंग गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब मैं भाजपा का हूं और भाजपा ही मेरा घर है। अचानक हुए घटनाक्रम से वह भी वाकिफ नहीं थे, लेकिन अब वह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के सदस्य बन गए हैं। मेरे साथ हुए घटनाक्रम से अभी सभी अवगत होने लगे हैं। लाहौल-स्पीति की जनता की तीखी प्रतिक्रिया के बाद अब सहयोग मिलने लगा है। रवि ठाकुर आज पट्टन घाटी के रांगवे, लोट, मेलिंग, रवालिंग, कीर्तिंग गांव के दौरे के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति की जनता जानती है कि उनके परिवार का क्षेत्र के विकास में अहम योगदान रहा है। रवि ने लगभग एक दर्जन गांव का दौरा कर लोगों से बातचीत की व भाजपा का साथ देने का आग्रह किया। हालांकि अभी भाजपा के बहुत कम पदाधिकारी रवि के साथ घूम रहे हैं, लेकिन रवि का कहना है कि उनका कुनबा लगातार बढ़ रहा है। रवि ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल व लाहौल-स्पीति के प्रभारी महेंद्र ठाकुर के दौरे के बाद भाजपा के चुनाव प्रचार में गति मिलेगी।

भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर लाहौल में लोगों से बातचीत करते हुए।

कार्यकर्ताओं संग रणनीति

रवि ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। अपने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिलकर रणनीति बना रहे हैं। धीरे-धीरे उनके कुनबे में बढ़ोतरी हो रही है।

अंबिका माता मंदिर में भक्तजनों ने डाली पूर्णाहुति

भुंतर। अंबिका माता मंदिर नाउ में रामनवमी के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन माता कमेटी की ओर से किया गया। द्रंग विधानसभा की स्नोर घाटी की प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबिका माता मंदिर नाउ में रामनवमी के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के प्रधान राम नाथ शर्मा ने बताया कि एक विशाल हवन अनुष्ठान का आयोजन भी मंदिर में किया गया, जिसमें पूर्ण आहुति भी डाली गई। राम नाथ शर्मा ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों में लगातार दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें यहा हजारों लोगों ने मंदिर में शीश नवाया और माता से लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र के नौ दिनों में भी लोगों की ओर से भंडारे लगाए गए। माता नाउ हर व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण करती है और लोगों के दुखों का निदान भी करती है।

अंबिका माता मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य पर हवन करते पंडित।

लाव लश्कर से दुर्गा मंदिर पहुंची माता हिडिंबा

लाव लश्कर के साथ मालरोड सरहि दुर्गा मंदिर पहुंची मनाली घाटी की आराध्यदेवी माता हिडिंबा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

मनाली घाटी की आराध्यदेवी माता हिडिंबा लाव लश्कर के साथ दुर्गा मंदिर पहुंची। माता हिडिंबा ने आज माल रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में पूर्णाहुति में भाग लिया।

दुर्गा मंदिर में नवरात्र के उपलक्ष्य पर आयोजित गायत्री एवं शतचंडी महायज्ञ संपन्न हो गया। बुधवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। पूर्णाहुति के अवसर पर देवी मां हिडिंबा भी उपस्थित रही। सुबह ओल्ड मनाली से देवी मां हिडिंबा की भव्य शोभायात्रा निकली। भव्य रथ में विराजमान देवी हिडिंबा दोपहर को दुर्गा मंदिर पहुंची। इसके बाद शास्त्र एवं देव विधि से महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। वीरवार को महायज्ञ के उपलक्ष्य पर बाजार में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विशाल भंडारे के उपलक्ष्य पर वीरवार को मनाली में बाजार बंद रहेगा। पूर्णाहुति में भाग लेने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवी मां हिडिंबा दुर्गा मंदिर पहुंची। दोपहर बाद शास्त्र एवं देव विधि से पूर्णाहुति हुई, जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए मंदिर के बाहर माल रोड में लोगों की भारी भीड़ जुटी।

तांदी, कोहिला और शमशर में फिर हांफी एचआरटीसी की बसें, लोगों में रोष

पांच दिनों में छह रूटों पर खराब हुई बसें

जितेंद्र गुप्ता, आनी

एचआरटीसी के रामपुर डिपो प्रबंधन की ओर से आनी क्षेत्र को खटारा बसें भेजने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार और बुधवार को दो दिनों में ही आनी भेजी गई तीन रूटों पर एचआरटीसी की बसें बीच रास्ते मे ही हांफ गई।

नतीजतन सवारियों को आधे रास्ते से गंतव्य स्थानों तक बड़ी मुश्किलों से पहुंचना पड़ा। मंगलवार को आनी से खनाग वाया कोहिला भेजी गई बस सेवा कोहिला से वापस आते समय बीच रास्ते में खराब हो गई। वहीं, तराला से आनी आ रही बस सेवा शमशर में दम तोड़ गई, जबकि बुधवार को निथर से आ रही एक बस तांदी में ब्रेक डाउन हो गई। ऐसा पहली बार नहीं हुआ बल्कि शनिवार से बुधवार तक 5 दिनों में ही 6 बसें आनी के ग्रामीण रूटों में बीच रास्ते मे हाथ खड़े करके सवारियों को राम भरोसे छोड़ चुकी हैं।

ऐसे में क्षेत्र की जनता परेशान है कि क्या रामपुर डिपो में सभी बसें खटारा ही हैं या फिर आनी के ग्रामीण रूटों पर जानबूझकर ऐसी बसें भेजी जा रही हैं। हालांकि इस बारे में रामपुर डिपो के आरएम से पूछने पर उन्होंने जवाब नहीं दिया, बल्कि तकनीकी खराबी आने का तर्क देकर एक बार पल्ला तो झाड़ लिया, लेकिन बसें खराब होने के कारण क्षेत्र की जनता को हो रही परेशानी को लेकर उनका जवाब कोई न था। लोगों में एचआरटीसी के रामपुर प्रबंधन के खिलाफ अब रोष पनपने लग गया है। भीम सिंह, अशोक कुमार, संतोष कुमार, रिद्धि राम, देस राज, देवेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोगों का कहना है कि रामपुर डिपो प्रबंधन द्वारा यदि आनी क्षेत्र के साथ यही रवैया अपनाया गया, तो जल्द ही आनी बस अड्डे में बैठकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> आनी क्षेत्र को जाने वाली बसें खराब क्यों हो रही हैं, इसकी छानबीन की जाएगी।
> **अतुल गुप्ता, कार्यकारी क्षेत्रीय प्रबंधक एवं वर्कस मैनेजर,रामपुर डिपो।**

शिवालिक कोचिंग अकादमी के 12 छात्र अग्निवीर में हुए शामिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू के ढालपुर में स्थित शिवालिक कोचिंग अकादमी के 12 प्रशिक्षुओं का अग्निवीर के लिए हुए चयन हो गया है। अकादमी के संचालक राकेश कुमार ने बताया कि अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए तीन महीने पहले कोचिंग के लिए लाहौल से आए 12 प्रशिक्षुओं ने अकादमी में दाखिला लिया था।

भारतीय सेना की ओर से लद्दाख स्काउट की लिखित परीक्षा 31 मार्च , 2024 को ली गई थी, जिसका परिणाम 16 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया, जिसमें शिवालिक कोचिंग अकादमी कुल्लू के 12 प्रशिक्षुओं का चयन हुआ हैं। शिवालिक कोचिंग अकादमी के संचालक राकेश ने बताया कि लाहौल से आए 12 प्रशिक्षुओं ने अग्निवीर के लिए पहले ग्राउंड क्वालीफाई किया था और उसके बाद लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए शिवालिक अकादमी में अकादमी के शिक्षकों के साथ पूरे तीन महीने जम कर तैयारी की ओर इसका नतीजा ये हुआ कि सभी 12 प्रशिक्षुओं ने एक साथ लद्दाख स्काउट्स की लिखित परीक्षा पास कर अग्निवीर के लिए चयनित हुए।

शिवालिक कोचिंग अकादमी के प्रतिभागी।

जनरल हाउस 22 अप्रैल को

भुंतर। पार्वती ब्यास संगम जीप यूनियन भुंतर की ओर से 22 अप्रैल को जनरल हाउस बुलाया गया है, जिसकी अध्यक्षता पार्वती ब्यास संगम जीप यूनियन भुंतर के प्रधान बेली राम करेंगे। यूनियन के प्रधान ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि 22 अप्रैल सोमवार को प्रात: 11 बजे यूनियन भवन में रखी जनरल हाउस की बैठक में भाग लें।

बैठक में लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। यूनियन की ओर से किए जा रहे कार्यों को बेहतरीन तरीके से करने के लिए भी रणनीति तैयार की जाएगी।

तीर्थन घाटी में दिले राम शबाब मेमोरियल कप 2024 का समापन

द गेम चेंजर तीर्थन टीम रही विजेता

अनंत ज्ञान, तीर्थन

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी स्थित नागनी खेल मैदान में 15 मार्च से चल रहे दिले राम शबाब मेमोरियल कप 2024 सीजन-1 क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ।

पंचायत स्तरीय इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन तीर्थन संरक्षण एवं पर्यटन विकास एसोसिएशन तथा स्पोर्टस टूरिज्म एंड कल्चरल इवेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन नागणी के संयुक्त तत्वाधान से किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से 60 और महिला वर्ग से 12 टीमों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता के समापन पर विधायक सुरेंद्र शौरी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों व आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार बांटे। इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें महिला क्रिकेट प्रेमियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना दमखम आजमाया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच लक्ष्मी नारायण वैली कलवारी और द गेम चेंजर तीर्थन के बीच में खेला गया, जिसमें द गेम चेंजर तीर्थन टीम विजेता रही। वहीं महिला वर्ग में शेष नाग इलेवन शिल्ली की टीम विजेता बनी। सूरज मन को मैन ऑफ द मैच, रिंकू को मैन ऑफ द सीरीज देकर सम्मानित किया गया है। विधायक ने युवाओं को नशे से दूर रहते हुए खेलों को खेल भावना से खेलने का भी आह्वान किया है।

मुख्यातिथि विधायक सुरेंद्र शौरी के साथ विजेता टीमें सामूहिक चित्र में।

मनाली, सैंजव भुंतर में बरामद की अवैध शराब की 733 बोतलें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने भी कमर कसते हुए अवैध रूप से शराब का कारोबार करने पर नकेल कस दी है।

इसी कड़ी के चलते जिला पुलिस ने मनाली, सैंज व भुंतर में तीन अलग-अलग मामलों में 733 बोतलें अवैध शराब की बरामद की हैं। पहले मामले में मनाली पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गाड़ी नंबर एचपी-02 के 1026 की तलाशी लेने पर 12 बोतलें रायल स्टैग और 12 बोतलें वीयर की बरामद की हैं। पुलिस ने इस मामले में गाड़ी में सवार सुचित कुमार गुप्ता निवासी ढूंगरी डाकघर व तहसील मनाली के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है, जबकि दूसरे मामले में भुंतर पुलिस की टीम ने जिया में गुप्ता सूचना के आधार पर एक स्टोर में 192 बोतलें अंग्रेजी शराब, 262 बोतलें देशी शराब व 228 बोतलें बीयर की बरामद की हैं। पुलिस ने इस मामले में राकेश निवासी जिया के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। इसके अलावा तीसरे मामले में सैंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरधारी लाल निवासी देहुरी डाकघर बनोगी तहसील सैंज के घर की तलाशी लेने पर 27 बोतलें संतरा मार्का की बरामद की हैं। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

विश्व में बज रहा भारत का डंका : बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि आज भाजपा सरकार विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रही है। सभी मुश्किलों के बीच भारत आज असंभव कार्यों को भी संभव बना रहा है। राजीव बिंदल बुधवार को भाजपा के स्पीति मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं व लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली आर्थिक शक्ति बन गया है। बिंदल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष की सरकारें संकट के समय दूसरे देशों से मदद मांगती थी, लेकिन कोरोना काल में भारत ने दूसरे देशों को वैक्सीन भेजकर सहायता की। भाजपा सरकार ने युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित रूप से निकालकर घर पहुंचाया है। आज समूचे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और यह जनता के एक-एक वोट के कारण संभव हुआ है।

देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मन बना चुकी है। बिंदल ने भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने का आह्वान किया। चार जून को 400 पार और हिमाचल में चार की चार सीटें भाजपा जीतेगी। उधर, लाहुल-स्पीति भाजपा के अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध ने बताया कि राजीव बिंदल के स्पीति दौरे के बाद स्पीति भाजपा कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हुआ है। राजीव बिंदल ने काजा में भाजपा मंडल स्पीति के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चर्चा की।

बैठक के दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. राजीव बिंदल।

परेशानी बरसात में टूटी सड़क की हालत नहीं सुधार पाया लोनिवि, एनएचएआई व बीआरओ, जिलेभर में गहराई ट्रैफिक जाम की समस्या

आपदा के 10 माह बाद भी क्षतिग्रस्त सड़कों की हालत जस की तस

कमलेश वर्मा, कुल्लू

कुल्लू में आपदा के 10 माह बीत गए, लेकिन अभी तक आपदा के जख्म नहीं भर पाए हैं।

आपदा से क्षतिग्रस्त हुई जिले की सड़कों की हालत अभी तक जस की तस है, इन सड़कों को सुधारने की दिशा में न ही तो सरकार और न ही जिला प्रशासन व संबंधित विभाग कोई उचित कदम उठा रहा है। इस कारण स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, पर्यटक भी सड़कों की खस्ताहालत देख जिले से मुंह मोड़ने लगे हैं। लिहाजा, कुल्लू में क्षतिग्रस्त सड़कों ने पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों का दर्द बढ़ा दिया है। उधर, यदि बात की जाए पर्यटन नगरी मनाली की सड़कों की तो 10 महीने बीत जाने के बाद भी बरसात से टूटी सड़कों की हालत बेहद खस्ता है। एनएचएआई व बीआरओ सड़कों की हालत नहीं सुधार पाया है। कुल्लू, मनाली में समर सीजन ने दस्तक दे दी है। हर रोज लगभग दो हजार पर्यटक वाहन मनाली में दस्तक दे रहे हैं। सड़कों की हालत न सुधरने से इन दिनों पंडोह से लेकर मनाली के धुंधी तक पर्यटक ट्रैफिक जाम का सामना कर रहे हैं। यही हाल रहा तो इस बार समर सीजन में पर्यटन कारोबारियों को नुकसान झेलना पड़ सकता है। उधर, वाहन चालक अभिनव, संजू, प्रवीण, पुरषोत्तम, राहुल, प्यारु व रमेश ने बताया कि जुलाई में ब्यास नदी में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सड़कें अभी भी ठीक नहीं हुई हैं। एक ओर जहां पंडोह डैम से लेकर मनाली के धुंधी तक ट्रैफिक जाम लग रहा है। वहीं, दूसरी तरफ भुंतर-मणिकर्ण सड़क की हालत भी बेहद खराब है। इसके अलावा औट-सैंज, औट-बंजार-तीर्थन-तांदी-जिभी सड़क भी खस्ताहाल है।

वहीं, मनाली के बाइपास का कुछ भाग तो मनाली के स्वंयसेवियों ने ठीक कर दिया था, लेकिन उसके बाद एनएचएआई ने यहां बिलकुल भी काम नहीं किया है। हालांकि इस भाग में फोर लाइन सड़क का निर्माण हुआ था, लेकिन बाढ़ में बह गई सड़क आज भी एनएचएआई की राह देख रही है। (अनंत ज्ञान)

आपदा से क्षतिग्रस्त मनाली में सड़कों की हालत।

टैक्सी यूनियन में सड़कों की खस्ताहाल को लेकर रोष

हिम आंचल टैक्सी यूनियन के प्रधान पूर्ण चंद ठाकुर, मनाली होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, मनिकर्ण होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर, तीर्थन व जिभी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों और पर्यटन कारोबारियों सहित जिला टैक्सी यूनियन में सड़कों की खस्ताहालत को लेकर भारी रोष है। उनके अनुसार जिलेभर में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों के साथ मनाली से बाहंग तक मात्र पांच किमी के क्षेत्र को बीआरओ सात महीने में ठीक नहीं कर पाया है। जिले की विभिन्न होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि समर सीजन शुरू हो गया है, लेकिन सरकार, प्रशासन, एनएचएआई व लोनिवि अभी भी गहरी नींद सोए हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों की हालत जल्द सुधारी जाए, ताकि स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को ट्रैफिक जाम सहित अन्य पेशानियों से न जूझना पड़े।

माकड्रिल कर अग्निकांड व भूकंप से बचाव के दिए टिप्स

राइसन कैच फैक्टरी में मॉकड्रिल करते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

अनंत ज्ञान, कुल्लू

अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अग्निशमन कैच फैक्ट्री रायसन-तहसील व जिला कुल्लू में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मॉकड्रिल का आयोजन कर आगजनी की अप्रिय घटनाओं से बचाव के लिए सभी को जागरूक किया। इस दौरान फैक्टरी के करीब 40 कर्मचारियों ने मॉकड्रिल में भाग लिया और आगजनी के साथ-साथ भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान किस तरह से सावधानी बरतें, इस बारे में जानकारी हासिल की। एसडीओ कुल्लू प्रेम ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर आगजनी के दौरान होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए जगह-जगह मॉकड्रिल का आयोजन कर जागरूकता फैलाई जा रही है।

विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर में किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में प्रचार अभियान को बेहतर ढंग से अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से चुनाव कार्यालय स्थापित किया है।

बुधवार को रामनवमी पर्व पर बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित पार्टी कार्यालय में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ करने के बाद सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने के साथ ही जिला स्तर पर भाजपा की अन्य सभी गतिविधियां इसी कार्यालय से संचालित होंगी। हिमाचल में लोकसभा चुनाव के तहत एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा।

चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल।

चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया मई माह में होगी। उसके बाद चुनाव प्रचार को लेकर बिलासपुर में भी भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के कई नेताओं की रैलियां होने की संभावना है।

कार्यकर्ताओं को मिलेगा कार्यालय का लाभ

विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि आने वाले दिनों में इसे और भी बेहतर ढंग से अमलीजामा पहनाने तथा रैलियों व अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा और रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में पार्टी का चुनाव कार्यालय स्थापित किया गया है। बुधवार को चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर विधायक त्रिलोक जमवाल तथा भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान के साथ ही कार्यालय सचिव दिवेश चंदेलए शहरी इकाई के अध्यक्ष मदन राणा और युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे कार्यकर्ता को लाभ मिलेगा।

25 हजार भक्तों ने लिया मां नयनादेवी का आशीर्वाद

रामनवमी पर मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, मां के दर्शन करने को सुबह से मंदिर में लगी भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें

अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी जी

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में बुधवार नवमी के दिन जहां श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में माता के दर्शन किए। वहीं पर नव विवाहित जोड़ों ने भी माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से जहां पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

19 लाख 84 हजार रुपए का नकद चढ़ावा चढ़ा

बुधवार को लगभग 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने नौवीं पूजन किया। अष्टमी नवरात्रि पर मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में 19 लाख 84 हजार 125 नगद, सोना 8 ग्राम, चांदी एक किलो105 ग्राम, विदेशी मुद्रा कनाडा 20 डॉलर आस्ट्रेलिया 20 डॉलर, यूएसए 11 डॉलर यूएई 260 दीराम प्राप्त हुए। यह जानकारी मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने यह जानकारी दी। वहीं पर जिला प्रशासन पुलिस मंदिर न्यास के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे।

बुधवार को सुबह से भी श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लग रहा और मंदिर की सुरक्षा कर्मियों ने लाइनों में श्री माताजी के दर्शन करवाए।

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने बुधवार को रामनवमी के उपलक्ष्य पर जहां पर पूजा-अर्चना की। वहीं पर प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डालकर अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

शक्तिपीठ श्रीनयनादेवी में रामनवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

मंदिर में दिनभर लगी रही रौनकें

रामनवमी के उपलक्ष्य पर मां नयनादेवी के मंदिर में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से जहां पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर में माता कि दर्शन को दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें।

सुख-समृद्धि की कामना

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने बुधवार को रामनवमी के उपलक्ष्य पर जहां पर पूजा-अर्चना की। वहीं भक्तों ने हवन कुंड में आहुतियां डालकर अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

न्यूज ब्रीफ

बिलासपुर में बास्केटबाल ट्रायल 21 अप्रैल को

बिलासपुर। 26 से 28 अप्रैल में साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी हमीरपुर में होने वाली अंडर-19 पुरुष व महिला वर्ग की होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केटबॉल टीम के ट्रायल 21 अप्रैल को बास्केटबाल खेल स्टेडियम ब्वायज स्कूल बिलासपुर में सुबह नौ बजे होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के प्रधान डॉ. प्रवीण रनौत और कोषाध्यक्ष अभिषेक टेस्सू ने बताया कि पहली जनवरी 2006 के बाद जन्मे पुरुष और महिला खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ-साथ अपने माता-पिता का आधार कार्ड लाना भी आवश्यक है। इस चयन प्रक्रिया में अश्वनी कुमार, संजय कुमार, विमल कुमार, विशाल शर्मा, राजकुमार राठौर सम्मलित होंगे।

कंदरौर स्कूल में हवन यज्ञ के साथ हुआ नए सत्र का आगाज

घुमारवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर में दुर्गा अष्टमी पर प्रधानाचार्याए स्टाफ और विद्यार्थियों ने हवन-यज्ञ और कीर्तन करके नए सत्र की शुरुआत की। विद्यालय के शास्त्री अध्यापक अश्विनी कुमार ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों ने हवन में आहुतियां डालीं। अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की खूब सराहना की। प्रधानाचार्य सुनीता राणा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि स्कूल दिन-रात चैगुनी तरक्की करें। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों ने भी इस पूजा-अर्चना में अपना योगदान दिया। इस मौके पर केशव, करुणा, आशा देवी, करतार, सुरेश और अन्य उपस्थित रहे।
प्रदेश की छह कब्बड्डी खिलाड़ियों को इंडिया कैंप के लिए चयन

इंडिया कैंप के लिए छह कबड्डी खिलाड़ी चयनित

घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश के छह कबड्डी खिलाड़ियों साक्षी शर्मा, ज्योति, निधि, पुष्पा, भावना व केशव का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ है, जो निश्चित रूप से हिमाचल के लिए गर्व की बात है। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार ब्रांटा, महासचिव कृष्ण लाल, प्रेस सचिव बीएल धर्मानी व बिलासपुर कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव विजय पाल चंदेल ने चयनित होने वाले सभी छह खिलाड़ियों को बधाई दी है । एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि जो खिलाड़ी इंडिया कैंप के लिए चयनित हुए हैं। उनमें ज्योति, निधि, पुष्पा एव भावना साई हॉस्टल से संबंध रखती हैं। जबकि साक्षी राजपुरा एवं केशव ऊना जिला से संबंध रखते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से हिमाचल प्रदेश के कबड्डी खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के साथ.साथ हिमाचल प्रदेश के लिए भी बड़े गर्व की बात है।

धार्मिक कार्यों में पुरुषों के लिए धोती पहनना बताया अनिवार्य

बरठीं। विकास खंड झंडूता के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के गट्टी में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि किसी भी प्रकार की पूजा अर्चना के लिए पुरुषों को धोती पहनना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह सनातन की प्राचीन परंपरा है और आज भी कई स्थानों पर पुरुषों के लिए पूजा के समय धोती पहनना अति अनिवार्य नियम बनाया गया है। संस्कृति की चकाचैंध में धोती पहनने का चलन बहुत कम हो गया है और पूजन आदि कर्मों में धोती की अनिवार्यता अब केवल ब्राह्मण तक ही सीमित रह गई है। प्राचीन काल में धोती पहने बिना पूजा सहित अन्य कर्मकांड पूर्ण नहीं माने जाते थे इसी वजह से धोती को पवित्र परिधान माना गया है। उन्होंने आह्वान किया कि किसी भी सनातनी के घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान का कार्य हो उसे समय बिना सिली धोती अवश्य पहनें, ताकि धार्मिक कार्य का संपूर्ण फल आपको मिल सके। धोती पहनने की अनिवार्यता के पीछे वैज्ञानिक महत्व भी है। पूजा-अर्चना जैसे कार्यों में काफी देर तक एक विशेष अवस्था में श्रद्धालु को बैठे रहना पड़ता है। उस दशा में धोती से अच्छा कोई और परिधान नहीं हो सकता है। उन्होंने बताया कि आजकल लोग जींस, पेंट आदि पहनकर ही पूजा कार्य करते हैं। इससे बैठने उठने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शरीर के रोमछिद्रों से हमें शुद्ध प्राणवायु मिलती है, तंग कपड़े रक्तप्रवाह पर भी बुरा असर डालते हैं। इसलिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी धोती पहनना लाभदायक है।

पुलिस ने त्रिफालघाट कस्बे में हुई चोरी के आरोपी किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं थाना क्षेत्र के त्रिफालघाट कस्बे में बीती 16 मार्च रात को दो दुकानों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चोरी के एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। चोरी के मामले में दोनों आरोपियों को चंबा जिला से पकड़ा है। पुलिस दोनों को पड़कर घुमारवीं थाना लाई है। जिसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से इन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

बताते चलें कि त्रिफालघाट कस्बे में 16 मार्च को दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया था। चोर नोटों के हार , अटेचियां, व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए थे। चोरी की घटना के बाद पुलिस ने इस संदर्भ में जांच शुरू कर दी रही। जांच के दौरान घुमारवी पुलिस ने अन्य थानों से चोरी की बारदतों में शामिल चोरों के संदर्भ में जानकारी हासिल की। इनमें से कुछेक मोबाइल नम्बर जांचे गए। एक व्यक्ति का नम्बर उस रात के डम्प्प डाटा में मिल गया। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि अन्य जिलों में चोरी के मामलों में संलिप्त एक आरोपी का नम्बर उस रात को त्रिफलघाट में एक्टिव था। इसके बाद पुलिस ने कारवाही की और क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे। इसके कुछ दिनों बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा बुधवार को चंबा जिले से दोनों और आरोपीयो को गिरफ्तार कर लिया।

चार दिन के रिमांड पर भेजे

आरोपियों की पहचान नूर मोहम्मद उर्फ लाली उम्र 39 वर्ष गांव चुराह जिला चंबा तथा नवीन कुमार उम्र 36 वर्ष गांव राज नगर जिला चंबा के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों पर इससे पहले भी विभिन्न थानों में 30 के करीब चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल सिंह ने कहा कि चोरी के आरोप में चंबा जिला के दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

यूपीएससी परीक्षा में छाया आर्यन

परीक्षा में 352वां रैंक हासिल कर किया प्रदेश का नाम रोशन

नीरज शर्मा, घुमारवीं

मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के एक मेधावी ने यूपीएससी परीक्षा को उत्तीर्ण कर कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला बिलासपुर के घुमारवीं क्षेत्र से आर्यन शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में 352वां रैंक प्राप्त किया है। अपने पहले ही प्रयास में आर्यन शर्मा ने इस परीक्षा को पास कर क्षेत्र तथा जिले के साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है।

आर्यन के पिता अश्विनी शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) घुमारवीं में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। जबकि माता सुनीता शर्मा मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर तैनात हैं। आर्यन की बहन आयुषी शर्मा एक चिकित्सक हैं। आर्यन शर्मा ने 23 वर्ष की उम्र में यह कामयाबी हासिल की है। मंगलवार को घोषित परिणाम में आर्यन शर्मा ने 352वां में रैंक के साथ इस सफलता को हासिल किया है। आर्यन की इस सफलता से उनके घर में खुशी का माहौल है। आर्यन शर्मा ने बताया कि जमा दो तक की पढ़ाई उन्होंने घुमारवीं के मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं से प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जमा दो की परीक्षा उतीर्ण की। जेई मेन की परीक्षा पास कर उनका चयन एनआईटी हमीरपुर में मकेनिकल इंजीनियरिंग के लिए हुआ। बीटेक करने के बाद उन्होंने नोएडा में स्थित एक निजी कंपनी में बतौर एनालिस्टि पद पर कार्य किया। एक वर्ष नौकरी करने के उपरांत यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। दो वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद वर्ष 2023 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में पास करने में सफलता हासिल की है। (अनंत ज्ञान)

यूपीएससी परीक्षा को उत्तीर्ण करने पर आर्यन को सम्मानित किया गया।

मिनर्वा स्कूल में किया आर्यन को सम्मानित

आर्यन शर्मा को मिनर्वा स्कूल प्रबंधन में द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल पहुंचे आर्यन को पलकों पर बिठाया गया। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल, राकेश चंदेल व विनय शर्मा ने आर्यन व उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत चाहिए।

बिलासपुर में अनुराग ठाकुर ने किया विकास : हॉकी इंडिया

बिलासपुर। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। कांग्रेस के चश्मे से इस विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है और न ही इसे देखा जा सकता है। यह बात हॉकी इंडिया बिलासपुर के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कही। हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों महासचिव विजय, उपप्रधान देवेंद्र ठाकुर, संयुक्त सचिव राजीव शर्मा, कानूनी सलाहकार आर रघु, कार्यकारिणी सदस्य सतीश ठाकुर और अनिरुद्ध शर्मा ने कहा के कांग्रेस प्रवक्ता कुछ भी जानकारी साझा करने से पहले तथ्यों का अध्ययन कर लिया करें। उन्होंने कहा कि जिस हॉकी खेल की एस्ट्रो टर्फ बनने की बात कांग्रेस प्रवक्ता ने की है वह लोगों को भ्रमित करने का प्रयास है, जबकि वास्तविकता कुछ और है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता अपना भ्रामक प्रचार करना बंद करें, क्योंकि खेलों के क्षेत्र में अनुराग ठाकुर के ही प्रयासों की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि विदेश में भी हुई है। उसी के चलते आज हिमाचल का धर्मशाला स्टेडियम विश्व में पहले स्थान पर आया है।

झंडूता क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कटवाल की देन: राम प्रकाश

अनंत ज्ञान, बरठीं

भारतीय जनता पार्टी झंडूता मंडल के प्रवक्ता डॉ. राम प्रकाश गौतम ने कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस के कागजी नेता विवेक कुमार के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसमें उन्होंने भाजपा विधायक जीतराम कटवाल को मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने की बात कही है।

बरठीं में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने झंडूता के कांग्रेसी नेता को आड़े हाथों लेते हुए कहा की ड्राइंग रूम की राजनीति करने वाली कांग्रेस मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए आधारहीन बयान बाजी कर रही है। इस कारण कांग्रेस मजाक बनकर रह गई है। उन्होंने कहा जब कटवाल प्रदेश में सरकारों के साथ कार्य कर रहे थे तब कांग्रेसी नेता राजनीति की एबीसी तक नहीं जानते थे। झंडूता क्षेत्र में चारों तरफ करोड़ों रुपए के विकास कार्य कटवाल की देन है। जो कांग्रेसी नेता को हजम नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने गिरेबान में झांक कर देखें कितने पानी में है, उनकी कारगुजारी के कारण ही लोगों ने उनको नकार दिया है।

वर्तमान में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से लीड दिलाई जाएगी, जिसको वह लिखकर अपने पास रख ले। विधायक द्वारा की जा रही पदयात्रा और लोगों से पारिवारिक संबंध बनाने से कांग्रेसी नेता की हवा निकल गई है।

उन्होंने कांग्रेसी नेता को विकास के नाम पर बहस करने का न्योता दे दिया है। विकास के नाम पर जहां कांग्रेस ने लोगों को ठगा है वहीं भाजपा द्वारा करोड़ों रुपए की जनहित योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को दिया है।

बरठीं में पत्रकारवार्ता करने को जाते भाजपा नेता।

कांग्रेस ने बंद करवाए कई संस्थान

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने क्षेत्र की जनता को सहोलियत देने के लिए खोले गए कई संस्थाओं को कांग्रेस ने बंद कर दिया, लेकिन उनको खुलवाने के लिए कांग्रेसी नेता ने एक बार भी सरकार के पास बात नहीं रखी। इससे उनकी करनी और कथनी में साफ फर्क नजर आ रहा है।

बीजेपी ने किया श्रीनयनादेवी मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी

भारतीय जनता पार्टी मंडल श्रीनयनादेवी जी में अध्यक्ष बालकृष्ण ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के उपरांत लोअर मंडल कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया।

उन्होंने खरकड़ी से रामस्वरूप, धलेत से मदन लाल, टरवाड से बुद्धराम, नीला से रामनाथ, श्रीनयनादेवी जी से संतोश कुमार, थापना से तेलू राम, बैहल से प्रेम लाल पम्मी, म्योठ से सरवण सिंह, ज्योर से सरवण ठाकुर, तनबौल से पूर्व बीडीसी सदस्य जगदीश, धनस्वाई से अमर सिंह ठाकुर, भुवाई से चरण कौर, सलोआ से पूर्व बीडीसी सदस्य सरस्वती देवी, खुलवीं से निर्मला देवी, रौणा से चेत राम, भाखड़ा से विजय चंदेल, माकड़ी से भूपेंद्र वर्मा, सलोआ से दिनेश कुमार सोनू, स्योता तनबौल से गंगा देई, माकड़ी से कुशल किशोर, सरनी से अमर सिंह, सुनण से प्रेम लाल शर्मा, गरा-बघेरी से रामकुमार शर्मा, मजारी से हरपाल सिंह, खुलवीं से रामचंद, भारसडा से रणजीत सिंह, टरवाड से सुंका राम, स्वाहण से अर्जुन सिंह, धारकांसी से चेत राम शर्मा, तनबौल से रामसिंह, नकराणा से राजकुमार, खाल टिब्बा से मदन लाल, ऑलिंडा से राजेंद्र सिंह, जंडौरी से कमलेश राणा, तथा कनफारा से गुरबचन दौलू को मंडल कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण ठाकुर ने बताया कि भुवाई से चमन ठाकुर को बुद्धिजीवी, बड़ोह से मदन लाल शर्मा को सेवानिवृत्त कर्मचारी, बैहल से प्रमोद कुमार को चिकित्सक, धरा से ज्ञान सिंह को परिवहन, नकराणा से लाल सिंह को सहकारिता, दौलाधार से चरण दास को मछुआरा, झिडियां से भाग सिंह को व्यापार, धलेत से लछमण दास को गौ- सम्वर्द्धन, खुलवीं से सुखदेव चंदेल को विस्थापित, दबट से कैप्टन पविंद्र सिंह को भूतपूर्व सैनिक तथा उमेश हैप्पी को प्रर्यटन प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया।

कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलकर भाजपा ने जनता को किया भ्रमित : सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नामकरण करके भाजपा ने देश की जनता को भ्रमित किया है। पूर्व में रहे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा शुरू की गई। योजनाओं को नाम बदलकर भाजपा ने उन्हीं योजनाओं को रिपीट करके इन योजनाओं का श्रेय लिया है। लेकिन देश और प्रदेश की जनता इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान करेगी और भाजपा सरकार को हार कर सामना करना पड़ेगा।

यह बात बुधवार को बिलासपुर के लेक व्यू कैफे में प्रेसवार्ता करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समन्वयक संदीप सांख्यान ने कही। प्रेसवार्ता करते हुए संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों के चलते प्रदेश में अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है, परंतु वह उनसे यह बात पूछना चाहते हैं कि यह प्रत्याशी किन्ह मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और क्या कहकर वोट मांगेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, डिजीटल योजना, सागर माला योजना, दिन दयाल उपाध्याय योजना, जनधन योजना, अमृत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित कई अन्य ऐसी योजना है जिनका यह नामकरण किया गया है। जबकि सच्चाई यह है कि यह सब योजना कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई थी और अब इन योजनाओं को यह नाम देकर देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है।

बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते संदीप सांख्यान व अन्य।

जनता भाजपा को देगी मुंहतोड़ जवाब

संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश में छह उपचुनाव व चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होने जा रहे है। भाजपा ने उन प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है जिनका इस प्रदेश की जनता के लिए कोई योगदान नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में जनता भाजपा सरकार को मुंह तोड़ जवाब देगी।

चुनाव लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

कांग्रेस सरकार ठगबाजी में माहिर: जीतराम

अनंत ज्ञान, झंडूता

झंडूता मंडल भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनावी रणनीति बनाने के लिए मंगलवार को मंडल भाजपा की बैठक झंडूता में आयोजित की गई। मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

बैठक के दौरान जहां चुनाव को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया, वहीं विधायक ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें टिप्स भी दिए। जीतराम कटवाल ने कहा कि भाजपा जो भी वादा करती है, उसे पूरा भी करती है। केंद्र सरकार का पिछले दस वर्ष का कार्यकाल इस बात का गवाह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर वादा गारंटी के साथ पूरा हुआ है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी ठगबाजी में माहिर है। हालांकि देश के विकास से कांग्रेस का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है, लेकिन चुनावों के समय लोगों को गुमराह करने के लिए डींगें हांकने और झूठे वादों की झड़ी लगाने में वह कोई कमी नहीं रखती। हिमाचल में महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का कांग्रेस का वादा डेढ़ साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है, लेकिन उसके मुखिया केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को एक-एक लाख रुपए देने का ढिंढोरा पीट रहे हैं। किसानों से 80 व 100 रुपए प्रति लीटर की दर से दूध और दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीदने जैसे वादे भी पूरे नहीं हो पाए हैं।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए विधायक जीराम कटवाल।

हमीरपुर से कांग्रेस का कोई भी नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं

उन्होंने कहा कि हमीरपुर से कांग्रेस का कोई भी नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हो रहा है। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरदयाल सिंह चंदेल के साथ ही पीआर सांख्यान, सुभाष मन्हास, इंद्र सिंह, कमल चैहान, मंगल ठाकुर, राकेश मेहता, दिनेश चंदेल, अनिल चंदेल, लेखराम कौंडल, कंचन धीमान, राखी मिश्रा व मनोज समेत मंडल कार्यकारिणी व मोर्चों के पदाधिकारियों, जोन प्रभारियों और ग्राम केंद्र अध्यक्षों ने भाग लिया।

बैसाखी नलवाड़ मेला 23 से

झंडूता। उपमंडल झंडूता में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला 23 से 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम झंडूता योगराज धीमान की अध्यक्षता बैठक हुई। मेले के शुभारंभ पर 23 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा झंडूता के प्राचीन ठाकुरद्वारा नर सिंह मंदिर से मेला मैदान तक निकाली जाएगी। मेले का शुभारंभ खूंटा गाड़कर और पूजा-अर्चना से किया जाएगा। 23 और 24 अप्रैल को महिला मंडल की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसी दिन विभिन्न सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, मेले के समापन समारोह पर 25 अप्रैल को छिंज का आयोजन किया जाएगा।

नालों में फैली गंदगी से लोगों का जीना मुहाल

नालों को कवर करने के लिए नगर निगम अभी तक नहीं कर पाया कोई बड़ी योजना तैयार, 50 करोड़ होंगे खर्च

आर मोहन चौहान, सोलन

शहर में नालों के प्रदूषण से लोगों को विश्व स्वास्थ्य मानकों के विपरित प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। नालों का प्रदूषण लोगों की सेहत के लिए खतरा बनता जा रहा है, लेकिन नगर निगम इस दिशा गंभीर नहीं दिख रही है।

नालों को कवर करने के लिए नगर निगम अभी तक कोई बड़ी योजना तैयार नहीं कर पाया। निगम के मुताबिक शहर के नालों को कवर करने के लिए करीब 50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। शहर में कई दशकों से खुले में बह रही नालों की गंदगी से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं इसके नजदीक स्थित दर्जनों कॉलोनियों को प्रदूषित

सोलन शहर।

माहौल में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। नालों में डाली गई सीवरेज की पाइपों से तो समस्या और भी गंभीर हो चुकी है। कहने को तो जल शक्ति विभाग ने शहर में सीवरेज की समस्या को हल करने के लिए 100 करोड़ रुपए की सीवरेज की योजना तैयार की है, लेकिन यह किन्ही कारणों से अधर में है। योजना के अधर में होने से नालों के किनारे भवनों की सीवरेज को खुले में छोड़ा गया है। इससे हमेशा बीमारियां फैलने का अंदेशा रहता है। विश्व स्वास्थ्य मानकों के मुताबिक आवासीय कॉलोनियों के आसपास खुले में बहते नालों को कवर करना जरूरी होता है। नालों में सीवरेज को छोड़ना भी प्रतिबंधित है। बावजूद इसके शहर में इन नियमों का जमकर उल्लंघन किया गया है। (अनंत ज्ञान)

बरसात में बंद पड़ जाते हैं नाले

शहर में रेलवे लाइन व हाईवे की तरफ बहते नाले हमेशा गंदगी से अटे रहते हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से बारिश की स्थिति में नाले ब्लॉक हो जाते हैं। इसके चलते नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। बावजूद इसके नालों के चैनालाइज के लिए आज तक ठोस योजना नहीं बन पाई। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े हैं। योजना के तहत नालों को कवर कर आसपास के घरों तक सड़क व पार्किंग की सुविधा प्रदान की जानी है। आवासीय कॉलोनियों के आसपास खुले में बह रहे नाले लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। साथ ही इसके आसपास के गुजारी पेयजल की पाइप लाइनों में भी गंदा पानी घुलने का खतरा रहता है। धोबीघाट, डीसी ऑफ से सरदार मौहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, माल रोड से कलीन, सन्नी साइड से कलीन का नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुका है।

> नालों को कवर करने के लिए बड़े बजट की जरूरत है। फिलहाल बजट नहीं है। शहर के नालों को कवर करने की डीपीआर बनाई जाएगी।
> **उषा शर्मा, मेयर नगर निगम, सोलन।**

पैदल रास्ते की भी होगी सुविधा

योजना के तहत नालों को कवर करने की मांग कर रहे हैं। इसी तरह मधुवन कॉलोनी के नाले को भी कवर किया जाना है, लेकिन धन के अभाव में अभी इससे पक्का की किया जा सका है। यदि केंद्र से समय रहते योजना को मंजूरी मिले तो नालों को पक्का करने के साथ इसमें सीमेंट की मोटी परत से कवर किया जाएगा। इससे नाले बंद होने के साथ लोगों को सड़क व पैदल रास्ते की सुविधा भी होगी। अभी कई जगह नालों को क्रॉस करने के लिए रास्तों का प्रावधान ही नहीं है। नालों के कवर होने से इसके आसपास पौधरोपण भी किया जाएगा। इससे शहर के पर्यावरण संरक्षण को बल मिलने के साथ लोगों को स्वच्छ आबोहवा में जीने की सुविधा भी मिलेगी।

बद्दी में किराये के मकान से 56 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब बरामद

बद्दी पुलिस की हिरासत में पकड़ी गई अवैध शराब।

अनंत ज्ञान, बीबीएन

पुलिस थाना बद्दी के तहत बाई पास रोड बद्दी में एक व्यक्ति के रिहायशी मकान से देसी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

पुलिस थाना बद्दी के तहत आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि मनप्रीत पुत्र गुरचरण निवासी संडोली खवडियां बद्दी में अपने रिहायशी मकान के ऊपर किराये के लिए बनाए हुए कमरे में से कमरा नंबर 10 व 19 में शराब को अवैध रूप से रखने व बेचने का अवैध धंधा करता है। शिकायत के आधार पर जब पुलिस ने छापामारी की, तो मनप्रीत से तलाशी के दौरान कुल 56 पेटी अंग्रेजी और देसी शराब पकड़ी। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

3.8 मिलियन पहुंचा देव का वायरल वीडियो

नाहन। जिला सिरमौर की भाटकर चाढना पंचायत से संबंध रखते देव ठाकुर संगीत के क्षेत्र में पिछले 6-7 वर्षों से कार्य कर रहा हैं। उन्होंने अनेक पहाड़ी लोकगीत तथा भजन गाए हैं, जिनमें (मेरी मोइना, भरथरी, नौखरा तेरा, मेरे रामा अयोध्या में विराजे, शिव कैलाशों के वासी एवं पढ़दी चाली शालू) आदि लोकगीतों को लोगों की ओर से विशेष रूप से सराहा गया है। इसके अलावा हिंदी, पंजाबी गीत भी गाए हैं परंतु हाल ही में पहचान नेरचौक मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम में मिली जहां उनके द्वारा गाये गए हिंदी और पंजाबी सांग, मात्र दो दिन में ही 3.8 मिलियन तक पहुंच गया। मात्र दो दिन में यह 3.8 मिलियन तक पहुंचने वाला ये हिमाचल का एकमात्र वायरल वीडियो है।

रामनवमी पर हलवा प्रसाद किया वितरित

अर्की। अर्की उपमंडल की नया सवेरा जनकल्याण समिति की ओर से पुराना बस स्टैंड में आने-जाने वाले को रामनवमी के अवसर पर हलवा प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि समिति अन्य जनकल्याण के कार्यों के साथ इस प्रकार के धार्मिक आयोजन भी करती रहती है। इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पर धूमधाम से प्रसाद वितरण किया गया।

पानी के सैंपलों में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

- क्लोरीन व टैबलेट डालने के विभाग ने दिए आदेश
- परवाणू में फैले डायरिया को लेकर आज होगी बैठक

अनंत ज्ञान फॉलोअप

परवाणू में 197 लोग डायरिया के शिकार

बुधवार को भी अकेले परवाणू क्षेत्र में ही डायरिया के नए मामले सामने आए हैं। ऐसे में अब कुल आंकड़ा इसी क्षेत्र से 197 तक जा पहुंचा है। वहीं, परवाणू क्षेत्र में अभी भी बड़ी संख्या में पानी के टैंकर से ही पानी की सप्लाई लोगों तक की जाती है, ऐसे में यहां फैल रहा डायरिया पर कंट्रोल करना सोलन स्वास्थ्य विभाग के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण है। उधर, औद्योगिक क्षेत्र परवाणू स्थित अधिकतर ढाबों, फास्ट फूड दुकानदारों और रेहड़ियों के पास हिमुडा का पानी कनेक्शन भी नहीं है। यहां भी टैंकरों के माध्यम से ही पानी मंगवाया जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन ने बताया कि फिलहाल विभाग ने हिमुडा को तुरंत प्रभाव से पानी की सप्लाई में क्लोरीन व टैबलेट डालने के निर्देश दिए हैं।

परवाणू में फैलते डायरिया के बीच सोलन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उठाए पानी के सेंपल में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया पाया गया है। हालात यह हैं कि अभी भी अस्पताल में डायरिया के केस आ रहे हैं।

इसके चलते परवाणू में वीरवार को हाई लेवल बैठक होने जा रही है। फिलहाल कंडाघाट लैब में भेजे गए चार पानी के सैंपलों में से 3 में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया पाया गया है, जबकि एक जगह की रिपोर्ट ठीक आई है। इस कारण सोलन स्वास्थ्य विभाग अब अनुमान लगा रहा है कि परवाणू में जो डायरिया तेजी से फैला है, इसकी वजह इन तीन जगह से पानी की सप्लाई है। ऐसे में तुरंत प्रभाव से अब हिमुडा को पानी सप्लाई करने से पहले क्लोरीन व टैबलेट डालने के सख्त आदेश दिए गए हैं, ताकि किसी भी सूरत में अब परवाणू में डायरिया और अधिक न बढ़े। इसके अलावा परवाणू व आसपास के क्षेत्रों में आशा वर्कर्स व स्वास्थ्य कर्मियों को ओआरएस घोल बांटने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा विभाग ने ही हिमुडा को निर्देश दिए हैं कि जहां से सैंपल लिए गए हैं और रिपोर्ट में कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया निकला है, वहां के टैंक को खाली कर उसमें ब्लीचिंग पाउडर डालकर ही लोगों को पानी की सप्लाई करें।

शूलिनी विश्वविद्यालय में असमिया संस्कृति का बिहू नृत्य बना आकर्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय में डीन छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, असम, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम की समृद्ध टेपेस्ट्री का प्रतिनिधित्व करने वाले उत्तर पूर्व के छात्रों के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विविधता में एकता' का आयोजन किया गया।

इन राज्यों के छात्र ओपन एयर थियेटर (ओएटी) विश्वविद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक उत्सव में अपनी विरासत और परंपराओं का प्रदर्शन करने के लिए एक साथ आए। असमिया संस्कृति का बिहू नृत्य इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनकर उभरा, जिसने दर्शकों के दिलों को मंत्रमुग्ध कर

शूलिनी विश्वविद्यालय पहुंचे नॉर्थ ईस्ट के छात्र।

दिया। पूनम नंदा, डीन छात्र कल्याण ने कहा कि विविधता की पच्चीकारी जो हमारे परिसर को सुशोभित करती है, वह समावेशिता और स्वीकृति का प्रमाण है, जो शूलिनी विश्वविद्यालय के लोकाचार को परिभाषित करती है। इस तरह के आयोजन न केवल विभिन्न संस्कृतियों के संयोजन को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि विविधता के बीच एकता में निहित सुंदरता की याद भी दिलाते हैं।

अल्पसंख्यक महिला मंडल के चुनाव, हाजन बिलकिस अध्यक्ष

अल्पसंख्यक महिला मंडल नाहन की बैठक में चुने हुए प्रतिभागी व अन्य।

अनंत ज्ञान, नाहन

अल्पसंख्यक महिला मंडल नाहन के चुनाव में हाजन बिलकिस बानो मंडल की अध्यक्ष चुना गया। नसीमा बानो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मंडल के चुनाव से पहले अध्यक्ष नसीम बानो ने अपने पद से इस्तीफा दिया, ताकि नई कार्यकारिणी का गठन किया जा सके।

मीना प्रवीण की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में सर्वसम्मति से हाजन बिलकिस बानो को अल्पसंख्यक महिला मंडल की अध्यक्ष चुना गया। इसी कड़ी में सलमा चौहान को महासचिव, नाहिदा को सहसचिव व रेहाना अहमद वित्त सचिव चुना गया। अंत में सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। मंडल की महासचिव सलमा चौहान को मडंल के चुनाव के आयोजित बैठक में सभी को ईद की मुबारक बाद दी तथा इस अवसर पर समाज में अमन और भाईचारा बना रहे इसके दुआ की।

व्यक्ति को कुचलने वाला ट्रक चालक फरार

सोलन। थाना धर्मपुर के तहत कुमारहट्टी में एक व्यक्ति को कुचलने वाले ट्रक चालक को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई। हालांकि ट्रक मालिक ने थाना पहुंच कर ट्रक चालक का आधार कार्ड जमा करवाया है। मृतक के परिजनों ने मामले की गहनता से जांच किए जाने की मांग की है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा कि ट्रक चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें पुनीत वर्मा निवासी गांव मुसलमाना, डाकघर धर्मपुर जिला सोलन ने बीते कल पुलिस थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि लाल चंद निवासी सिहारड़ी मुसलमाना अपने बेटे से मिलने कुमारहट्टी गया था। लालचंद अपने बेटे से मिलने के उपरांत पैदल अपने कमरे पर वापस आ रहा था, तो 9 बजे रात स्कूल कैंटीन के पास पहुंचा, तो पीछे से ट्रक का चालक ट्रक को तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चालते हुए लाया तथा सड़क के किनारे पैदल चल रहे लाल चंद को टक्कर मार दी, जिससे ट्रक का आगे का टायर लालचंद के शरीर के ऊपर से क्रॉस हो गया जिससे राम लाल की मौका पर ही मौत हो गई।

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया हिमाचल दिवस और बैसाखी पर्व

हिमाचल हस्तियों के रोल प्ले दिखाए

अनंत ज्ञान, सोलन

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट हाउसिंग कॉलोनी सोलन ने हिमाचल दिवस और बैसाखी पर्व को बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर लांबा दंपती, लॉरेंस और कर्नल डॉ. रमेश व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

ट्रस्ट की तरफ से शिक्षित किए जा रहे बच्चों ने प्रसिद्ध हिमाचल हस्तियों के नृत्य, गीत और रोल प्ले प्रस्तुत किए। इसमें पारंपरिक नृत्य, नाटी और भांगड़ा आकर्षण का केंद्र रहे। इससे पहले अतिथियों को ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केडी रयोत एवं कोषाध्यक्ष निर्मला ने स्मृति चिन्ह एवं हिमाचली टोपी भेंट कर

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

सम्मानित किया। इस मौके पर कराटे प्रशिक्षक इकबाल मलिक को ट्रस्ट में उनकी स्वैच्छिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रेरणादायक भाषण से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केडी रायट ने अतिथियों का स्वागत किया और ट्रस्ट के उद्देश्य और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। अंत में ट्रस्ट की प्रशासक प्रीति की ओर से धन्यवाद भाषण दिया गया।

कोठी में कढ़ी के कड़ाह में गिरने से युवक झुलसा

अनंत ज्ञान, अर्की

छोटी सी लापरवाही किस प्रकार जानलेवा हो सकती है। यह उपमंडल अर्की के कस्बे कुनिहार में कोठी पंचायत के गांव में कॉउंटी में हुई एक घटना से साबित होता है।

सूत्रों के अनुसार काउंटी गांव के समीप एक नए घर में प्रवेश के कार्यक्रम के बनाए जा रहे भोज में 26 वर्षीय युवक ग्रामीणों के लिए तैयार की जाने वाली कढ़ी के कड़ाह में अचानक गिर गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साथ ही भोज तैयार कर रहे लोगों ने तुरंत उस युवक को कड़ाह से निकाला एवं परिजनों के साथ उसे देर सायं सिविल

हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉ. प्रिया चक्रवर्ती ने युवक की हालत को देखते हुए एडमिट कर लिया। परिजनों व अन्य लोगों के द्वारा तुरंत पीड़ित युवक को अस्पताल पहुंचाने से एक दुखद हादसा होने से बच गया। अस्पताल की डॉ. प्रिया ने बताया कि युवक खतरे से बाहर है। केवल जलने के कारण चेहरे पर सूजन है।

स्टूडेंट्स ने हिमाचली नाटी से बांधा समां

साईं सेवा समिति नाहन के अंतर्गत डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू के स्टूडेंट्स को मुख्यातिथि सम्मानित करते हुए।

अनंत ज्ञान, रेणुका जी

श्री साईं सेवा संगठन हिमाचल ने भगवान श्री सत्य साईं बाबा के शिमला आगमन की 15वीं वर्षगांठ को पुजारली शिमला में हर्षोल्लास के साथ मनाया।

शिमला के पुजारली में आयोजित इस कार्यक्रम में साईं सेवा समिति नाहन के अंतर्गत डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू के विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक हिमाचली नाटी की सुंदर प्रस्तुति से समां बांधा। अंत में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य धनेंद्र गोयल, विद्यालय के अध्यापक धनवीर शर्मा, कुमारी कुसुम शर्मा, हिमांशु चौहान सहित विभिन्न जिलों से आए साईं समितियों के पदाधिकारी व व प्रदेशभर के स्कूलों से आए विद्यार्थी मौजूद रहे।

लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस तैयार : रोशन

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आगामी हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव को लेकर कमर कस ली है।

इसी उद्देश्य से हिमाचल कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) संजय अवस्थी को वॉर रूम का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस अर्की मीडिया अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने संजय अवस्थी के वॉर रूम का चेयरमैन नियुक्ति पर खुशी जताते हुए सीपीएस संजय अवस्थी को बधाई दी। रोशन ने कहा कि संजय अवस्थी के कुशल नेतृत्व में हिमाचल कांग्रेस पार्टी की मीडिया और सोशल मीडिया विंग के द्वारा हिमाचल में कांग्रेस पार्टी सभी सीटों में डिजिटल प्रचार-प्रसार के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों व चुनावी घोषणा पत्र एवं हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में पिछले 15 महीनों में सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को डिजिटल प्रचार-प्रसार के माध्यम से हिमाचल की जनता के मध्य प्रस्तुत करेंगे।

विला राउंड में लोग फेंक रहे कचरा

अनंत ज्ञान, नाहन

ऐतिहासिक विला राउंड लंबे अरसे से नगर परिषद की अनदेखी का शिकार होकर रह गया है। यहां सैर पर आने वाले कुछ लोग गंदगी फैलाने में लगे हैं व बहुत युवा यहां पार्टी के नाम पर कचरा डाल रहे हैं।

वहीं आसपास के रिहायशी लोग यहां अपने घरों से कचरा गिराने से बाज नहीं आते, लेकिन नगर परिषद ने आज तक किसी का चालान नहीं किया। नगर परिषद के कर्मचारी

विला राउंड में कचरे को लेकर लोग परेशान।

नियमित रूप से साफ-सफाई तो करते हैं, लेकिन ज्यादातर कचरा यहीं जला रहे हैं या आसपास डंप कर देते हैं। लोगों ने कहा कि नप प्रशासन को राउंड की दशा सुधारने के लिए कदम उठाएं।

सपरून बाईपास में लगे गंदगी के ढेर

सोलन। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल रखने के लिए नगर निगम सोलन के प्रयास न काफी साबित हो रहे हैं। शहर के कई कोनों में अभी भी गंदगी के अंबार लगे हैं। मगर नगर निगम यहां से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठा रहा है। सोलन बाईपास स्थित बस स्टॉपेज में लगी रेहड़ियों के बगल में कूड़े के ढेर कई दिनों से पड़े हैं। बावजूद इसके नगर निगम इसको उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। ऐसे में आने-जाने वाले यात्री को गंदगी का सामना करना पड़ता है। रेहड़ी चालकों के कहना है कि वह नियमित रूप से कूड़े का बिल देते हैं, लेकिन यहां पर कूड़ा उठाने की नियमित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय पार्षद राजीव कौड़ा ने कहा कि कूड़े को उठाने के लिए ठेकेदार को बोल दिया है। यहां जल्दी सफाई की जाएगी।

पूजा लोगों की समस्याओं का किया निदान व सुख-समृद्धि का दिया आशीर्वाद, भंडारे का किया आयोजन

लोगों को आशीर्वाद देने कुनिहार पहुंचे दानों देव

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर दानों देव अपने मूल स्थान सुन्नी तत्तापानी से कुनिहार जनपद के लोगों को आशीर्वाद देने मंगलवार देर सायं कुनिहार पहुंचे।

मंगलवार सुबह कुनिहार क्षेत्र के लोग दानों देव की पालकी लेने के लिए सुन्नी पहुंचे थे। इस दौरान दानों देव की पालकी को पूरे विधि विधान के साथ पूजा करके सजाया

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर दानों देव पहुंचे कुनिहार।

गया। मंगलवार करीब दो बजे दोपहर को स्थानीय देवी-देवताओं से मिलने के बाद दानों देव का रथ कुनिहार के लिए रवाना हुआ। करीब छह बजे दानों देव का रथ प्राचीन शिव मंदिर तालाब पहुंचा। इसके पश्चात देव वाद्ययंत्रो की मधुर धुनों व दानों देव के जयकारों के उदघोष के साथ दानों देव यात्रा पुराना बस स्टैंड व बाजार से होते हुए राज दरबार परिसर पहुंची। जहां राज घराने से संजय देव सिंह ने फूल-मालाओं के साथ दानों देव का स्वागत किया।

बुधवार सुबह दानों देव के गुरो द्वारा लोगों की समस्याओं का निदान किया व लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। रामनवमी के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान जगदीश अत्रि प्रधान हाटकोट, राजेंद्र ठाकुर, मनमोहन शर्मा, अरविंद जोशी, राकेश ठाकुर प्रधान कुनिहार पंचायत, पंकज भारद्वाज, आशीष द्विवेदी, मुकेश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में दानों देव के भक्त मौजूद रहे।

गीता भवन ददाहू में कल होगा भगवती जागरण

रेणुका जी। चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री शिव मंदिर कमेटी के सौजन्य से गीता भवन ददाहू में 19 अप्रैल को मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें नवदुर्गा जागरण मंडली सतौन के मंझे हुए लोककलाकार रातभर मां दुर्गा का गुणगान करेंगे।

मंदिर कमेटी के प्रधान नरेश गोयल व महासचिव योगेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जागरण के दौरान विभिन्न झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इससे पूर्व रात्रि को आठ बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जबकि रात्रि को नौ बजे ज्योति प्रचंड के साथ ही जागरण का शुभारंभ किया जाएगा।

शिमला में धूमधाम से मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

शिमला। मंगलवार रात कोटखाई के दुर्गा माता मंदिर में अष्टमी पर्व की धूम देखने को मिली। इस अवसर पर मंदिर में जागरण का आयोजन भी किया गया। इसमें सोलन के विख्यात बेंड झंकार ने धार्मिक प्रस्तुति पेश की साथ ही मंदिर में लंगर का आयोजन भी किया गया। मंदिर में जगराता के समय लगभग 200 लोग मौजूद रहे। ट्रक यूनियन कोटखाई छोल के प्रधान सुरेंद्र चौहान ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्ष प्रत्येक नवरात्र पर इसी प्रकार पर्व मनाया जाता है तथा लंगर का आयोजन भी होता है। वहीं, दुर्गा अष्टमी पर्व पर मंदिरों में दिनभर चलता रहा पूजा-अर्चना का दौर। कई मंदिरों में किए गए हवन-यज्ञ। वहीं, रात को मंदिरों में जगह-जगह जागरण का भी आयोजन किया गया। वहीं, मंगलवार रात कोटखाई के दुर्गा माता मंदिर में अष्टमी पर्व की धूम देखने को मिली।

रामनवमी पर शिमला शहर के मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मंदिरों में दर्शन करने के लिए सुबह से ही लग गई थी भक्तों की लंबी लाइनें, शहर में दिनभर गूंजते रहे भजन-कीर्तन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

रामनवमी के पावन अवसर पर प्रदेश की राजधानी शिमला में श्रद्धा और आस्था का सैलाब प्रत्येक मंदिर में दिख रहा है। इस अवसर पर शहर के मंदिरों में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कन्या पूजन और भजन कीर्तन का किया आयोजन

इस दौरान राम मंदिर में राम कथा, कन्या पूजन और कीर्तन का आयोजन किया गया। रामनवमी मनाने के लिए सुबह से ही मंदिर में भीड़ जुटी हुई थी।

दर्शन के लिए मंदिर के कपाट सुबह छह बजे खुल गए थे। इसके बाद दर्शन के लिए सारा दिन श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। इसी तरह तारादेवी, संकटमोचन, जाखु, कालीबाड़ी, शिव मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर और ढींगु माता मंदिर में भक्तों को तांता लगा रहा। साथ ही शहर में कई जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक भंडारे दिए गए। सूद सभा के अध्यक्ष राजीव सूद का कहना है कि मंदिर में रामनवमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान मंदिर में सारा दिन भजन कार्यक्रम किया गया, जिसमें छोटे बच्चें, महिलाएं, पुरुष और वरिष्ठ नागरिक सभी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले कि शहर में विशाल शोभा यात्रा भी निकाली गई थी, जिसमें स्थानीय लोगों के अलावा बाहरी राज्यों से राजधानी घूमने आए टूरिस्ट भी शामिल हुए थे।

दर्शन के लिए मंदिर के कपाट सुबह छह बजे खुल गए थे। इस दौरान एक मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें।

मंदिरों में लगी भक्तों की लाइनें

रामनवमी के उपलक्ष्य पर शिमला में मंदिरों में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से जहां पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंदिरों में माता के दर्शनों को दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें।

डांस करते श्रद्धालु

राज्यपाल ने की जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना

शिमला। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतरण दिवस, रामनवमी की देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। रामनवमी के पावन अवसर पर राज्यपाल ने आज प्रमुख धार्मिक स्थल शिमला के जाखू मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। लेडी गवर्नर श्रीमती जानकी शुक्ला भी उनके साथ थीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह शुभ दिन लोगों के जीवन में सुख, शांति, और समृद्धि का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि हम सभी भगवान राम के आदर्शों को अपनाकर एक उत्तम जीवन की दिशा में अग्रसर हों।

सभी मुश्किलों के बीच भारत आज असंभव कार्यों को भी संभव बना रहा है : बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल लाहौल-स्पीति के दौरे पर हैं। उन्होंने भाजपा के स्पीति मंडल की बैठक में भाग लिया। बिंदल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की भारत ही नहीं अपितु अमरीका और अन्य देश भी मानते है कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। बिंदल ने भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार के नारे गूंज रहे हैं।

चार जून को 400 पार और हिमाचल में चार की चार। आज भाजपा सरकार विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रही है। सभी मुश्किलों के बीच भारत आज असंभव कार्यों को भी संभव बना रहा है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली आर्थिक शक्ति बन गया है।

भारत के चंद्रयान ने चांद पर तिरंगा लहराया, जिससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ। भारत में हुए जी-20 सम्मेलन ने पूरे विश्वपटल पर प्रशंसा हासिल की है। बिंदल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष की सरकारें संकट के समय दूसरे देशों से मदद मांगती थी, लेकिन कोरोना काल में भारत ने दूसरे देशों को वैक्सीन भेज कर सहायता की।

लाहौल-स्पीति के दौरे के दौरान जनता का अभिभादन स्वीकारते राजीव बिंदल।

भाजपा सरकार ने युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित रूप से निकालकर घर पहुंचाया है। आज समूचे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और यह जनता के एक-एक वोट के कारण संभव हुआ है। भारत की इस निर्णायक और सशक्त सरकार का कारण जनता का एक-एक वोट है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़ेंगे हर गांव

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चरण तीन के तहत हिमाचल के सैकड़ों गांव सड़क सुविधा से जुड़ेंगे। प्रदेश में पांच सौ आबादी वाली तकरीबन सभी गांव सड़क से जुड़ चुके हैं। अब सरकार अढ़ाई सौ आबादी वाले गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ रही है। केंद्र सरकार ने हिमाचल को 2372.59 करोड़ की राशि जारी की थी । 2643 करोड़ की लागत से प्रदेश में 2682.934 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। इसपर काम चल रहा है। लाहौल-स्पीति में सात, कांगड़ा में 53, शिमला 45, सोलन 25, मंडी 23, हमीरपुर 22, चंबा 20, बिलासपुर 19, ऊना 18, सिरमौर 12 और कुल्लू दस सड़कें बनाई जानी हैं। आज पीएमजीएसवाई हिमाचल के लिए जीवन रेखा सभित हुई है।

शिमला में होटल स्टाफ को दिए आग बुझाने के टिप्स

शिमला। अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को विभाग के कर्मचारियों ने बल्देयां के एक निजी होटल में प्रशिक्षण शिविर लगाया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने होटल के शेफ और वेटर स्टाफ को गैस रिसाव से निपटने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान रिज फायर स्टेशन के अधिकारी मनसाराम ने बताया कि शहर में सबसे ज्यादा आग की घटनाएं शॉर्ट सर्किट या फिर गैस लीकेज की वजह से सामने आती है। आग के समय आपसी सूझ बूझ से भी लोगों की जान बचाई जा सकती है। अक्सर देखा जाता है कि आग लगते ही लोग खुद की जान बचाने के लिए मकानों, होटलों से कूद जाते हैं। ऐसे में खुद को ज्यादा चोट लगा बैठते है। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के लिए दमकल विभाग के कर्मी जगह- जगह जाकर शिविर लगाकर आग के समय कौन सी सावधानी बरतनी चाहिए के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वहीं, अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को विभाग के कर्मचारियों ने बल्देयां के एक निजी होटल में प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हें टिप्स दिए।

रेट कम होने से आम आदमी की थाली में दिखने लगी हरी सब्जियां

100 से 60 रुपए प्रति किलो पहुंचे भिंडी के दाम, दो दिन में तीन सप्ताह से बढ़े दामों में आई गिरावट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में सब्जियों के दाम उफान पर थे। लेकिन अब लोगों को बढ़ती हरी सब्जी के दामों से राहत मिली है। जहां भिंडी के दाम गए हफ्ते 100 रुपए थे जो अब 60 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं। इस गिरावट से गृहिणियों को फायदा हुआ है। हालांकि अभी भी फलों के दामों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। राजधानी शिमला में सब्जियों के दाम में 10 से 20 रुपए की कमी होने से आम आदमी ने राहत की सांस ली है। शहर की लोकल सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम घटने से गृहिणियां खुश नजर आ रही हैं।

वहीं, सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों की सब्जियों की सप्लाई आने से सब्जियों के दाम में कमी आई है। इन दिनों हरे मटर जो पहले 60 से 80 रुपए प्रति किलो के बीच में बिक रहे थे अब 60 से 40 रुपए हो गए हैं।

10 से 20 रुपए अधिक वसूले जाते हैं दाम

शिमला सब्जी मंडी के अलावा उपनगरों में बिकने वाली सब्जियों व फलों के दाम में 10 से 20 रुपए अधिक वसूले जाते हैं। विक्रेताओं का कहना है कि सब्जी मंडी से सब्जी की गाड़ी का किराया व ढुलाई के कारण अधिक दाम रखना हमारी मजबूरी होती है, लेकिन ग्राहकों को अधिक दाम चुकाने से उनका बजट बिगड़ जाता है। मैदानी इलाकों के साथ-साथ लोकल सब्जियों की आवक भी शुरू हो गई है, जिससे दाम में गिरावट आई है। इन दिनों लोकल सब्जियां तैयार हो जाती हैं। इससे भारी मात्रा में शिमला मंडी में सब्जियां पहुंच रही हैं।

दिल्ली से आ रही टमाटर की सप्लाई

प्रधान लोअर बाजार सब्जी मंडी विश्वेश्वर नाथ ने कहा कि लोअर बाजार सब्जी मंडी में टमाटर की सप्लाई दिल्ली और पंजाब से आ रही है। स्थानीय सब्जियों की सप्लाई से होने से दाम सामान्य हो जाते हैं। गरीब तबके को बड़ी राहत पहले जहां शहर में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे तो वहीं इन दिनों दामों में गिरावट आने से लोगों को विशेषकर गरीब तबके को बड़ी राहत मिली है।

सब्जियां	पहले	अब
मशरूम	25	20 प्रति पैकेट
मटर	60- 80	60 से 40
भिंडी	80-100	60
बैंगन	50	30
घिया	40	30
पालक	50	40
टमाटर	50	40
बंदगोभी	40	30
फूलगोभी	50	40
आलू	25	20
प्याज	35	30
अदरक	250	200
शिमला मिर्च	80	40
हरा प्याज	60	40
कटहल	80	60
फ्रांसबीन	80-50	40
खीरा	50	30

न्यूज ब्रीफ

चेतन चौहान ने कांग्रेस पर साधा निशाना

रोहड़ू। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चौहान ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के बुजुर्गों की चिंता कर आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है। उसके विपरीत हिमाचल की कांग्रेस सरकार हिमकेयर जैसी लाभकारी योजना का बंटाधार करने में तुली हुई है।

महिलाओं को मिलती रहेगी 1500 रुपए पेंशन

शिमला। हिमाचल में सामाजिक सुरक्षा के तहत महिलाओं को 1500 की पेंशन मिलती रहेगी। अभी तक सामाजिक सुरक्षा के तहत महिलाओं को 1150 मासिक पेंशन मिलती थी। अब ये पेंशन 1500 मिलेगी। इसकी चुनाव आयोग से अनुमति मिल गई है। इसके साथ ही योजना में नए लाभार्थी नहीं जोड़े जा सकते हैं और योजना के प्रचार पर भी अभी रोक रहेगी। ऐसे में अभी नए फॉर्म नहीं भरे जा सकते हैं। लाहौल-स्पीति में योजना पहले शुरू हो गई थी। इसलिए यहां भी 1500 की पेंशन की सुविधा महिलाओं को मिलती रहेगी।

22 अप्रैल तक भरे जाएंगे परीक्षाओं के फार्म

शिमला। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सत्रांत परीक्षाएं सात जून से शुरू होंगी। इसके लिए परीक्षा फार्म 22 अप्रैल तक भरे जाएंगे। परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। इससे संबंधित लिंक इग्नू की वैबसाइट पर उपलब्ध है। इस परीक्षा के लिए सत्रीय कार्य जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निश्चित की गई है। सत्रीय कार्य संबंधित अध्ययन केंद्र में जमा किए जाएंगे। हालांकि ऑनलाइन जमा करवाने के लिए लिंक क्षेत्रीय केंद्र शिमला की वैबसाइट पर उपलब्ध है। यह जानकारी इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जोगिंद्र कुमार यादव ने दी। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए प्रदेश भर में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्रों या इग्नू क्षेत्रीय केंद्र शिमला के दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

बच्चों का हर तरह से ध्यान रखते हैं प्ले स्कूल

शिमला। शिक्षा के जगत में, माता-पिता अक्सर सोचते हैं किंडरगार्टन के लिए प्ले स्कूल या रेगुलर स्कूल, जब बात बच्चों को सबसे अच्छी शुरुआत देने की आती है, तो प्ले स्कूल जीत हासिल करते हैं। प्ले स्कूल में, शिक्षक और सहयक वास्तव में ध्यान देते हैं। वे सिर्फ एबीसी सिखाने के लिए ध्यान नहीं देते, वे बच्चे के पूरे दिन का ध्यान रखते हैं। खाने के लिए उन्हें ठीक से खाने की सुनिश्चित करने से लेकर उन्हें सही तरीके से हाथ धोना सिखाने तक, हर छोटी चीज का ध्यान रखते हैं। स्वच्छता प्ले स्कूल में महत्वपूर्ण है। बच्चे जल्दी समझ जाते हैं कि हाथ धोने का महत्व क्या है, खासकर भोजन से पहले। यह उन्हें स्वस्थ और खुश रखता है, ताकि वे मजे कर सकें और सीखें। प्ले स्कूल बच्चों के लिए एक दूसरा घर जैसा महसूस होता है। वे आत्मा और स्वागतमय होते हैं, जो रेगुलर स्कूल में छोटे बच्चों के लिए कठिन और महसूस हो सकते हैं। प्ले स्कूल में, बच्चे अपने आप को हो सकते हैं, खोज सकते हैं, और अपने अपने गति में सीख सकते हैं। इसके अलावा, प्ले स्कूल प्रत्येक बच्चे पर विशेष ध्यान देते हैं, जो रेगुलर स्कूलों में बड़ी कक्षाओं और व्यस्त अनुसूचियों में कठिन होता है।

गायक देव ठाकुर के गानों ने मचाई धूम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

आधुनिकता के इस दौर में सोशल मीडिया लोगों के जीवन का अटूट अंग बन गया है। रोजाना करोड़ों लोग सोशल मीडिया का प्रयोग करते है और यही सोशल मीडिया कई लोगों को जिसमें यू-ट्यूबर, ब्लॉगर, लोकगायक सहित कई लोगों को पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लोग रातों रात वायरल होकर समाज में ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की भाटगढ़ पंचायत के चाढ़ना गांव से संबंध रखने वाले देव ठाकुर के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ।

गायक देव ठाकुर अपने किसी कार्य से मंडी गए हुए थे तो रास्ते में नेरचौक के समीप वो किसी काम के लिए रुके वहा उन्होंने देखा कि कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम चला हुआ था। ऐसे में स्टेज से एक आवाज आई कि क्या कोई गाना चाहता है तो वो स्टेज पर गाए और उन्होंने मंच से गाना गाया, जिसे हिमाचल प्रदेश के पोर्टल ने अपने पेज पर पोस्ट किया। जो देखते ही देखते रातों रात सोशल मीडिया में देश दुनिया में वायरल हो गया। उनके इस वीडियो पर महज दो दिनों में 36 लाख यानी साढ़े तीन मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके और वो अभी भी तेजी से वायरल हो रहा है। हजारों लोग पर उस वीडियो पर अब तक कमेंट और शेयर कर चुके हैं। इसके बाद से लोग गायक देव ठाकुर के विषय जानकारी जुटाने में लग गए ।

बड़े-बड़े मंचों पर दे चुके हैं अपनी प्रस्तुति

देव ठाकुर ने बातचीत में बताया कि लोगों के मनोरंजन की दृष्टि से उन्होंने एक गाना वहां गुनगुनाया था। उन्हें मालूम नहीं था कि इसको कोई रिकार्ड कर रहा है और इस तरह रातों रात इतना वायरल हो जाएगा। इसके बाद उन्हें कई लोगों के फोन आने शुरू हो जाएंगे। देव ठाकुर ने बताया कि वो जिला सिरमौर के श्री रेणुका जी के चाढ़ना गांव से संबंध रखते हैं और वो हिमाचली गानों के अलावा हिंदी और पंजाबी गानों को गाते और लिखते है। बहुत सारे बड़े-बड़े मंचो पर अभी तक अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बहुत सारी एल्बम मार्केट में आ चुकी है। उनका अपना देव म्यूजिक प्रोडक्शन के नाम से यूट्यूब चैनल है उनके गानों को लाखो लोग अब तक यूट्यूब पर देख चुके हैं। लेकिन इस तरह का वीडियो उनका पहली बार वायरल हुआ है। इसमे महज दो दिनों में 36 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। देव ठाकुर ने बताया कि हिमाचल में आज तक शायद ही किसी गायक का वीडियो इतना तेजी से वायरल हुआ हो। इसके लिए उन्होंने सभी लोगों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया।

तस्करों से पूछताछ में हो रहे कई खुलासे

आरोपी पहले भी कई बार शिमला में कर चुके हैं चिट्टा तस्करी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

चिट्टे की तस्करी के मामले में बीते दिनों पंजाब के पूर्व मंत्री के बेटे सहित पांच आरोपियों से पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। पूछताछ के दौरान पता चला है कि पकड़े जाने के कुछ दिन पहले भी ये लोग शिमला आए थे।

हालांकि, इस दौरान पूर्व मंत्री का बेटा इनके साथ नहीं था। इससे पहले भी कई बार ये शिमला में चिट्टा की सप्लाई कर चुके हैं। वहीं, इस गिरोह में पकड़ी गई किन्नौर की बताई जाने वाली महिला किन्नौर की नहीं बल्कि नेपाल की रहने वाली है। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है।

शिमला में चिट्टे की आपूर्ति के लिए एक कड़ी का काम करती थी। शिमला पुलिस ने नौ अप्रैल को पंजाब के पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह लंगाह के पुत्र प्रकाश सिंह, अजय कुमार, शुभम कौशल, बलजिंद्र के अलावा युवती अवनी को 42.89 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को पुलिस ने बीते रोज अदालत में पेश किया, जहां से इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, चिट्टे की तस्करी के मामले में बीते दिनों पंजाब के पूर्व मंत्री के बेटे सहित पांच आरोपियों से पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है।

अन्य अरोपियों की गिरफ्तारी जल्द

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि जिला में नशाखोर और ड्रग पैडलर किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। इन दोनों मामले में पुलिस जल्द ही कई अन्य लोगों की गिरफ्तारियां करेगी। गौरतलब है कि नौ अप्रैल को शिमला पुलिस की विशेष जांच टीम एक होटल में छापा मारा था। इस दौरान पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल सहित पांच लोगों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया था।

कब्जे से मिली थी 42.89 ग्राम हेरोइन

शुरुआती जांच के बाद ऐसी जानकारी मिली थी कि छापे के दौरान पंजाब के पूर्व मंत्री सुच्चा सिंह का बेटा प्रकाश सिंह भी मौके से गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, अब ऐसा खुलासा हुआ है कि प्रकाश सिंह मौके पर मौजूद नहीं था। वहीं, आरोपियों के कब्जे से 42.89 ग्राम हेरोइन और वजन मापने की मशीन बरामद की गई थी।

काम की बात छह जून को आयोजित होगी परीक्षा; प्रोस्पेक्ट्स में शामिल होगा निजी बीएड कॉलेजों का नया फीस स्ट्रक्चर

बीएड में प्रवेश परीक्षा को फाइनल किए जा रहे प्रोस्पेक्ट्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा बीएड कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा छह जून को आयोजित की जाएगी।

विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने प्रवेश परीक्षा के लिए प्रोस्पेक्टस को फाइनल करने का कार्य अमल में लाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश में स्थापित निजी बीएड कॉलेजों में फीस वृद्धि को हरी झंडी मिलने के बाद बीते तीन फरवरी को उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की थी। अब मंडी स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा उसके अधीन निजी बीएड कॉलेजों में फीस वृद्धि की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बीएड की प्रवेश परीक्षा के दृष्टिगत तैयार किए जा रहे प्रोस्पेक्ट्स में निजी बीएड कॉलेजों का नया फीस स्ट्रक्चर शामिल करेगा।

यानी कि अगले शैक्षणिक सत्र से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधीन आए नौ जिलों के निजी बीएड कॉलेजों में बढ़ी हुई फीस लागू होगी। प्रोस्पेक्टस जारी होते ही इसमें शामिल फीस स्ट्रक्चर अगले सत्र से मान्य होगा। अप्रैल माह के आखिर में या फिर मई की शुरूआत में ही बीएड का प्रोस्पैक्टस जारी हो जाएगा और इसके साथ ही प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

संगठनों ने जताया फीस वृद्धि का विरोध

निजी बीएड कॉलेजों में फीस वृद्धि के निर्णय का विरोध जारी है। बीते दिनों पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इसका विरोध किया था और अब एसएफआई ने भी फीस वृद्धि के निर्णय का विरोध किया है। एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की अधिसूचना के आधार पर निजी बीएड कॉलेजों में करीब 20 हजार रुपए फीस में बढ़ोतरी करने वाला निर्णय विद्यार्थियों व अभिभावकों पर आर्थिक भार बढ़ाने वाला फरमान है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर भारी भरकम फीस बढ़ाकर विद्यार्थियों की जेबों में डाका डालना चाहती है।

निजी कॉलेजों में है आठ हजार सीटें

उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में बीएड की लगभग आठ हजार से अधिक सीटें निजी कॉलेजों में हैं और इस फीस वृद्धि से कई विद्यार्थी प्रवेश लेने से वंचित रहे जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी ने अपने अधीन आने वाले निजी बीएड कॉलेजों में करीब 20 हजार रुपए फीस बढ़ा दी है और अब यही फीस स्ट्रक्चर एचपीयू के अधीन निजी बीएड कॉलेजों में भी लागू होगा। उन्होंने कहा कि एसएफआई की राज्य कमेटी मांग करती है कि तुरंत प्रभाव से इस निर्णय को वापस लिया जाए अन्यथा एसएफआई प्रदेश भर के छात्रों को लामबंद करते हुए प्रदेश सरकार व प्रशासन के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी।

न्यूज ब्रीफ

सक्षम खिलाड़ियों के बीच पैरा तीरंदाज शीतल ने जीता रजत पदक

नई दिल्ली। एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं।

झेंग ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया

स्टुटगार्ट। चीन की झेंग किनवेन ने पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग लंबे सफर के बाद यहां पहुंची थी, लेकिन उन पर थकान का असर नहीं दिखा। वह पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गई जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंची।

एटलेटिको को हराकर डोर्टमंड चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

डोर्टमंड (जर्मनी)। मार्सेल सेबिटजर ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे बोरूसिया डोर्टमंड ने एटलेटिको मैड्रिड को दूसरे चरण के मुकाबले में हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में पहले चरण का मुकाबला 1-2 से गंवाने के बाद डोर्टमंड ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-2 से जीता और कुल 5-4 से स्कोर से दो चरण का मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहा।

आईपीएल-2024 दोनों टीमों के छह-छह मैचों के बाद समान चार अंक, धवन 10 दिन के लिए हुए बाहर

मुंबई के खिलाफ जीत को बेताब पंजाब

एजेंसी, मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे।

छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक है। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है। पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है।

पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए है। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे।

पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है। वह छह मैच में 19.83 की औसत से 119 रन ही बना पाए हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के लिए भी यही कहा जा सकता है। विश्व कप टीम के लिए चयन निकट आने के साथ जितेश अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित होंगे जो अब तक छह मैच में 17.66 की औसत से मात्र 106 रन बना सके हैं।

पंजाब को सैम कुरेन और कैगिसो रबादा की अपनी विदेशी गेंदबाजी जोड़ी के लिए अधिक समर्थन ढूंढना होगा। अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल (सात की भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी बल्लेबाजों के लिए आसान शिकार रही है।

मुंबई इंडियंस को पता है कि उनके पास स्थिति को पलटने के लिए पर्याप्त क्षमता है, लेकिन उन्हें लगातार एकजुट होकर प्रदर्शन करने की जरूरत है। दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो जीत से उनका लगातार तीन हार का क्रम टूटा लेकिन रोहित शर्मा के शतक के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम को हार मिली। हार्दिक पांड्या की फॉर्म और टीम में भूमिका पर सवाल उठ रहे है। इस ऑलराउंडर ने गेंदबाजी विभाग में जिम्मेदारी साझा करने की कोशिश की है, लेकिन उनकी 12 की इकोनॉमी रेट चिंताजनक है। गेराल्ड कोएत्जी (नौ विकेट) और आकाश मधवाल (चार विकेट) ने भी प्रति ओवर 10 रन से अधिक की दर से रन दिए हैं। बल्ले से भी पांड्या टीम को मजबूती देने में नाकाम रहे हैं।

साथ ही पांड्या ने इस सत्र में अब तक खेले सभी मैच में विभिन्न स्टेडियमों में प्रतिकूल माहौल का सामना किया है जिसका किसी खिलाड़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में रोहित और इशान किशन की फॉर्म मुंबई इंडियंस के लिए महत्वपूर्ण हो गई है।

संभावित टीमें

पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

नई दिल्ली। कोलकाता में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 31वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

चहल ने फेंका आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा स्पैल

कोलकाता। आईपीएल- 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के दौरान लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया है। चहल ने आईपीएल इतिहास में अपने चार ओवरों में सबसे ज्यादा रन देने का रिकॉर्ड बनाया है। चहल ने मैच में अपने 4 ओवरों के स्पैल में 54 रन देकर 1 विकेट लिया। इससे पहले उन्होंने 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार ओवर में 51 रन देकर 1 विकेट लिया था।

अंडर-16 क्रिकेट : अर्जुन के दोहरे शतक से कांगड़ा ने 7 विकेट पर बनाए 480 रन

अनंत ज्ञान, ऊना

अंडर-16 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का लीग मुकाबला कांगड़ा और सोलन के बीच में पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में मंगलवार को आरंभ हुआ था, जिसमें सोलन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 231 रन बनाए थे। कांगड़ा के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में बढ़त बनाई, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई। कांगड़ा ने पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 480 रन बनाए। इसमें अर्जुन पठानिया ने 210 रन तथा आदिल राणा ने 116 रन बनाए। मैच को बेनतीजा समाप्त घोषित किया गया। पहली पारी की बढ़त के आधार पर कांगड़ा की टीम को अधिक अंक मिले।

ऊना ने मंडी को पारी व एक रन से हराया

नादौन। अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में ऊना ने मंडी को पारी व एक रन से हराया। अमतर क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मैच के तीसरे दिन मंडी की टीम 35 ओवर में मात्र 91 रन ही बना सकी। ऊना के कार्तियेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट झटके। इससे पहले ऊना ने पहली पारी में 248 रन बनाए थे।

मुश्ताक अहमद बने बांग्लादेश के कोच

ढाका। पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद इस साल टी-20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन-गेंदबाजी कोच होंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि मुश्ताक अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम की टी-20 सीरीज से पहले तैयारी शिविर के लिए ढाका आएंगे।

मुश्ताक अहमद ने कहा, ''स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में बांग्लादेश क्रिकेट टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका के लिए उत्सुक हूं।'' मुश्ताक ने रंगना हेराथ की जगह ली है, जो जून 2021 में शामिल होने के बाद से दो साल तक इस भूमिका में थे।

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को नौ पदक

एजेंसी, बिश्केक



भारतीय दल ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप-2024 में नौ पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया। इन नौ पदकों में चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। छह दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 30 भारतीय पहलवानों ने भाग लिया। 30 पहलवानों में से दस ने पुरुष फ्रीस्टाइल, दस ने पुरुष ग्रीको-रोमन और 10 ने महिला फ्रीस्टाइल में भाग लिया।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल में, अंडर-20 एशियाई चैंपियन उदित ने 57 किग्रा में रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु (70 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने पहले दिन अपने-अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते।

वहीं, महिला कुश्ती में 23 साल की राधिका ने 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अंजू और हर्षिता ने क्रमश: 53 किग्रा और 72 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। पहलवान मनीषा (62 किग्रा) और अंतिम पंघाल (65 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंजू को फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जी हयांग किम से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हर्षिता महिलाओं के 72 किग्रा के स्वर्ण पदक मैच में चीन की कियान जियांग से 5-2 से हार गईं और रजत पदक हासिल किया। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और दो बार की एशियाई चैंपियन सरिता मोर, जो महिलाओं के 57 किग्रा में शामिल थीं, क्वार्टर फाइनल में अपना मैच हारकर खाली हाथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

पाकिस्तान में भारी बारिश का दौर, अब तक 69 लोगों की मौत

कराची। खाड़ी देशों के अलावा इन दिनों पाकिस्तान में भी भारी बारिश का दौर जारी है। पिछले 4 दिनों में बारिश के चलते करीब 69 लोगों की मौत हो गई है। ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। यहां 32 लोगों को जान गंवानी पड़ी। 1,300 से ज्यादा लोगों के घर भी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए हैं। बचाव दल लगातार बारिश में फंसे लोगों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। बारिश में इतने नुकसान के बाद, अभी और बारिश के अनुमान लगाए जा रहे हैं। पाकिस्तान में बेमौसम हुई इस बरसात की वजह जलवायु परिवर्तन को बताया जा रहा है। देश के बलूचिस्तान प्रांत में अब तक सामान्य से 353 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। इसके अलावा पूरे देश में भी औसत से 99 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। देश के कुछ भागों में अप्रैल महीने में अपेक्षा से ज्यादा गर्मी भी महसूस की जा रही है। ऐसे में पाकिस्तानी मौसम विभाग के अधिकारियों ने जलवायु परिवर्तन को ही इस बारिश की वजह बताई। खाड़ी देशों में भी इसी कारण बारिश देखने को मिल रही है।

भारत के कच्चे तेल आयात की कीमतों में 16 प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली। भारत के कच्चे तेल के आयात की कीमतों में 16 प्रतिशत की कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम चल रही हैं, जिसकी वजह से भारत ने कच्चे तेल का इस वित्तीय वर्ष में 16 प्रतिशत कम भुगतान किया। हालांकि इस वित्तीय वर्ष में भारत की अंतरराष्ट्रीय सप्लायर्स पर निर्भरता बढ़ी है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष में करीब 23 करोड़ टन कच्चे तेल का आयात किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बराबर ही है। हालांकि पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने कच्चे तेल के लिए 157.5 अरब डॉलर का भुगतान किया था और 2023-24 वित्तीय वर्ष में 132.4 अरब डॉलर का भुगतान किया।

रूस के ताजा हमले से थर्राया चेर्निहाइव शहर, 13 की मौत

कीव। दो साल से भी ज्यादा समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध कब थमेगा यह किसी को नहीं मालूम, लेकिन इस दौरान दोनों तरफ से किए जा रहे हमलों में रोजाना लोगों की जान जा रही है। बुधवार को यूक्रेन उत्तरी शहर चेर्निहाइव में रूस ने मिसाइल से हमला किया, इसमें 13 आम नागरिकों की मौत हो गई। हमले में बड़े पैमाने पर इमारतों और सरकारी बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। रूस के लगातार हवाई हमले तेज करने के बाद यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय समर्थन के लिए अपील तेज कर दी है।

नक्सलियों की मौत से बौखलाए आतंकियों ने बस्तर में की भाजपा नेता की हत्या

एजेंसी, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के एक दिन बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने यहां एक भाजपा नेता की हत्या कर दी है। इस हत्या के बाद से जहां घर में शोक की लहर छा गई, वहीं इलाके में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

अपने 29 साथियों की मौत से नक्सलियों में भारी बौखलाहट देखने को मिल रही है जिसके चलते उन्हें इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद जवानों की टीम ने सर्चिंग शुरू कर दी।

मामला बयानार थाना क्षेत्र से लगे दंडवन गांव का है। हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा भी छोड़ा है। नक्सलियों ने पर्चे में मृतक भाजपा नेता पर भ्रष्टाचार के साथ पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। साथ ही माओवादी ने बताया गया कि उप सरपंच उनकी बात नहीं मान रहा था, इसलिए उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस वारदात के बाद पुलिस बल,आईटीबीपी की टीम जांच में जुट गई है।

अब तक 50 नक्सलियों को ढेर कर चुके हैं लक्ष्मण केवट

रायपुर। लक्ष्मण केवट, छत्तीसगढ़ पुलिस का ऐसा नाम जो नक्सलियों में दहशत पैदा करता है। जिस मुठभेड़ में लक्ष्मण है, उसमें नक्सलियों को भागना पड़ेगा या जान खोना पड़ेगी। एक बार फिर ये बात साबित हुई, क्योंकि कांकेर के मुठभेड़ में लक्ष्मण केवट शामिल थे और डीआरजी टीम का नेतृत्व कर रहे थे। नतीजा छत्तीसगढ़ के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी सफलता पुलिस को मिली। एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में बड़ा माओ नेता शंकर राव भी मारा गया हैं, जबकि कई दूसरे इनामी नक्सली भी पुलिस की गोलियों का शिकार हुए हैं।

सलमान खान के घर फायरिंग का बिहार कनेक्शन आया सामने

एजेंसी, नई दिल्ली

सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब दोनों बदमाशों का बिहार कनेक्शन सामने आ रहा है।

दोनों पश्चिम चंपारण जिले के गौनाहा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस दोनों आरोपियों के परिवार से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने भुज से दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक गौनाहा थाने के मसही गांव निवासी विक्की गुप्ता (24) पिता साहेब साह व सागर कुमार (21) पिता योगेंद्र पाल हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

टेस्ला के शेयर में जबरदस्त गिरावट

नई दिल्ली: एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयर में 2024 में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर में गिरावट की वजह सेल्स ग्रोथ में आ रहा धीमापन माना जा रहा है, जिस वजह से हाल में कंपनी ने अपनी ग्लोबल वर्क फोर्स में करीब 10 प्रतिशत की कटौती की है।

अमेरिकी शेयर में लिस्टेड टेस्ला के स्टॉक में कारोबारी सत्र में 2.7 प्रतिशत की गिरावट हुई और यह फिसलकर 157.11 डॉलर पर बंद हुआ। इस कारण टेस्ला की मार्केट कैप 500 अरब डॉलर से नीचे चली गई।

तृणमूल कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

सीएए रद्द करेंगे, एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होने देंगे

एजेंसी, कोलकाता

लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल की सत्ताधारी ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने घोषणा पत्र जारी किया।

पार्टी के घोषणा पत्र में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) रद्द करेंगे और बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू नहीं होने देने का ऐलान किया गया है।

पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा गया है कि 'हमे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए खुशी हो रही है। दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की कसम खाते हैं। हम साथ में भाजपा के जमींदारों को उखाड़ फेकेंगे और सभी के सम्मानित जिंदगी सुनिश्चित करेंगे।'

25 वर्ष तक के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारक युवाओं को मासिक स्टाइपेंड के साथ 1 वर्ष की अप्रेंटिसशिप (किसी भी क्षेत्र में ट्रेनिंग) प्रदान की जाएगी

सिने जगत

'उलझ' के टीजर में उलझी जाह्नवी कपूर

मुंबई। जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'उलझ' को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस की इस फिल्म को लेकर फैंस खासा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इसी बीच हाल ही में 'उलझ' का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जो सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है। टीजर में जाह्नवी कपूर एक यंग डिप्लोमैट के रोल में शानदार दिख रही हैं।

वहीं एक्टिंग के अलावा एक्ट्रेस अपने दमदार डायलॉग से भी लोगों का दिल जीतती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि जाह्नवी कपूर ने इस फिल्म में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। इस फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है जोकि सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती है।

तृप्ति डिमरी ने दिखाया बोल्ड अवतार

बॉलीवुड स्टार तृप्ति डिमरी अपनी सिंपलिसिटी और बोल्डनेस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। अदाकारा तृप्ति डिमरी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कीं जिसमें अदाकारा बेहद बोल्ड नजर आईं।

अदाकारा तृप्ति डिमरी की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम की दुनिया में आते ही छाने लगी हैं। इन तस्वीरों में अदाकारा एक चादर जैसी दिखने वाली ड्रेस लपेटे दिखीं। मगर साथ ही उन्होंने अपना बैकलेस अवतार फैंस को दिखाया है जिस पर लोग जमकर कमेंट्स करते दिखे।

प्रेग्नेंसी में भी काम कर रही

दीपिका पादुकोण

नई दिल्ली। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण कुछ ही महीनों में मां बनने वाली हैं। सितंबर में उनके बच्चे का इस दुनिया में आगमन होगा। इस बात से रणवीर-दीपिका सहित उनका परिवार और फैंस तक बहुत एक्साइटेड हैं। प्रेग्नेंसी में अपना ख्याल रखने के साथ-साथ दीपिका काम पर भी पूरा फोकस कर रही हैं।

'सिंघम अगेन' की शूटिंग पर बेबी बंप के साथ नजर आईं एक्ट्रेस

रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' के सेट से दीपिका पादुकोण की फोटोज सामने आई हैं। पुलिस की वर्दी में दीपिका काफी स्टाइलिश और 'दंबग' नजर आ रही हैं। सामने आई फोटोज में दीपिका का छोटा सा बेबी बंप भी नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी में भी एक्ट्रेस को काम करता देख फैंस ने उनकी तारीफ की है। दीपिका की सुरक्षा के लिए उनकी बॉडी डबल भी वहां मौजूद थी। कहा जा रहा है कि दीपिका के एक्शन सीन उनकी बॉडी डबल ही कर रही हैं, ताकि गर्भवती स्टार को किसी तरह की परेशानी न हो।

'सिंघम अगेन' में दीपिका पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी।

फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम पुलिस अधिकारी 'शक्ति शेट्टी' के किरदार में दिखेंगी। बता दें कि फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

अमिताभ बच्चन को मिलेगा 'लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार'

हिंदी सिनेमा के मेगास्टार अमिताभ बच्चन पिछले कई दशक से दर्शकों का मनोरंजन करते हुए आ रहे हैं। उन्होंने अपनी दमदार अदाकारी के लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। इसी बीच एक और बड़ा खिताब महानायक को मिलने जा रहा है। मास्टर दीनानाथ मंगेशकर की 82वीं पुण्यतिथि के मौके पर 81 साल के हो चुके अमिताभ बच्चन को, एआर रहमान और रणदीप हुड्डा को सम्मानित किया जाएगा। 24 अप्रैल को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार इन सितारों को दिया जाएगा। ये सम्मान उन्हें उनके समाज में योगदान के लिए दिया जाएगा।